जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

कोटा

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

कोटा, शनिवार 29 जून, 2024

सत्यमेव जयते
राजस्थान सरकार



श्री नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री

मोदी की गारंटी
भजनलाल सरकार कर रही साकार



श्री भजनलाल शर्मा, मुख्यमंत्री

## युवाओं के लिए खुल रहे अवसरों के द्वार

# मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव

## मुख्य समारोह

29 जून, 2024 I प्रातः 11:00 बजे

टैगोर इंटरनेशनल स्कूल ऑडिटोरियम, मानसरोवर, जयपुर



**मुख्य अतिथि**

श्री भजनलाल शर्मा
माननीय मुख्यमंत्री

**अध्यक्षता**

कर्नल राज्यवर्धन राठौड़
माननीय मंत्री, कौशल, नियोजन एवं उद्यमिता विभाग

**विशिष्ट अतिथि**

श्री मदन दिलावर
माननीय मंत्री, शिक्षा एवं पंचायती राज विभाग

श्री गजेन्द्र सिंह खींवसर
माननीय मंत्री, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग

श्री के.के. विश्नोई
माननीय राज्यमंत्री, कौशल, नियोजन एवं उद्यमिता विभाग



राज्य एवं जिला स्तरीय रोजगार उत्सवों का निरंतर आयोजन

प्रथम रोजगार उत्सव में 20 हजार से अधिक नवनियुक्त राज्य कार्मिक शामिल

नवनियुक्त कार्मिकों को नियुक्ति पत्र एवं संवाद कार्यक्रम

"राज्य सरकार युवाओं के सपनों को साकार करने और उनके सुनहरे भविष्य के निर्माण के लिए दृढ़ संकल्पित होकर कार्य कर रही है। पारदर्शी, निष्पक्ष एवं समयबद्ध तरीके से भर्ती प्रक्रियाओं को पूर्ण कर सरकारी नौकरियों के रिक्त पदों को भरना हमारी मुख्य प्राथमिकता है। पेपर लीक जैसी घटनाओं को रोकने के लिए राज्य सरकार सख्ती से कार्यवाही कर रही है।"

- भजनलाल शर्मा, मुख्यमंत्री, राजस्थान

राजस्थान संवाद

कौशल, नियोजन एवं उद्यमिता विभाग, राजस्थान

## विचार बिन्दु

यदि किसी को भी भूख-प्यास नहीं लगती, तो अतिथि सत्कार का अवसर कैसे मिलता। –विनोबा

# बंजर होने से बचानी होगी कृषि भूमि

उपजाऊपन की दृष्टि से सबसे व्यर्थ जमीन को बंजर भूमि कहा जाता है। मरुस्थलीकरण तेजी से फैल रहा है, मिट्टी की उर्वरता लगातार घटती जा रही है। ऐसे में बंजर भूमि का बढ़ना एक चुनौती बनती जा रही है। भूमि के बंजर होने की समस्या ने आज दुनिया के सामने एक बड़ी चुनौती पैदा कर दी है। भारत की बात करें तो यहां उपजाऊ भूमि के बंजर होने का खतरा निरंतर बढ़ता ही जा रहा है। एक रिपोर्ट के अनुसार दुनिया में मात्र 11 प्रतिशत जमीन ही उपजाऊ है। मरुस्थलीकरण का क्षेत्रफल बढ़ता जा रहा है। भारत में कुल 32 करोड़ 90 लाख हेक्टेयर जमीन में से 12 करोड़ 95 लाख 70 हजार हेक्टेयर भूमि बंजर बताई जा रही है। बंजरपन का रकबा साल दर साल बढ़ता ही जा रहा है जिसे सख्ती से रोका नहीं गया तो देश में अनाज का संकट खड़ा हो सकता है। कृषि भूमि का मरुस्थलीकरण और बंजर होने का खतरा धीरे-धीरे करीब एक अरब लोगों की जिंदगी के लिए खतरा बन चुका है। इसी के साथ लाखों तरह की वनस्पति प्रजातियों के भी विलुप्तिकरण का खतरा बन चुका है। खेती पर निर्भर लोग पलायन को मजबूर हैं। अनुमान यह है कि इस सदी के मध्य तक धरती की एक चौथाई मिट्टी बंजर हो चुकी होगी। अभी से इसकी चिंता ना की गई तो, यह संकट बड़े मानवीय संकट में बदल सकता है।

जलवायु परिवर्तन सहित सूखा, बाढ़,जहरीले कीटनाशकों के तेजी से इस्तेमाल, वनों की कटाई, अधिक चराई, खराब सिंचाई और अत्यधिक जल दोहन के कारण भू-जल स्तर में निरंतर गिरावट आने से उपजाऊ धरती मरुस्थल का रूप धारण करती जा रही है। विश्व के समक्ष यह एक बड़ी समस्या है जो दिन प्रतिदिन गहराती जा रही है। हमारे लाख प्रयासों के बावजूद मरुस्थल का फैलाव रोका नहीं जा सका है। इस समस्या की जड़ में एक वजह मानवजनित कारणों को बताया जा रहा है।

नीति आयोग के अनुसार भारत में 67.30 लाख हेक्टेयर भूमि कृषि योग्य भूमि में शर्तिया और लवणता बढ़ने के कारण यह भूमि बंजर हो चुकी है। इस बंजर भूमि में से लगभग 37.70 लाख हेक्टेयर भूमि क्षारीय है। और 29.60 लाख हेक्टेयर भूमि लवणीय है। अभी तक इस बंजर भूमि में लगभग 20 लाख हेक्टेयर क्षारीय भूमि को और लगभग 70 हजार हेक्टेयर लवणीय भूमि को फिर से उपजाउ बनाया जा चुका है। बचे हुए बंजर भूमि को फिर से उपजाऊ बनाने के प्रयास किया जा रहे हैं, लेकिन यह एक बड़ी चुनौती है।

संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट के अनुसार दुनिया हर साल 24 अरब टन उपजाऊ भूमि खो देती है। भूमि की गुणवत्ता खराब होने से राष्ट्रीय घरेलू उत्पाद में हर साल आठ प्रतिशत तक की गिरावट आ सकती है। भूमि क्षरण और उसके दुष्प्रभावों से मानवता पर मंडराते जलवायु संकट के और गहराने की आशंका है। मरुस्थलीकरण, भूमि क्षरण और सूखा बड़े खतरे हैं जिनसे दुनिया भर में लाखों लोग, विशेषकर महिलाएं और बच्चे, प्रभावित हो रहे हैं। इससे निपटने के लिए वैश्विक प्रयासों की महती जरुरत है। मरुस्थल या रेगिस्तान ऐसे भौगोलिक क्षेत्रों को कहा जाता है जहां जलपात (वर्षा तथा हिमपात का योग) अन्य क्षेत्रों की अपेक्षा काफी कम होती है। मरुस्थलीकरण की परिभाषा के अनुसार यह जमीन के खराब होकर अनुपजाऊ हो जाने की ऐसी प्रक्रिया है जिसमें जलवायु परिवर्तन तथा मानवीय गतिवधियों समेत अन्य कई कारणों से शुष्क, अर्द्ध-शुष्क और निर्जल अर्ध-नम इलाकों की जमीन रेगिस्तान में बदल जाती है। इससे जमीन की उत्पादन क्षमता में कमी और ह्रास होता है। एशियाई देशों में मरुस्थलीकरण पर्यावरण सम्बन्धी एक प्रमुख समस्या है।

**भारत में कुल भूमि क्षेत्रफल करीब 329 मिलियन हेक्टेयर है। इसमें खेती करीब 144 मिलियन हेक्टेयर में होती है, जबकि लगभग 178 मिलियन हेक्टेयर भूमि बंजर है। इसे सुधारने के लिए लगातार प्रयास किया जा रहा है। वहीं असिंचित एवं डूब से प्रभावित जमीन को भी खेती योग्य बनाया जा रहा है।**

मरुस्थलीकरण शुष्क, अर्द्ध शुष्क और शुष्क उप-आर्द्र जैसे विभिन्न क्षेत्रों में भूमि का क्षरण है। मुख्य रूप से, यह मानवीय गतिविधियों और फिर जलवायु परिवर्तन के कारण होता है। इसका मतलब मौजूदा रेगिस्तानों का विस्तार नहीं है, बल्कि यह शुष्क भूमि पारिस्थितिक तंत्र, वनों की कटाई, अधिक चराई, खराब सिंचाई कार्य प्रणाली आदि के कारण होता है जो भूमि की उत्पादकता को प्रभावित करता है।

भारत में कुल भूमि क्षेत्रफल करीब 329 मिलियन हेक्टेयर है। इसमें खेती करीब 144 मिलियन हेक्टेयर में होती है, जबकि लगभग 178 मिलियन हेक्टेयर भूमि बंजर है। इसे सुधारने के लिए लगातार प्रयास किया जा रहा है। वहीं असिंचित एवं डूब से प्रभावित जमीन को भी खेती योग्य बनाया जा रहा है। देश में करीब 71 लाख हेक्टेयर भूमि मृदा ऊसर से प्रभावित है। जबकि पूरे विश्व में यह आँकड़ा लगभग 9520 हेक्टेयर के करीब बताया जाता है। जो मृदा ऊसर से प्रभावित है, इसे भी खेती योग्य बनाने की कवायद चल रही है।

आँकड़े बताते हैं कि भारत में वर्ष 1951 में मनुष्य भूमि अनुपात 0.48 हेक्टेयर प्रति व्यक्ति है, जो दुनिया के न्यूनतम अनुपातों में से एक है। वर्ष 2025 में घटकर यह आंकड़ा 0.23 हेक्टेयर होने का अनुमान है। ऐसे में खेती की मृदा संरक्षण के जरिए एक बड़ी चुनौती से निबटा जा सकता है। ऐसे में उपजाऊ मिट्टी की सुरक्षा के साथ ही अनुपजाऊ मिट्टी को भी कृषि योग्य बनाया जा रहा है।

स्पेस एप्लीकेशंस सेंटर (एसएसी) द्वारा मरुस्थलीकरण और भूमि की गुणवत्ता के गिरते स्तर पर बनाये देश के पहले एटलस के अनुसार भारत के कुल भौगोलिक क्षेत्र का तकरीबन 30 फीसदी हिस्सा मरुस्थल में तब्दील हो चुका है। इसके अलावा देश के 69 फीसदी हिस्से को शुष्क क्षेत्र के तौर पर वर्गीकृत किया गया है। देश के सामने उपजाऊ भूमि के क्षरण का यह एक बड़ा खतरा है जिसे रोकने के लिए सामूहिक प्रयासों की महती जरुरत है। देश में बढ़ रहे मरुस्थलीकरण के आंकड़े बेहद चौंकाने वाले है। बंजरपन बढ़ रहा है और साथ ही मिट्टी का कटाव भी बढ़ रहा है। देश का 30 प्रतिशत भौगोलिक क्षेत्र मरुस्थलीकरण की चपेट में है। तीन मिलियन हेक्टेयर अतिरिक्त भूमि पिछले 15 वर्षों में ख़राब हुई है। देश में प्रति मिनट 23 हेक्टेयर शुष्क भूमि सूखे और मरुस्थलीकरण की चपेट में आ जाती है जिसकी वजह से 20 मिलियन टन अनाज का संभावित उत्पादन प्रभावित होता है। देश का 70 प्रतिशत भौगोलिक क्षेत्र शुष्क भूमि के रूप में है जबकि 30 प्रतिशत जमीन भूक्षरण और 30 प्रतिशत भूमि मरुस्थलीकरण की प्रक्रिया से गुजरती है। भारत सरकार द्वारा विभिन्न योजनाएँ शुरू की गई हैं जैसे प्रधानमंत्री आवास बीमा योजना, मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना, मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन योजना, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना प्रति बूंद अधिक फसल, आदि। ये सब भूमि क्षरण को कम करने में मदद कर रहे हैं।

**–अतिथि संपादक,**
**बाल मुकुन्द ओझा**
**वरिष्ठ लेखक एवं पत्रकार**

## राशिफल शनिवार 29 जून, 2024



पंडित अनिल शर्मा

आषाढ़ मास, कृष्ण पक्ष, अष्टमी तिथि, शनिवार, विक्रम संवत 2081, उत्तरा भाद्रपद नक्षत्र प्रातः 3:49 तक, शोभन योग सांय 6:54 तक, कौलव करण दिन 2:20 तक, चन्द्रमा आज मीन राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य-मिथुन, चन्द्रमा-मीन, मंगल-मेष, बुध-मिथुन, गुरू-वृष, शुक्र-मिथुन, शनि-कुम्भ, राहु-मीन, केतु-कन्या राशि में।

आज बुध कर्क राशि में दिन 12:27 पर प्रवेश करेगा। शानि वक्री रात्रि 12:40 पर होगा। आज बोहरा अष्टमी, पंचक है।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** शुभ 7:22 से 9:05 तक, चर 12:30 से 2:12 तक, लाभ-अमृत 2:14 से 5:38 तक।

**राहूकाल:** 9:00 से 10:30 तक। सूर्योदय 5:40, सूर्यास्त 7:20



### मेष

घर-गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। पारिवारिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। आज अनर्गल कार्यों में समय खराब हो सकता है।



### वृष

आर्थिक/वित्तिय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता अभी यथावत बनी रहेगी।




### मिथुन

व्यावसायिक कार्यों के लिए बाहर जाना पड़ सकता है। नौकरीपेशा व्यक्तियों को अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है। व्यावसायिक कार्य सुगमता से बनने लगेंगे। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।



### कर्क

नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। व्यावसायिक प्रयासों में उचित सफलता मिलेगी। परिवार में मनोरंजन पर खर्च हो सकता है।



### सिंह

अपनी कार्य योजना को सीमित रखें। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। बनते कार्य बिगड़ सकते हैं। नवीन कार्यों को टालना ठीक रहेगा।



### कन्या

व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। व्यावसायिक कार्य सुगमता से बनने लगेंगे। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी। परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा।



### तुला

व्यावसायिक कार्यों के संबंध में शुभ संदेश प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। व्यावसायिक कार्य व्यवस्थित होने लगेंगे। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।



### वृश्चिक

व्यावसायिक आर्थिक मामलों मामलों में लापरवाही ठीक नहीं रहेगी। व्यावसायिक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं।



### धनु

घर-परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा। परिवार में आपसी वाद-विवाद टालना ठीक रहेगा। खान-पान के कारण स्वास्थ्य खराब हो सकता है। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।




### मकर

परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। मित्रों/रिश्तेदारों के सहयोग से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। घर-परिवार में महत्वपूर्ण कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।



### कुंभ

व्यावसायिक कार्यों से संबंधित वार्ता सफल रहेगी। प्रयासों में उचित सफलता मिलेगी। नौकरीपेशा व्यक्तियों को उच्चाधिकारियों का सहयोग मिलेगा। आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी। धार्मिक कार्यों में सहभागिता रहेगी।



### मीन

मनोस्थिति में सुधार होगा। मानसिक तनाव से राहत मिलेगी। मनोबल-आत्मविश्वास बढ़ेगा। आवश्यक कार्य योजनानुसार बनने लगेंगे। व्यावसायिक वार्ता के लिए दिन अच्छा रहेगा।

# पानी में मीन पियासी रे!



डॉ. रामावतार शर्मा

संयुक्त राज्य अमेरिका को विश्व का सबसे धनी देश माना जाता है। अमेरिका जाना और वहां जा कर अपना भाग्य चमकाना कितने ही लोगों का सपना है। परंतु कितने लोग हैं जो अमेरिका को तथ्यों पर परखने का प्रयास करते हैं? अभी इसी महीने अमेरिका की प्रसिद्ध पत्रिका टाइम में वहां के एक राज्य केण्टुकी के ग्रामीण इलाकों के बारे में लेख लिखा गया है जो एकदम चौंकाने वाला है। खास बात यह है कि यह लेख वहां की गोरी आबादी के बारे में लिखा गया है। लेख के अनुसार केण्टुकी के ग्रामीण अंचल का जीवन बड़ा कष्टपूर्ण है। इस राज्य की अधिकतर आबादी नशीली दवाओं, हिंसा, पुलिस कस्टडी आदि के चक्र में अपना जीवन बिताती नजर आती है। लेख में एक युवक ने अपने जीवन में इस तरह के वातावरण के कुप्रभावों का जिक्र किया है। 2024 में प्रकाशित एक अमेरिकी पुस्तक 'व्हाइट रूरल रेज' के अनुसार ग्रामीण अमेरिका वृहद अमेरिका के लिए एक बड़ा खतरा है क्योंकि ये असफल एवम मानसिक तौर पर अस्थिर लोग अतिवादी होते हैं और धुर दक्षिण पंथ की तरफ अग्रसर हो कर हिंसा फैलाते हैं। यहां लेखकों द्वारा लोगों को दोषारोपित करना उचित नहीं लगता क्योंकि लोग तो तंत्र के प्रभाव से सार्थक या निरर्थक जीवन की तरफ अग्रसर होते हैं।

इसके विपरीत यदि तथाकथित वामपंथी रूस की तरफ जाएं तो बोल्शेविक क्रांति ने आम नागरिक के जीवन को उठाने की बजाय अति धनी तथा प्रभावशाली ओलिगार्क प्रणाली को जन्म दिया जिसने आज के रूस को पूरी तरह से नियंत्रित कर रखा है। ये ओलिगार्क्स प्राचीन रूसी जार से भी अधिक एश-ओ-आराम का जीवन जी रहे हैं। एक अन्य उदाहरण में 1932-33 के यूक्रेनियन होलोडोमोर का है जो अत्याचारी स्टालिन के मनुष्य निर्मित महा अकाल के रूप में जाना जाता है। सामूहिक खेती के नाम पर सरकारी तंत्र ने मूर्खतापूर्ण तथा दमनकारी निर्णय ले कर यूरोप के इस अन्न भंडार माने जाने वाले क्षेत्र में ऐसी स्थिति पैदा कर दी थी जिसके फलस्वरूप लाखों लोग भूख से मर गए थे। आज फिर यूक्रेन का रूस से युद्ध जारी है। कई पश्चिमी विचारकों का मानना है कि युद्ध बंद होने के बाद रूस के ओलिगार्क्स की तरह यूक्रेन में भी यूरोपियन धन्नासेठ वहां के खेत खलिहानों पर कब्जा कर लेंगे और लोगों का जीवन कष्टदायक ही बना रहेगा।

इधर भारत में भी राष्ट्रीय संपदा गिने चुने औद्योगिक घरानों के हाथों में सिमटती जा रही है और स्थितियां इस तरह की बन रही हैं जहां छोटे एवम् मझोले उद्यमियों का टिका रह पाना कठिन होता जा रहा है। विश्व में हो रहे परिवर्तनों को हम नकार रहे हैं या फिर अनदेखा कर रहे हैं। इस नीति के परिणाम भविष्य में देखने पड़ सकते हैं परंतु तब तक बड़ा नुकसान हो चुका होगा। इतिहास इंगित करता है कि यदि 1940 में ब्रिटेन के प्रधानमंत्री विंस्टन चर्चिल ने हिटलर के शांति प्रस्तावों को स्वीकार कर लिया होता तो न तो लाखों यहूदी मारे जाते, न आज का इजरायल अरब संघर्ष जन्म लेता और ना ही ब्रिटिश साम्राज्य का इतना शीघ्र पतन होता। वास्तविकता को नकारना, अनदेखा करना इसलिए विकसित होता है क्योंकि सरकार और वृहद समाज के बीच कोई संपर्क नहीं होता है। चंद जाति, नस्ल, स्थान एवम् धर्म विशेष के लोगों को सरकार या संगठन में स्थान देकर मान लिया जाता है कि सबकुछ ठीक हो जायेगा परंतु वास्तविकता में ऐसा होता नहीं है।

संचार क्रांति से देश दुनिया के विभिन्न लोग एक दूसरे के संपर्क में आने लगे हैं। ऐसे माहौल में बरगलाने और ध्यान भटकाने वाली नीतियों से अल्पकालीन फायदे तो हो सकता हैं परंतु दीर्घकाल में बिखराव की संभावनाएं बढ़ जाती हैं। वृहद जनमानस समय-समय पर निरंकुशता के फन को कुचलता रहा है, शासक के दंभ अहंकार पर प्रहार करता रहा है परंतु अतिवादी दृष्टिकोण की अपनी शक्ति होती है जो किन्ही विशिष्ट परिस्थितियों में प्रचंड हो सकती है और जनतांत्रिक ताने बाने को नष्ट कर सकती। इसलिए बेहतर होगा कि देश की सरकार में बैठे लोगों का प्रथम उद्देश्य सत्ता में बने रहना मात्र नहीं होना चाहिए बल्कि लगातार बदलती स्थितियों को समझने के लिए व्यापक जनसंपर्क द्वारा लोगों की आवश्यकताओं और भावनाओं का विश्लेषण कर नीतियां निर्मित करनी चाहिए। शासन करना एक जटिल कार्य है इसलिए सत्ता के शिखर पर बैठे लोगों को बड़ी आलोचना सुनने के लिए अपने मानस पटल को खुला रखना चाहिए। जाति और धर्म के सहारे सत्ता में आए लोगों की सार्थक आलोचना भी एक खतरनाक कार्य होता है इसलिए आलोचक चुप हो जाते हैं। शासक भूल जाता है कि आलोचक ही वास्तविक मित्र होता है जबकि समर्थक तो लकीर के फकीर होते हैं जिनसे वोट तो मिलते हैं परंतु उनसे किसी मार्गदर्शन की आशा नहीं की जा सकती है।

**–डॉ. रामावतार शर्मा,**
**( चिकित्सक एवं लेखक )**

# भारतीय साहित्य का अनुवाद चुनौतीपूर्ण : प्रो. ज्यांग जिंग खुई

## हिन्दू कॉलेज में हिंदी विभाग द्वारा काव्यानुवाद की चुनौतियां विषय पर व्याख्यान आयोजित

**दिल्ली।** हिन्दू कॉलेज में हिंदी विभाग द्वारा "काव्यानुवाद की चुनौतियां" विषय पर व्याख्यान आयोजित हुआ। भारत का साहित्य अत्यंत विपुल और वैविध्यपूर्ण है, उसका चीनी भाषा में अनुवाद किसी चुनौती से कम नहीं है। सूरसागर, गोदान तथा शेखर एक जीवनी जैसी कृतियों का चीनी में अनुवाद करने वाले प्रसिद्ध विद्वान प्रो. ज्यांग जिंग खुई ने कहा कि भारत और चीन भले ही पड़ोसी मुल्क हैं किंतु उनकी संस्कृति और सभ्यता में बुनियादी फर्क है।

उदाहरण देते हुए प्रो. ज्यांग जिंग खुई ने कहा कि चीन के लोग भगवान पर नहीं बल्कि खुद पर, अपने माता-पिता और अन्य लोगों पर ज्यादा भरोसा रखते हैं। भक्तिकालीन साहित्य के अनुवाद करने में यह बुनियादी फ़र्क़ बड़ा प्रभावशाली हो जाता है, क्योंकि इस साहित्य को चीनी लोकमानस के अनुसार अनुवादित करना आसान नहीं होता। प्रो. ज्यांग जिंग खुई ने हिंदू महाविद्यालय के हिंदी विभाग द्वारा आयोजित एक समारोह में काव्यानुवाद की चुनौतियाँ विषय पर बोलते हुए चीन में भारतीय साहित्य के अनुवाद की लम्बी परंपरा की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जू फैनचेंग, ची श्यैनलिन, जिन केमू, लियू अनवु, जिन डिंगहान, हुआंग बाओशेंग और शुए ख छिओ जैसे मूर्धन्य विद्वानों ने चीनी भाषा में उपनिषद, नाट्यशास्त्र, वाल्मीकि रामायण, भगवत् गीता से लेकर कालिदास की अनेक रचनाओं तक के अनुवाद में अपना जीवन समर्पित किया है। बीजिंग विश्वविद्यालय में हिन्दी के आचार्य प्रो. खुई ने कहा कि 2024 वह साल है जब चीन महान कवि रवीन्द्रनाथ ठाकुर की चीन यात्रा की शताब्दी मना रहा है और उनके साहित्य तथा अवदान को श्रद्धा के साथ याद कर रहा है।

- **'भारत और चीन भले ही पड़ोसी मुल्क हैं किंतु उनकी संस्कृति और सभ्यता में बुनियादी फर्क है'**
- **प्रसिद्ध विद्वान प्रो. ज्यांग जिंग खुई ने सूरसागर, गोदान तथा शेखर एक जीवनी जैसी कृतियों का चीनी में अनुवाद किया है**
- **नयी वैश्विक परिस्थितियों में अनुवाद अत्यंत महत्वपूर्ण सांस्कृतिक गतिविधि बन गया है, जो विभिन्न देशों के लोगों को आपसे में जोड़ने का काम करता है : प्रो.अनिल राय**

प्रो. ज्यांग ने काव्यानुवाद की चुनौतियों पर कहा कि पंक्तियों की ध्वन्यात्मकता,लयात्मकता, पंक्तियों के बीच का मौन, शब्द, प्रतीक एवं सबसे ज्यादा भावों के अनुवाद में समस्या आती है। उन्होंने नायिका के सौंदर्य का चीनी भाषा में अनुवाद के समय की अपनी चुनौतियों को साझा करते हुए बताया कि चीनी सभ्यता के लोग किसी स्त्री के बालों को सर्प और आंखों को कमल के फूल की उपमा नहीं समझ पाते हैं। ऐसे में अनुवादक के समक्ष चुनौती प्रस्तुत होती है, क्योंकि चीन के लोगों की आंखें ही प्राकृतिक रूप से प्रायः छोटी होती हैं। अनुवाद की मौलिकता पर केंद्रित एक प्रश्न का उत्तर देते हुए प्रो. जियांग ने कहा कि अनुवाद एक स्वतंत्र, मौलिक एवं रचनात्मक इकाई के रूप में होती है जिसमें अनुवादक अपने भावों और विचारों के अनुरूप ही अनुवाद करता है।

इससे पहले महाविद्यालय परिसर में पहुंचने पर महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. अंजू श्रीवास्तव ने प्रो. ज्यांग जिंग खुई का स्वागत करते हुए कहा कि हिन्दू कॉलेज की पुरानी और समृद्ध परम्परा में भारतीय उपमहाद्वीप तथा एशिया के अनेक देशों के विद्यार्थी जुड़े हैं। उन्होंने कहा कि प्रो. खुई की यह यात्रा इस सम्बन्ध में और अधिक उपादेय होगी जब दोनों देशों के विद्यार्थियों में सांस्कृतिक अध्ययन की गति तेज होगी। आयोजन के विशिष्ट अतिथि दिल्ली विश्वविद्यालय के हिन्दी विभाग के प्रो. अनिल राय ने प्रो. खुई के साथ व्यतीत अपने चीन प्रवास को याद करते हुए अविस्मरणीय अनुभव बताया।

प्रो. अनिल राय ने कहा कि नयी वैश्विक परिस्थितियों में अनुवाद अत्यंत महत्वपूर्ण सांस्कृतिक गतिविधि बन गया है जो विभिन्न देशों के लोगों को आपसे में जोड़ने का काम करता है। हिन्दी विभाग की प्रभारी प्रो. रचना सिंह ने प्रो. खुई तथा उनके शिष्य हे यांग का स्वागत किया। प्रो. सिंह ने हिंदी विभाग द्वारा की जा रही विभिन्न गतिविधियों की जानकारी भी प्रो. खुई को दी। विभाग के विद्यार्थियों दिव्यांश प्रताप सिंह तथा मोहित कुमार ने प्रो. खुई को महाविद्यालय की वार्षिक पत्रिका इंद्रप्रस्थ तथा विभाग की हस्तलिखित पत्रिका हस्ताक्षर के ताज़ा अंक भेंट किये।

हिंदू महाविद्यालय के वरिष्ठ अध्यापक प्रो. रामेश्वर राय ने कहा कि चीन से तकनीक तथा विज्ञान के साथ साहित्य के क्षेत्र में भी प्रेरणा ली जानी चाहिए जहाँ अनुवाद की ऐसी शानदार परम्परा बन गई है। प्रो. राय ने कहा कि प्राकृतिक उपमाएं अनुवाद में भले ही बड़ी चुनौती हों किंतु भारतीय संस्कृति में सौंदर्य को हमेशा से ही प्रकृति से अभिन्न माना गया है और देह से मुक्त होकर प्रकृति की ओर उन्मुखता सौंदर्य की व्यापकता को और बढ़ा देता है। कमल की उपमा का उदाहरण देकर उन्होंने कहा कि कमल संभावनाओं एवं सात्विकता को व्यक्त करता है क्योंकि वह सूर्य के उदय के साथ खिलता है।

कार्यक्रम के समापन पर विभाग के अध्यापक डॉ. पल्लव ने आभार प्रकट किया। कार्यक्रम में हिंदी विभाग एवं ईस्ट एशियन स्टडीज के अनेक शोधार्थी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# मूलभूत समस्याओं को लेकर लोगों में आक्रोश

## कांग्रेस नेताओं ने लोगों के साथ जलदाय विभाग के अधिकारियों का घेराव किया



**भीलवाड़ा में लोगों ने जलदाय विभाग के अधिकारियों का घेराव किया।**

**भीलवाड़ा,** (निसं)। जलदाय विभाग, चम्बल परियोजना और सीवरेज ठेकेदार की लापरवाहियों का खामियाजा इन दिनों शहरवासी भुगत रहे हैं। आए दिन अलग-अलग कॉलोनियों में पाइप लाइन तोड़े जाने और जलापूर्ति प्रभावित होने की खबरें आम हो गई हैं, लेकिन इन विभागों की तरफ से कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है, इसलिए शुक्रवार को कांग्रेस नेताओ ने लोगों के साथ जलदाय विभाग के अधिकारियों का घेराव करते हुए पीपा बजा कर उन्हें कुंभकर्ण नींद से जगाने का प्रयास किया। नेता प्रतिपक्ष धर्मेंद्र पारीक और सेवादल के मनोज पालीवाल के नेतृत्व में बड़ी संख्या में लोग विभाग के कार्यालय पहुंचे और पांच सूत्रीय मांगों को लेकर एक ज्ञापन सौंपा। इस दौरान लोगों ने अधिकारियों का घेराव करते हुए पीपा बजाकर उन्हें आमजन की समस्याओं को सुनने के लिए जगाने का प्रयास किया। ज्ञापन में शहर में पर्याप्त जलापूर्ति करने, निश्चित तारीख और समय पर आपूर्ति करने, सीवरेज द्वारा बार- बार पाइप लाइन को बाधित करने के संबंध में स्थाई तौर पर निर्णय करने, दूषित जल जो लीकेज के कारण पाइप लाइनों में आ जाता है उसका सर्वे करवा ठीक करने और शहर के सभी हेंडपैंपों को और पुरानी जलदाय विभाग की ट्यूबवेल दुरस्त करने की मांग की गई।

# कुश्ती प्रतियोगिता में अश्विनी बिश्नोई का पदक जीतने पर स्वागत

## अश्विनी बिश्नोई ने 15 वर्ष आयु और 65 किलोग्राम भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीता

**भीलवाड़ा,** (निसं)। पहलवानी के क्षेत्र में एक बार फिर भीलवाड़ा की बेटी ने जिले का नाम पूरे देश में ही नहीं दुनिया में रोशन किया है। जॉर्डन की राजधानी अम्मान में संपन्न हुई एशियन कुश्ती प्रतियोगिता में भारत के लिए गोल्ड मेडल जीतने वाली अश्विनी बिश्नोई भीलवाड़ा की बेटी है, जिसने विदेशी सरजमीं पर अपनी काबिलियत और बलबूते पर देश और प्रदेश के साथ अपने परिवार का नाम रोशन किया है। पदक जीतने पर रेलवे स्टेशन पर अश्विनी बिश्नोई का आतिशबाजी के साथ भव्य स्वागत करने के बाद जुलूस निकाला गया।

जब अश्विनी बिश्नोई के एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप में 15 वर्ष आयु और 65 किलोग्राम भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीतने की खबर सुनते ही उसके घर शुभकामनाओं का तांता लग गया। 15 वर्षीय एशियन चैंपियन ने 65 किलोग्राम भार वर्ग में लगातार दूसरी बार भारत के लिए गोल्ड मेडल जीतकर अपने देश और माता-पिता का नाम रोशन किया है।

विजेता अश्वनी बिश्नोई ने चीन की पहलवान को हराकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। भीलवाड़ा की इस खिलाड़ी की एशियन कुश्ती प्रतियोगिता में यह लगातार दूसरी जीत है। अश्विनी के पिता मुकेश बिश्नोई एक मिल में मजदूरी करते हैं।

- **अश्विनी बिश्नोई का भीलवाड़ा रेलवे स्टेशन पर आतिशबाजी के साथ भव्य स्वागत करने के बाद जुलूस निकाला गया**

जानकारी के मुताबिक मुकेश बिश्नोई खुद भी पहलवान थे, लेकिन घर की जिम्मेदारियों और आर्थिक स्थिति कमजोर होने की वजह से आगे कुश्ती नहीं लड़ पाए और देश के लिए कुश्ती में मेडल जीतने का सपना अधूरा ही रह गया। अब उनका मेडल जीतने का सपना उनकी बेटी ने पूरा किया है। बेटी के भीलवाड़ा पहुंचने पर शहरभर ने उसका स्वागत किया। रेलवे स्टेशन पर आतिशबाजी के साथ भव्य स्वागत करने के बाद जुलूस निकाला गया, जिस पर कई जगह शहरवासियों ने पुष्प वर्षा कर अश्विनी बिश्नोई का स्वागत किया।

# जैन समाज की 111 प्रतिभावान बेटियों का सम्मान

**उदयपुर,** (का.सं.)। सामाजिक संस्था श्री महावीर युवा मंच संस्थान, महिला प्रकोष्ठ द्वारा सौ फीट रोड स्थित शुभकेसर गार्डन में शुक्रवार को जैन समाज की 111 प्रतिभावान बेटियों का सम्मान समारोह हुआ। महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्षा ऋतु मारू एवं महामंत्री अमिता डांगी ने बताया कि समारोह में मुख्य अतिथि शहर विधायक ताराचंद जैन व समारोह की अध्यक्षता जयनारायण विश्व विद्यालय के रजिस्ट्रार ओपी जैन ने की। सम्मानित अतिथि के रूप में राजसमंद विधायिका दीप्ति किरण माहेश्वरी, संस्थान के मुख्य संरक्षक राजकुमार फत्तावत एवं बडाला क्लासेज के निदेशक राहुल बडाला थे।

इस अवसर पर विधायक ताराचंद जैन ने कहा कि बेटियां दो परिवारों की धरोहर होती है। इसको सहेजना और संवारना समाज कर्तव्य है। 90 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाली 111 जैन समाज की बेटियों ने अपने टेलेन्ट से अपने आप का सिद्ध किया है। समाज भी इन बेटियों के प्रति अपना दायित्व समझते हुए इन्हे हर क्षेत्र में आगे बढ़ाने का प्रयास करें। संस्थान के मुख्य संरक्षक एवं सकल जैन समाज के अध्यक्ष राजकुमार फत्तावत ने कहा कि संस्थान की महिला प्रकोष्ठ ने केवल बेटियों का सम्मान कर एक अनुठी पहल की है। इस अवसर पर फत्तावत ने प्रतिवर्ष जैन समाज की 5 बेटियों को गोद लेकर इनकी शिक्षाए भरण-पोषण आदि का कार्य करने का भामाशाह जयन्ती पर संकल्प लिया एवं प्रकोष्ठ की बहिनों से सभी बेटियों को स्मार्ट व सशक्त गर्ल्स बनाने का आव्हान किया।

आयोजन की संयोजिका प्रिया झगडावत, चित्रलेखा तलेसरा, सुनीता बेलावत ने बताया कि सभी अतिथियों ने 111 बेटियों को प्रशस्ति पत्र, मेडल, उपरणा, श्रीफल व तिलक द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर संस्थान के अध्यक्ष अशोक कोठारी, महामंत्री विजयलक्ष्मी गलूंडिया, बीजेएस अध्यक्ष यशवंत कोठारी, कार्यकारी अध्यक्ष दीपक सिंघवी, महामंत्री भूपेन्द्र गजावत, जेजेसी अध्यक्ष सुधीर चित्तौड़ा, कार्यकारी अध्यक्ष अरूण मेहता, महामंत्री सोनाली जैन, बीजेएस प्रदेश महामंत्री श्याम नागोरी, कोर्डिनेटर चन्द्रप्रकाश चौरडिया आदि मौजूद रहे।

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

epaper.rashtradoot.com

कोटा

Rashtradoot

फोनः- 2386031, 2386032 फैक्सः- 0744-2386033 वर्षः 49 संख्याः 256 प्रभात कोटा, शनिवार 29 जून, 2024 कोटा/24/2012-14 पृष्ठ 8 मूल्य 2.50 रु.

## लोकसभा में राहुल गाँधी व राज्यसभा में खड़गे का माइक ''म्यूट''?

### सोशल मीडिया पर दिनभर वायरल रही यह खबर

-रेण मित्तल-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 28 जून। क्या प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी स्वयं अपने दुश्मन बन गए हैं? क्या उनकी ज़िद भाजपा को क्षति पहुँचा रही है और ऐसा परिदृश्य पैदा कर रही है, जिसमें ऐसा लग रहा है कि, वो आम आदमी के मुद्दों के साथ जुड़े हुए नहीं हैं?

भाजपा के एक वरिष्ठ सदस्य ने कहा कि, यदि संसद में नीट के मुद्दे पर बहस की अनुमति दे दी जाती तो यह भाजपा के हित में होता और एक बार जब मुद्दे पर पूरी तरह बहस हो जाती तो उसको लेकर जो दबाव बन रहा है वो थोड़ा कम हो जाता और ऐसा लगता है कि, भाजपा इस मुद्दे को लेकर चिंतित है तथा देश के युवाओं के लिए बोल रही है।

लेकिन, हुआ क्या? ओम बिड़ला तथा जगदीप धनखड़ ने विपक्ष को यह मुद्दा उठाने नहीं दिया।

लोकसभा में विपक्ष के नेता, राहुल गाँधी का माइक स्विच ऑफ था और यह खबर अब वायरल हो गई है। ओम बिड़ला का कहना है कि, उन्होंने ऐसा नहीं किया क्योंकि माइक का बटन उनके पास नहीं है।

- **सूत्रों के अनुसार, राहुल गाँधी ने जब लोकसभा में नीट फर्जीवाड़े का मुद्दा उठाया तो, उनका माईक कथित तौर पर स्विच ऑफ था, जब राज्यसभा में खड़गे ने यही मुद्दा उठाया तो उनका माईक भी म्यूट था।**
- **राहुल गाँधी और मल्लिकार्जुन खड़गे दोनों ने इस पर गंभीर आपत्ति जताई।**
- **इस मसले पर भाजपा में भी सुगबुगाहट देखी जा रही है। सूत्रों के अनुसार, एक वरिष्ठ भाजपा सांसद ने कहा कि, संसद में नीट पर बहस की अनुमति दे दी जाती तो नीट मसले पर बढ़ता दबाव कुछ कम हो जाता और युवा वर्ग में मैसेज जाता कि भाजपा को उनकी फिक्र है।**
- **एक वरिष्ठ नेता ने कहा कि, मोदी यह दिखा रहे हैं कि, सब कुछ उनके नियंत्रण में है, और कुछ भी नहीं बदला।**
- **विपक्ष के एक वरिष्ठ नेता ने यह भी कहा कि, अगर मोदी अपने तौर तरीके बदल लेते तो यह मैसेज जाता कि वे ''कमजोर'' हो गए हैं, शायद इसीलिए मोदी पुरानी कार्यशैली पर ही चल रहे हैं।**

मल्लिकार्जुन खड़गे को उठकर सदन के वैल में जाना पड़ा क्योंकि, राज्य सभा में जगदीप धनखड़ ने विपक्ष के नेता को बोलने की अनुमति देने से इन्कार कर दिया और उनका माइक भी म्यूट कर दिया गया।

एक वरिष्ठ नेता ने कहा, मोदी यह दिखाने की कोशिश कर रहे हैं कि, सब कुछ 17वीं लोकसभा जैसा ही है, कुछ भी बदला नहीं है। यह भी कि, सब कुछ उनके आदेश अनुसार ही होता है।

विपक्ष के एक नेता का कहना है कि, यह काल्पनिक परिदृश्य भाजपा को अधिक हानि पहुँचाएगा, जितना मोदी को अहसास भी नहीं है। इसमें कोई संदेह नहीं है कि, मोदी हिले हुए हैं। वो अभी भी विपक्ष के नेताओं को बोलने नहीं देने की पुरानी रणनीतियों पर चल रहे हैं। माइक म्यूट कर देना और पूरी ताकत से अपना एजेण्डा आगे बढ़ाने जैसी युक्तियाँ अब सशक्त व मौन नेता की छवि को लाभ नहीं पहुँचा रही है।

अब यदि मोदी किसी अलग अवतार में आते हैं तो यह ऐसा होगा मानो वो स्वीकार कर रहे हैं कि, अब वो एक कमज़ोर नेता हैं जो बैसाखी के सहारे चल रहा है तथा स्वयं अपनी नियति का मालिक नहीं है।

लेकिन संसद के पिछले कुछ दिन दर्शाते हैं कि, मोदी अपनी काल्पनिक दुनिया में रहना चाहते हैं, फिर चाहे पार्टी को कुछ भी नुकसान हो।

## एकलपट्टा केसों की जांच के लिए समिति गठित

जयपुर, 28 जून। प्रदेश में एकल पट्टों से संबंधित प्रकरणों की निष्पक्ष जांच के लिए राज्य सरकार ने समिति का गठन किया है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देश पर पूर्व न्यायाधीश आर.एस. राठौड़ की अध्यक्षता में इस समिति का गठन किया गया है। साथ ही, गृह विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव एवं नगरीय विकास एवं आवासन विभाग के प्रमुख शासन सचिव इस समिति के सदस्य होंगे।

- **मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए पूर्व न्यायाधीश आर. एस.राठौड़ की अध्यक्षता में जांच समिति गठित की और कहा कि एकल पट्टा केसों की निष्पक्ष जांच होगी।**

उल्लेखनीय है कि पूर्ववर्ती सरकार के कार्यकाल में एकल पट्टा प्रकरण में हुई अनियमितताओं पर न्यायालय से केस वापिस लेने के लिए कमेटी गठित की गई थी। लेकिन कमेटी में तत्कालीन शहर विकास मंत्री शांति धारीवाल के कार्यालय से संबंधित अधिकारियों को शामिल किया गया था। इससे उक्त कमेटी की निष्पक्षता पर सवाल उठे थे।

पूर्व न्यायाधीश आर.एस. राठौड़ की अध्यक्षता में नव गठित समिति

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## अंततोगत्वा 5 महीने बाद रिहा हुए झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन

### झारखंड हाईकोर्ट ने सोरेन को जमानत देते हुए कहा कि, उनके खिलाफ प्रथम दृष्टया मनी लॉण्डरिंग का कोई केस नहीं बनता है

-डॉ. सतीश मिश्रा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 28 जून। झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को मनी लॉन्डरिंग केस में हाई कोर्ट से जमानत मिल जाने के बाद उन्हें रांची की बिरसा मुण्डा जेल से रिहा कर दिया गया। यह घटना राजनीति में इसलिए महत्वपूर्ण है कि इस बात की पूरी संभावना है कि कुछ माह बाद प्रदेश में होने वाले विधानसभा चुनावों में इंडिया ब्लॉक मजबूत होगा।

जैसे ही सोरेन जेल से बाहर निकलकर आए उनके पक्ष में जे.एम.एम. के हजारों समर्थकों ने जश्न मनाया और उनके पक्ष में नारे लगाए।

जेल से रिहाई के बाद मीडिया से बात करते हुए सोरेन ने कहा ''मुझे 5 माह तक जेल में रखा। हम यह भी गौर से देख रहे हैं कि न्याय प्रक्रिया में महीने या कुछ दिन ही नहीं बल्कि वर्षों का समय लग रहा है। आज संपूर्ण देश के लिए यह एक संदेश है कि हमारे खिलाफ एक षडयंत्र रचा गया था।''

''जो संघर्ष हमने शुरू किया था और जो संकल्प हमने लिए थे उनको मूर्तरूप देने के लिए हम काम करेंगे।''

- **हाईकोर्ट की सिंगल जज बैंच ने सोरेन को 50 हजार रुपये के बेल बॉण्ड और इतनी ही राशि के दो मुचलकों पर जमानत दी।**
- **ई.डी. ने यह कहकर जमानत का विरोध किया कि, सोरेन प्रभावशाली व्यक्ति हैं और रिहा होकर वे अपने प्रभाव का दुरुपयोग कर सकते हैं। पर हाईकोर्ट ने कहा कि, सोरेन प्रथम दृष्टया अपराधी नहीं हैं और जमानत मिलने के बाद उनके कोई अपराध करने की संभावना नहीं है।**
- **झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री को ई.डी. ने जमीन के एक सौदे में मनी लॉण्डरिंग की जांच के दौरान इसी वर्ष 31 जनवरी को गिरफ्तार किया था। तब से सोरेन रांची की बिरसा मुंडा जेल में ही थे।**

सोरेन को जमानत उनकी याचिका पर सुनवाई व कोर्ट द्वारा दो सप्ताह तक आदेश सुरक्षित रखने के बाद दी गई है।

न्यायाधीश रोंगोन मुखोपाध्याय की एकल बैंच ने सोरेन को 50,000 रूपये के एक जमानत बाँड एवं इतनी ही राशि के दो मुचलकों पर जमानत मंजूर की है।

सोरेन के वकील ने मीडिया से कहा कि कोर्ट ने पूर्व मुख्यमंत्री को प्रथम दृष्टया दोषी नहीं माना है।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## विधानसभा चुनाव में स्टालिन का सिरदर्द बनेंगे तमिल सुपरस्टार विजय

### तमिलनाडू के इस लोकप्रिय स्टार ने साफ कर दिया है कि, वे तमिलनाडू विधानसभा चुनाव लड़ेंगे

-लक्ष्मण वैंकट कुची-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 28 जून। फिल्म अभिनेता विजय, तमिलनाडू में नशीले पदार्थों की अवैध बिक्री के नियंत्रण में द्रमुक और मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन के कथित रूप से विफल रहने के खिलाफ खुलकर सामने आ गए हैं। उन्होंने इस पर आश्चर्य व्यक्त किया है कि ''राज्य के सभी ईमानदार और सत्यनिष्ठ लोग क्या कर रहे हैं।''

विजय ने सभी राजनीतिक दलों को एक ही लकड़ी से हांकते हुए कहा कि राजनीति में अच्छे लोगों की जरूरत है। चैन्नई में आयोजित छात्रों के एक अभिनन्दन कार्यक्रम में दिए गए संबोधन में विजय ने राज्य की राजनीतिक दुर्दशा पर टिप्पणी की और उनकी इस टिप्पणी को लोकसभा और विधानसभा के अगले चुनावों के मद्देनज़र चुनावी तैयारी के रूप में देखा जा रहा है।

- **विजय ने इन दिनों तमिलनाडू के मुख्यमंत्री व द्रमुक के मुखिया एम.के. स्टालिन के खिलाफ मोर्चा खोल रखा है और आरोप लगाया है कि, सरकार नशीली दवाओं के कारोबार पर नियंत्रण करने में बुरी तरह नाकाम रही है।**
- **तमिलनाडू की राजनीति हमेशा से तमिल फिल्म इंडस्ट्री का प्रिय मैदान रही है। करूणानिधी, एम.जी. रामचंद्रन, सभी का फिल्मों से गहरा जुड़ाव रहा है, और अब एक्टर विजय भी इस क्षेत्र में जोर आजमाना चाहते हैं।**
- **विजय युवा वर्ग में बेहद लोकप्रिय हैं। हर धर्म और जाति के उनके प्रशंसक हैं। राजनीति में उनके आगमन की खबर से सत्तारुढ़ पार्टी में बैचेनी बढ़ने लगी है।**
- **विजय ने युवाओं में बढ़ती नशे की लत व नशे के कारोबार पर निशाना साधकर अपने इरादों का संकेत दे दिया है।**

विजय, तमिलनाडू की उन फिल्मी हस्तियों में से एक बनना चाहते हैं, जिन्होंने मुख्यमंत्री की कुर्सी तक पहुँचकर बड़ा नाम कमाया है। एम.जी. रामचन्द्रन और उनके संरक्षण में रहीं, जे. जयललिता तथा द्रमुक सुप्रीमो एवं पटकथा लेखक, एम. करूणानिधि,

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## 'पशु चिकित्सकों की रिटायरमैंट आयु 62 साल क्यों नहीं'

जयपुर, 28 जून (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट ने पूछा है कि पशु चिकित्सकों की रिटायरमैंट आयु सीमा 60 साल क्यों है 62 साल क्यों नहीं। हाई कोर्ट ने इस मामले में अतिरिक्त मुख्य वित्त सचिव, प्रमुख कार्मिक सचिव और संयुक्त पशुधन सचिव सहित चिकित्सा सचिव से जवाब तलब किया है। हाई कोर्ट की खंडपीठ ने यह आदेश डॉ. पदमचंद जैन व अन्य की याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए यह आदेश दिया। अदालत ने इन अधिकारियों से पूछा है कि जब एम.बी.बी.एस. चिकित्सकों की

- **राजस्थान हाईकोर्ट ने अतिरिक्त मुख्यसचिव, प्रमुख कार्मिक सचिव और संयुक्त पशुधन सचिव से जवाब मांगा है। ज्ञातव्य है कि, एम.बी.बी.एस. चिकित्सक 62 वर्ष की आयु में रिटायर होते हैं, पर पशु चिकित्सकों को 60 वर्ष की आयु में रिटायर कर दिया जाता है।**

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## 'मनी लॉण्डरिंग रोकने में भारत विश्व में सबसे आगे'

### अंतर्राष्ट्रीय संस्था, फाइनैंशियल एक्शन टॉस्क फोर्स ने कहा कि, भारत के वित्तीय नियम और पूंजी प्रवाह पर निगरानी करने वाली संस्थाएं काफी सशक्त हैं

-अंजन रॉय-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 28 जून। भारत को एक ऐसे देश के रूप में मान्यता मिली है जो मनी लॉण्डरिंग और टैरर फण्डिंग की गतिविधियों की रोकथाम में वैश्विक रूप से अग्रणी है। भारत के वित्तीय नियमन तथा वित्तीय त्रुटियों की निगरानी का सिस्टम भारत के और यहाँ आने वाली बकायदा वित्तीय गड़बड़ियों को दूर करने में प्रभारी रूप से काम करते हैं।

भारत को यह मान्यता, पूरी दुनिया और देशों के भीतर मनी लॉण्डरिंग, टैरर फायनैंसिंग व अनियमित वित्तीय त्रुटियों की रोकथाम करने वाली एक वैश्विक संस्था फायनैंशियल एक्शन टॉस्क फोर्स (एफ.ए.टी. एफ.) ने दी है। यह अंतर सरकारी संस्था एक वैश्विक निगरानी एजेंसी है। भारत को सिंगापुर के एक विशेष एकांश द्वारा पारस्परिक मूल्यांकन के बाद ''रैग्यूलर फॉलोअप'' श्रेणी में रखा गया। यह श्रेणी पर्यवेक्षण और जाँच के स्वीकार्य मापदण्डों की एक मान्यता है।

इस प्रकार की मान्यता उपयोगी है क्योंकि यह मान्यता मिलने के बाद देश को वित्तीय सैक्टर के ग्लोबल प्लेयर्स के लिए सुरक्षित गंतव्य माना जाता है। इससे देश की व्यापारिक संस्थाओं की वैश्विक वित्तीय बाजारों तक पहुँच में भी सुधार होता है।

- **फाइनैंशियल एक्शन टॉस्क फोर्स (एफ.ए.टी.एफ.) टैरर फंडिंग, मनी लॉण्डरिंग और विभिन्न देशों से होने वाले गैर कानूनी वित्तीय लेन-देन पर नज़र रखती है।**
- **भारत 2010 में इस संस्था में शामिल हुआ था, तबसे ही भारत में गैर कानूनी वित्तीय प्रवाह पर कड़ा नियंत्रण रखा जाता है।**
- **भारत ने अधिकांश अन्तर्राष्ट्रीय अकाउन्टिंग स्टैण्डर्ड्स अपना रखे हैं जो बेहद कठोर हैं।**

यह वैश्विक क्रेडिट रेटिंग एजेन्सीज़ से उच्च क्रेडिट रेटिंग प्राप्त करने के समान है। एफ.ए.टी.एफ. से मान्यता प्राप्त करने के लिए किसी देश को ग्लोबल अकाउन्टिंग स्टैण्डर्स भी व्यवहार में लाने पड़ते हैं।

भारत ने वर्षों पहले, अधिकांश इन्टरनैशनल अकाउन्टिंग स्टैण्ड्र्स अपना लिए थे, जो व्यवहारिक रूप से थोड़े सख्त होते हैं। एफ.ए.टी.एफ. का व्यवहारिक उपयोग वश्विक आतंकवाद के प्रसार के विरोध में 1990 के दशक में शुरु किया गया था। पश्चिमी देशों ने आरंभ में इसकी शुरुआत ऑर्गनाइज़ेशन कोर इकोनॉमिक को-ऑपरेशन एण्ड डवलपमैंट (ओई.सी.डी.) के नेतृत्व में की थी।

कुछ ही अन्य देशों को भारत जैसी श्रेणी में रखा गया है।

पाकिस्तान ने प्रायः सीमा पार आतंकवाद को प्रोत्साहित किया है और ऐसी बेहिसाब वित्तीय त्रुटियों में उनकी भागीदारी रही है। मनी लॉण्डरिंग की रोकथाम में पाकिस्तान की एफ.ए.टी.एफ. रैंकिंग बहुत नीचे है।

वित्तीय सहायता व संसाधन उपलब्ध कराए बिना सीमा पार आतंकी गतिविधियां नहीं हो सकतीं। ऐसी गतिविधियां को फण्डिंग करने का प्रत्यक्ष परिणाम है वैश्विक आतंकवाद। भारत वर्ष 2010 में एफ.ए.टी.एफ. बिरादरी का हिस्सा बना था और वह तब से ही अनियंत्रित वित्तीय गड़बड़ियों पर कठोर प्रतिबंध लगाता रहा है। एक सदस्य देश के रूप में भारत मनी लॉण्डरिंग और टैरर फण्डिंग के खिलाफ उपाय करने को बाध्य है।

## टैलिकॉम कंपनियों ने मोबाइल रीचार्ज 27% तक महंगा किया

नई दिल्ली, 28 जून। देश की दोनों ही प्रमुख टेलीकॉम कंपनियों जियो और एयरटेल ने अपने रीचार्ज प्लान्स की कीमतों में इजाफा कर दिया है। जियो ने करीब ढाई साल बाद अपने रीचार्ज प्लान्स कीमतों में इजाफा किया है। जहां एयरटेल ने अपने प्लान्स को 600 रुपये तक महंगा किया है, वहीं जियो के प्लान्स की कीमतों में 27 परसेंट तक की बढ़ोतरी हुई है।

- **जियो ने रीचार्ज प्लान में 12-27 प्रतिशत की बढ़ोतरी की है तथा एयरटेल ने अपने रीचार्ज प्लान्स को 600 रुपये तक महंगा कर दिया है।**

दोनों कंपनियों ने 5 जी सर्विस लॉन्च के बाद अपने प्लान्स में ये बड़ी बढ़ोतरी की है। इससे पहले भी टेलीकॉम कंपनियों ने कुछ प्लान्स को रिवाइज किया था, लेकिन इस बार पूरे

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## दो राजनैतिक घटनाक्रमों से तिलमिलाए नीतीश दिल्ली पहुँचे

### आज होने वाली जद (यू) की नैशनल एग्ज़िक्युटिव बैठक में नीतीश बड़ा बयान दे सकते हैं

-श्रीनंद झा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 28 जून। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जनता दल (यूनाइटेड) की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक के लिए आज दिल्ली पहुँचे। बैठक शनिवार को शुरु होगी। यह बैठक हाल ही की दो महत्वपूर्ण राजनीतिक घटनाओं की पृष्ठभूमि में हो रही है। नीतीश सरकार ने आरक्षण कोटा में बढ़ाने की जो घोषणा की थी, उसे पटना हाई कोर्ट ने खारिज कर दिया और दूसरी घटना है, भाजपा के वरिष्ठ नेता अश्विनी चौबे द्वारा हाल ही में दिया गया वक्तव्य, जिसमें उन्होंने कहा है कि, भाजपा को 2025 का विधानसभा चुनाव स्वयं अपने बल पर लड़ना चाहिए।

हाई कोर्ट के आदेश से जहाँ नीतीश कुमार बचाव की मुद्रा में आ गए हैं, वहीं, चौबे की टिप्पणियाँ ऐसे समय में शर्मिंदगी का कारण बनी हैं, जबकि, नरेन्द्र मोदी सरकार अपने सरवाइवल के लिए मुख्य रूप से नीतीश की पार्टी पर निर्भर है।

- **नीतीश कुमार के आरक्षण कोटा बढ़ाने के फैसले को पटना हाईकोर्ट ने रद्द कर दिया है, जिससे नीतीश की भारी किरकिरी हुई है।**
- **नीतीश को आशंका है कि, कि हाईकोर्ट इस फैसले से राष्ट्रीय जनतादल के नेतृत्व वाले महागठबंधन को लाभ होगा। इसी से आशंकित होकर वे विधानसभा चुनाव एक साल देरी से, महाराष्ट्र, हरियाणा व झारखंड के चुनावों के साथ, कराने पर जोर दे रहे हैं।**
- **भाजपा ने ना केवल नीतीश के इरादों पर चुप्पी साध रखी है, बल्कि भाजपा के एक वरिष्ठ नेता अश्विनी चौबे ने तो यह तक कह डाला कि, भाजपा को विधानसभा चुनाव अकेले लड़ना चाहिए।**
- **इससे यह संकेत मिलता है कि, बिहार में भाजपा और जद (यू) के बीच सब कुछ ठीक नहीं है, जबकि केन्द्र में भाजपा सरकार नीतीश के समर्थन पर आश्रित है।**
- **समझा जाता है कि, नीतीश इस मसले को प्रधानमंत्री मोदी व गृहमंत्री अमित शाह के समक्ष उठाएंगे, साथ ही राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में ऐसी रणनीति पेश करेंगे जिससे जद (यू) तथा उनकी खुद की प्रासंगिकता बनी रहे।**

संभावना है कि, अपनी दिल्ली यात्रा के दौरान नीतीश कुमार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह के साथ मीटिंग में चौबे की टिप्पणी का मसला उठाएंगे।

जद (यू) के दो नेताओं (राजीव रंजन उर्फ लल्लन सिंह और राम नाथ ठाकुर) को मोदी के मंत्रिमण्डल में शामिल किया गया है और जद (यू) ने स्पीकर के लिए भाजपा की पसंद, ओम बिड़ला का समर्थन भी किया है।

लेकिन, बिहार में भाजपा और जद (यू) के बीच सब कुछ ठीक नहीं लग रहा है। इस बारे में अटकलबाजिया उस समय शुरु हुईं जब, भाजपा नेता और उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की कॉल आने पर जल्दबाजी में एक महत्वपूर्ण मीटिंग छोड़कर चले गए। यह मीटिंग भाजपा महामंत्री विनोद तावडे ने हाल में संपन्न लोकसभा चुनावों में पार्टी के प्रदर्शन की समीक्षा करने के लिए बुलाई थी तथा मीटिंग में नवम्बर 2025 में होने वाले राज्य विधानसभा चुनावों के लिए रणनीतियों पर भी चर्चा होनी थी।

आरक्षण के मामले पर हाई कोर्ट का आदेश आने के बाद आर.जे.डी. के नेतृत्व वाले महागठबंधन की लोकप्रियता में वृद्धि होने की आशंका में कुमार इस अनुचित मांग पर दबाव देते रहे हैं कि बिहार में विधानसभा चुनाव एक वर्ष के लिए टाल दिए जाए और बिहार चुनाव महाराष्ट्र, हरियाणा व झारखण्ड में होने वाले चुनावों के साथ कराए जाए। भाजपा इस विचार पर शांत है।

कल होने वाली राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में कुमार प्रभावी रणनीति के साथ आने का प्रयास करेंगे ताकि उनकी पार्टी और उनकी स्वयं की राजनीतिक प्रासंगिकता बरकरार रहे।

कुमार को एक चतुर नेता के रूप में जाना

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## बारिश का पानी शशि थरूर के घर में घुसा

नई दिल्ली, 28 जून। दिल्ली में शुक्रवार को हुई बारिश से कई इलाकों में पानी भर गया। सड़कों पर वाहन पानी में डूबे नजर आए। भारी बारिश के कारण दिल्ली की सड़कों पर कई किलोमीटर लंबा ट्रैफिक जाम भी नजर आया। कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने बारिश की वजह से अपने लुटियंस दिल्ली के घर में फिर से पानी भर जाने की कहानी एक्स पर शेयर की। उन्होंने एक वीडियो शेयर करते हुए बताया कि, सुबह जागने पर उनके घर के हर कमरे में एक फुट पानी था।

- **शशि थरुर ने कहा, मैंने सुबह उठकर देखा तो मेरे घर के हर कमरे में एक फुट पानी था।**

एक्स पोस्ट में उन्होंने लिखा, ''कारपेट्स, फर्नीचर, बिल्कुल हर चीज खराब हो गई। शायद मोहल्ले के स्टॉर्म वॉटर ड्रेनेज भर गए थे, इसलिए पानी

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# कोटा में सवा तीन इंच बरसात से कई इलाके जलमग्न, नदी-नालों में उफान आया

## बारिश होने से जनजीवन अस्त-व्यस्त, निचली बस्तियों और कॉलोनी में बारिश का पानी भरा



कोटा में भारी बरसात के चलते डकनिया रेलवे स्टेशन के स्टैंड में खड़े वाहन पानी में डूब गए।

**कोटा, (निसं)।** कोटा में मानसून सीजन की अब तक की सबसे तेज बारिश गुरुवार रात को हुई है। गुरुवार शाम 8 बजे से बारिश का क्रम शुरू हुआ, जो शुक्रवार अल सुबह तक जारी था। शुक्रवार दोपहर में भी शहर के कुछ स्थानों पर बरसात का दौर चला। मौसम विभाग के अनुसार 24 घंटे में 85.9 मिलीमीटर यानी 3.38 इंच बारिश हुई है। बारिश होने से जनजीवन अस्त-व्यस्त भी हुआ है। कई निचली बस्तियों और कॉलोनी में बारिश का पानी भर गया है।

कोटा के उपनगरीय रेलवे स्टेशन डकनिया पर स्मार्ट स्टेशन बनाने का निर्माण कार्य जारी है। ऐसे में नालों के अवरुद्ध होने के चलते स्टेशन की पार्किंग में पानी प्रवेश कर गया। इसी तरह से बोरखेड़ा, स्टेशन, जवाहर नगर, बजरंगनगर, प्रेमनगर क्षेत्र में निचली बस्ती और कॉलोनी में पानी भर गया। दूसरी तरफ देवली अरब रोड पर महिलाओं ने सड़क जाम कर दिया। मामला सीवरेज लाइन डालने के दौरान सड़क को खोद देने का था। अब वहां पर बारिश हो जाने के चलते आवागमन पूरी तरह से बाधित हो गया है। जहां पर देर रात को पुलिस भी पहुंची थी और लोगों से समझाईश की थी जिसके बाद महिलाओं ने रास्ता खोल दिया था। गुरुवार रात को हुई बारिश को मिलाकर इस सीजन में अब तक कोटा में 212 मिलीमीटर बारिश हो चुकी है। अच्छी बारिश गिरने के बावजूद न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी हुई है। बारिश के बाद नदी नालों में उफान आने से मगरमच्छों का खतरा बढ़ गया है। मगरमच्छ नदी नालों से निकलकर कॉलोनी और खाली प्लाटों में पहुंच रहे हैं। सड़कों पर उनकी चहलकदमी नजर आ रही है।

लाड़पुरा रेंज के वनकर्मी वीरेंद्र सिंह हाड़ा ने बताया कि नाग-नागिन मंदिर से 80 फिट रोड की तरफ जा रही नहर के समानांतर सड़क के नजदीक बनी एक मल्टी स्टोरी बिल्डिंग में करीब 5 फीट लंबा मगरमच्छ का बच्चा प्रवेश कर गया था जिसकी सूचना पर लाडपुरा रेंज की टीम पहुंची थी। जिन्होंने क्रोकोडाइल का रेस्क्यू किया है। वनकर्मी हाड़ा ने बताया कि बीते दो दिनों में चार क्रोकोडाइल का रेस्क्यू अब तक कर चुके हैं।

इसी तरह से मुकुंदरा हिल्स टाइगर रिजर्व के नजदीक के इलाके में नीलगाय दलदल में फंस गई थी इसकी सूचना रेंजर प्रद्युम्न सिंह राठौड़ को मिली। इसके बाद उन्होंने मुकुंदरा हिल्स टाईगर रिजर्व के नाका प्रभारी राजवीर सिंह को मौके पर भेजा। जिन्होंने नीम की चौकी के पास तलाई में मादा नीलगाय को आधे घंटे की मशक्कत के बाद दलदल से बाहर निकाला और सुरक्षित जगह पर रिलीज किया। इस दौरान उनके साथ बॉर्डर होमगार्ड का जवान पूनम सिंह ने भी मदद की है। राजवीर का कहना है कि खाने की तलाश में मादा नीलगाय घूम रही होगी। इसी के चलते वह दलदल में फंस गई थी। उसका रेस्क्यू नहीं किया जाता तो उसकी जान चली जाती।

## जोधपुर में दूसरे दिन भी बरसात जारी रही

- पावटा, मंडोर सहित अन्य क्षेत्रों में सड़कों पर पानी भरने से वाहनों का जाम लगा

**जोधपुर, (कासं)।** जोधपुर में शुक्रवार को दूसरे दिन भी बरसात जारी रही। आधे शहर में अच्छी बरसात हुई। भीतरी शहर में सड़कों पर नदी की तरह पानी बहने लगा। वहीं पावटा, मंडोर सहित अन्य क्षेत्रों में सड़कों पर पानी भरने से वाहनों का जाम लगा। शुक्रवार दोपहर 12 बजे के करीब हल्की बरसात का दौर शुरु हुआ जो डेढ़ बजे तक तेज हो गई। पावटा, महामंदिर, मंडोर सूरसागर आदि क्षेत्रों में तेज बरसात हुई। शहर के अलग-अलग क्षेत्रों में तेज फिर धीरे बरसात ने मौसम खुशनुमा कर दिया लेकिन उमस बरकरार रही।

इधर बकरा मंडी गंगलाव तालाब के आस-पास निचले घरों में पानी भर गया। घरों के निवासी को क्षेत्रवासियों ने बाहर निकाला। शुक्रवार को भी इन इलाकों से पानी निकालने की कवायद जारी थी ऐसे में फिर बारिश आ गई। गुरुवार को हुई बरसात में एयरपोर्ट रोड स्थित खुले नाले में 22 वर्षीय युवक तगाराम मेघवाल की मौत हो गई। मृतक के परिजनों ने महात्मा गांधी अस्पताल की मोर्चरी के बाहर धरना देकर जिम्मेदारों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की और मुआवजे की मांग की।

गुरूवार को जोधपुर में बरसात के पानी से गटर लाइन के खुले होल में डूबने से तगाराम मेघवाल की मौत हो गई थी जिसका शुक्रवार को महात्मा गांधी अस्पताल की मोर्चरी में पोस्टमार्टम कराने हेतु तगाराम के परिजनों एवं समाज के गणमान्य लोगों ने निगम से आर्थिक सहायता, मृतक के परिवार में से एक व्यक्ति को संविदा पर नौकरी व अन्य मांग की। वार्ता के लिए नगर निगम दक्षिण महापौर वनीता सेठ पहुंची और मृतक के परिजनों को सांत्वना देते हुए परिवार के एक व्यक्ति को निगम में संविदा पर नौकरी व एक डेयरी बूथ की दुकान देने की घोषणा कर मृतक के पिता नरपतराम को 20 लाख रुपये का चेक सौंपा तथा 10 लाख रुपये और देने की घोषणा की, उसके बाद मृतक का पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंपा गया।

## धौलपुर के कई क्षेत्रों में हुई बारिश लोगों के लिये आफत बनी

- बरसात के पानी का भराव होने से कई जगह पक्की दीवारें धराशाही हुई
- गाड़िया लुहारों की झुग्गी झोपड़ियां जलमग्न होने से काफी समस्या गहराई

**धौलपुर, (निसं)।** धौलपुर जिले के बसई नवाब क्षेत्र भर में हुई जोरदार बारिश कहीं राहत तो कहीं आफत बनी हुई है। बसई नवाब में नालों की सफाई नहीं होने से बरसात का पानी लोगों के लिए आफत बन गया है। नालों की सफाई नहीं होने से जाटव बस्ती सहित मनियां सड़क मार्ग पर चारों ओर बरसात के पानी का भराव होने से कई जगह पक्की दीवार धराशाही हो गई। वहीं गाड़िया लुहारों की झुग्गी झोपड़ियां जलमग्न होने से काफी समस्या गहरा गई है।

तेज बारिश के बीच जाटव बस्ती के राजेंद्र पुत्र तुलाराम, आकाश और हेमंत के घर के बाहर डला टीन सैट भरभरा कर जा गिरा। इस दौरान टीन सेट के नीचे सो रहे परिवार की एक महिला बेवी पत्नी मुनीष सहित कई सदस्य घायल हो गए। वहीं मुकेश जाटव की मकान की दो पट्टियां टूट गई। इधर मानसून की पहली जोरदार बारिश ने ठाम पंचायत बसई नवाब में व्यवस्थाओं की पोल खोल दी है। कल्याण सिंह सहित अन्य लोगों का आरोप है कि ग्राम पंचायत की ओर से बारिश से पूर्व नालों की सफाई नहीं कराई गई है। ऐसे में नालों की सफाई नहीं होने से निकासी अवरुद्ध बनी हुई है। जिससे चारों ओर पानी ही पानी नजर आ रहा है।

वहीं धौलपुर के राजाखेड़ा में पहली मानसून की बारिश ने फिर एक बारनगरपालिका के दावों की पोल खोल दी है। जिसके कारण गुरुवार रात में हुई बारिश ने राजाखेड़ा की गलियों को जलमग्न कर दिया। जिससे आमजन को भारी समस्या का सामना करना पड़ रहा है। गुरुवार-शुक्रवार की रात मानसूनी बारिश होने के कारण राजाखेड़ा नगरपालिका क्षेत्र के वार्ड 9 के अलावा अन्य गलियां तालाब बन गईं। जिसके कारण वार्ड निवासी घर से भी नही निकल पाए। शुक्रवार सुबह कॉलोनी में रह रहे लोगों का आक्रोश फूट गया और एकत्रित हो गए, जिन्होंने नगरपालिका प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया।

## कुएं में युवक का शव मिला

**मालपुरा, (निसं)।** डिग्गी थाना क्षेत्र के कलमंडा सड़क मार्ग पर गुरूवार की देर रात्रि को कुएं में एक युवक का शव मिला। थानाधिकारी कप्तान सिंह ने बताया कि सूचना पर तत्काल पुलिस टीम मौके पर पहुंच शव को कुएं से निकाल डिग्गी अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। शव की पहचान डूंगरी कलां निवासी शंकर बागरिया के रूप में की गई।

## पुलिस अधीक्षक ने बजरी माफिया के खिलाफ कार्रवाई की

**बौंली-बामनवास, (निसं)।** सवाई माधोपुर पुलिस अधीक्षक ममता गुप्ता ने शुक्रवार को लालसोट- कोटा मेगा हाईवे मलारना चौड व टोंड के पास अचानक पुलिस टीम के साथ पहुंचकर अवैध बजरी खनन व परिवहन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की। इस दौरान एसपी ने मौके से चार ट्रेलर अवैध बजरी से भरे जब्त कर मलारना डूंगर थाने में भिजवाए, वहीं अन्य वाहन बजरी खाली कर फरार हो गए।

मलारना डूंगर थाना अंतर्गत लालसोट-कोटा मेगा हाईवे पर भाड़ोती व मलारना चौड पुलिस चौकी होते हुए भी अवैध बजरी खनन व परिवहन की लगातार शिकायतें आती रहती है। 23 जून की रात को कृषि मंत्री डॉ. किरोडी लाल मीणा ने रसूलपुरा गांव पहुंचकर मौके से अवैध बजरी से भरे वाहनों को पकड़कर एसपी ममता गुप्ता को मौके पर बुलाया था। गुरुवार को भी हाईवे पर अवैध बजरी परिवहन होता रहा। इस शिकायत के बाद शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक ममता गुप्ता ने एक्शन लिया एवं मय टीम के मौके पर पहुंचकर बजरी खनन व परिवहन माफिया के खिलाफ कार्रवाई की। इस कार्रवाई के दौरान मलारना डूंगर थाना प्रभारी, भाड़ोती व मलारना चौड चौकी प्रभारी को जमकर लताड़ा व भविष्य में ध्यान रखने की हिदायत दी।

## अनुपस्थित रहे 10 अभ्यर्थियों को अंतिम अवसर

**अजमेर, (कासं)।** राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा राजस्व अधिकारी ग्रेड-द्वितीय एवं अधिशाषी अधिकारी वर्ग-चतुर्थ प्रतियोगी परीक्षा-2022 के तहत आयोजित पात्रता जांच में अनुपस्थित रहे 10 अभ्यर्थियों को अंतिम अवसर प्रदान किया गया है।

इन अभ्यर्थियों को 3 जुलाई सुबह 9.30 बजे आयोग कार्यालय में आवश्यक रूप से उपस्थित होना होगा। विस्तृत सूचना एवं अनुपस्थित रहे अभ्यर्थियों की सूची आयोग वेबसाइट पर उपलब्ध है। आयोग के वरिष्ठ उप सचिव अजय चौहान ने बताया कि उक्त परीक्षा के तहत पात्रता जांच के लिए 21 नवंबर 2023 को विचारित सूची जारी कर 11 से 13 दिसंबर 2023 तक काउंसलिंग का आयोजन किया गया था।

## महिला कर्मचारी सहित दलाल को रिश्वत लेते पकड़ा

### महिला कर्मचारी ठेकाकर्मियों की हाजिरी में 12 अटेंडेंस ज्यादा जोड़कर कमीशन मांगती थी

**जोधपुर, (कासं)।** जोधपुर के मथुरादास माथुर अस्पताल में एसीबी टीम ने महिला कर्मचारी सहित दलाल को रिश्वत लेते हुए पकड़ा है। महिला कर्मचारी ठेकाकर्मियों का हाजिरी रजिस्टर मेंटेन करती थी। कर्मचारियों की हाजिरी में 12 अटेंडेंस ज्यादा जोड़कर कमीशन के रुपए मांगती थी। शिकायत के बाद एसीबी की टीम ने शुक्रवार को उसे और दलाल को रिश्वत लेते दबोचा है। पकड़े जाने पर महिला कर्मचारी सिर पकड़कर रोने लगी।

एसीबी के डीवाईएसपी गोरधनराम ने बताया कि मथुरादास माथुर अस्पताल में संविदा पर नियुक्त एक कर्मचारी ने शिकायत की थी। उसने बताया था कि, हॉस्पिटल की ईसीजी टेक्नीशियन वैशाली शर्मा ठेका कर्मियों की अटेंडेंस भरती है। उन्होंने एक टेक्नीशियन के तौर पर 27 दिन हॉस्पिटल में काम किया था लेकिन इंचार्ज वैशाली शर्मा ने 40 दिन की उपस्तिथि कर रिकॉर्ड बनाकर पेमेंट पास किया। इसके बाद 12 दिन की हाजिरी ज्यादा लिखने की एवज में कमीशन के 3600 रुपए की मांग की। शिकायत मिलने पर एसीबी ने सत्यापन करवाया, जिसमें रिश्वत मांगने की पुष्टि हुई। टीम ने कार्रवाई करते हुए मथुरा दास माथुर अस्पताल मल्टी लेवल आईसीयू में एक टेक्नीशियन के ऑफिस में कार्रवाई की। परिवादी से रिश्वत के रुपए लेने के बाद वैशाली ने दलाल पीयूष शर्मा को दिए थे। इसके बाद दलाल ने कुछ रुपए उसे दिए। एसीबी ने वैशाली के बैग से 3600 रुपए की राशि बरामद कर दलाल सहित पकड़ा।



**उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की पत्नी डॉ. सुदेश धनखड़ झुंझुनूं के किठाना गांव पहुंची। किठाना गांव में अपने निजी आवास पर उन्होंने ग्रामीणों से मुलाकात की। इस मौके पर भाजपा नेता राजेंद्र भांबू समेत अन्य ग्रामीणों ने डॉ. सुदेश धनखड़ का चुनरी ओढाकर स्वागत किया। इस मौके पर भांबू व ग्रामीणों ने क्षेत्र के विकास को लेकर उनके साथ चर्चा की। इसके अलावा समस्याओं के समाधान को लेकर भी बातचीत की। डॉ. सुदेश धनखड़ ने इस मौके पर कहा कि, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ आज भी झुंझुनूं के विकास के लिए सोचते रहते हैं। झुंझुनूं के विकास और उत्थान के लिए जो भी सुझाव हैं। समय-समय पर उनके पास पहुंचते हैं। जिन पर वे व्यक्तिगत रूचि रखते हुए काम करते हैं।**

## दिनदहाड़े बच्चे का अपहरण

### हिम्मत दिखाकर अपहर्ताओं के चंगुल से छूटकर बच्चा घर पहुंच गया

**श्रीकरणपुर, (निसं)।** क्षेत्र के गांव रूपनगर में दिनदहाड़े 12 वर्षीय बच्चे के अपहरण का मामला सामने आया है। मोटरसाइकिल पर मुंह बांधकर आए दो अज्ञात लोगों ने घटना को अंजाम दिया। हिम्मत दिखाकर किसी तरह अपहर्ताओं के चंगुल से छूटकर बच्चा कुछ देर बाद घर पहुंच गया लेकिन घटनाक्रम को लेकर गांव में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों ने डीएसपी से मिलकर प्रकरण में मुकदमा दर्ज करने व त्वरित कार्रवाई की मांग की।

जानकारी अनुसार ग्रामीणों के साथ आए परिवादी निशान सिंह पुत्र चंद सिंह निवासी चक 50 एफ रूपनगर ने डीएसपी संजीव चौहान को घटनाक्रम की जानकारी दी। परिवादी ने बताया कि मंगलवार दोपहर करीब सवा दो बजे उसका पुत्र करणवीर सिंह (12) घर के चौबारे पर खेल रहा था। इस दौरान घर के दरवाजे के पास मोटरसाइकिल पर आए मुंह बांधकर दो अज्ञात व्यक्ति आए। मोटरसाइकिल की आवाज सुनकर करणवीर ने नीचे देखा तो उन्होंने उसे नजदीक आने का इशारा किया। इस पर वह नीचे उतरकर दरवाजे पर आया तो उन दोनों ने करणवीर का मुंह बंद कर उसे मोटरसाइकिल पर बिठा लिया और नहर के साथ सड़क पर कस्बे की ओर रवाना हो गए। इस दौरान करणवीर ने खुद को छुड़वाने का प्रयास किया तो घर से करीब आधा किमी दूर वह अपहरणकर्ताओं के हाथों से निकलकर नीचे गिर गया। इसके बाद बाद वह नहर पर पड़े फट्टे से खेतों की ओर भाग गया और वहां खेत में ट्रैक्टर जोत रहे किसानों के पास रुका रहा। आधे-पौने घंटे बाद जब वह घर आया तो उसके हाथ व कोहनी पर चोटें लगी थी और उसकी कमीज भी फटी हुई थी। हालांकि, तब उसके परिजन उसे ढूंढ रहे थे। घर आने पर करणवीर ने सारा वाकया अपने परिजन को बताया।


**RAJASTHAN HOUSING BOARD**

No. RE-X/RHB/JPR/2024-25/163 Date :- 25.06.2024

**NIB: RE-X/2024-25/01**

Bids for 1. Plantation Work including 5 year O & M of plants at Mahala Scheme Jaipur 2. Annual Maintenance of Community Centre Sector -26, Pratap Nagar Sanaganer Jaipur are invited from interested bidders from 01.07.2024 to 10.07.2024 up to 6:00 PM. Other particular of bid may be visited on the procurement portal (http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.raj.nic.in) of the state & https://rhb.rajasthan.gov.in of the department website.

UBN : 1 RHB2425WSOB00051 2. RHB2425WSOB00052

Raj.Samwad/C/24/1427 Resident Engineer, DIV X, Jaipur

**कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा**

क्रमांक:-एफ 3/लेखा/24-25/772-780 दिनांक: 24.06.2024

अल्पकालीन निविदा सूचना संख्या: 03/2024-25

कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा की ओर से अनुभवी संवेदकों/सेवा प्रदाता एजेन्सियों से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेन्ट प्रक्रिया से निम्नांकित 01 कार्य (UIK2425WLOB00143) हेतु ऑन लाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। कार्य का विस्तृत विवरण, निविदा शर्तें, निविदा बेचने, प्राप्त करने एवं खोलने की दिनांक आदि सम्पूर्ण विवरण वेबसाईट https://eproc.rajasthan.gov.in, https://sppp.rajasthan.gov.in एवं http:/urban.rajasthan.gov.in/uitkota पर देखा जा सकता है।

राज./संवाद/सी/24/1380 अधिशाषी अभियंता, कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा

**कार्यालय उप निदेशक सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, जालोर**

Email:-dio.jlr@rajasthan.gov.in, पता : नर्मदा कॉलोनी, सामतीपुरा रोड, जालोर

क्रमांक / सान्याअवि/2024/440 दिनांक :- 20.06.2024

ई-निविदा सूचना 02/2024-25

कार्यालय उप निदेशक सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, जालोर के अधीन छात्रावासों में चौकीदार व रसोईया जॉब बेसिस पर कार्य कराने हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। कार्यों की अनुमानित लागत, टेण्डर बेचे जाने तथा प्राप्त करने की तारीख, टेण्डर शर्त आदि का सम्पूर्ण विवरण https://eproc.rajasthan.gov.in, https://sppp.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध है

NIB No-SOC2425A0025

UBN No-SOC2425SLOB00039

DIPR/C/5036/2024 उप निदेशक, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग जालोर

**नगर निगम ग्रेटर जयपुर**

पण्डित दीनदयाल उपाध्याय भवन, लालकोठी, जयपुर

क्रमांक :- जसअ/2023-24/28 दिनांक : 24.06.2024

ई-निविदा सूचना क्रमांक :- 8/2024-25

SUPPLY, DELIVERY AND INSTALLATION OF STATIC COMPACTOR MACHINES, HOOK LOADERS AND CONTAINERS WITH OPERATION & MAINTENANCE AND TRANSPORTATION OF WASTE हेतु पंजीकृत फर्म्स से ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र, विस्तृत सूचना एवं शर्तें आदि सम्पूर्ण विवरण वेबसाइट www.jaipurmc.org, www.sppp.raj.nic.in and www.eproc.rajasthan.gov.in पर स्टेट पब्लिक प्रोक्यूरमेन्ट के UBN No. JMC2425GLOB00136 पर देखी जा सकती है।

राज.संवाद/सी/24/1293 उपायुक्त (गैराज)

**Bureau of Investment Promotion Rajasthan**

Udyog Bhawan, Tilak Marg, Jaipur

BIP/Info/196 Date: 05.06.2024

**Information of Extension of Dates**

An addendum has been published regarding the RFP for procurement of services of Creative Design Partner from reputed, interested, eligible and experienced Professional firms for Bureau of Investment Promotion, Jaipur (a Government of Rajasthan undertaking). The date for online submission of bid has also been extended upto 2:00 PM of 12.07.2024. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portals: (http://eproc.rajasthan.gov.in) and (http://sppp.raj.nic.in) of the state.

UBN No. BIP2425SLOB00004

Raj.Samwad/C/24/1368 Commissioner (Inv. & NRIs)

**आमेर विकास एवं प्रबन्धन प्राधिकरण**

पुरानी विधानसभा भवन, हवामहल के पास, जयपुर

टेलीफोन नम्बर: 0141-2600032 ई-मेल आई.डी. adma.jaipur@gmail.com

क्रमांक: कार्य निदेशक/एडमा/लेखा/2024-25/731 दिनांक: 25.06.2024

ई-बिड संख्या-03/2024-25

आमेर विकास एवं प्रबन्धन प्राधिकरण, जयपुर स्थित स्मारकों/संग्रहालयों में विभिन्न 03 कार्यों हेतु राज्य सरकारों/केन्द्र सरकार/निगमों/बोर्ड कार्यालयों में सक्षम/निर्धारित श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों से द्विभागीय खुली बिड ई-प्रोक्योरमेन्ट प्रक्रिया के माध्यम से ऑनलाईन वेबसाईट http://eproc.rajasthan.gov.in पर आमंत्रित की जाती है जिनका विस्तृत विवरण वेबसाईट http://sppp.rajasthan.gov.in एवं http://eproc.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध है, जो देखी व पढ़ी जा सकती है। (ई-बिड संख्या-03/2024-25 की कुल लागत राशि रूपये 160.19 लाख) NIB ADA2425A0003

बिड यू.बी.एन. नम्बर :- 1. ADA2425WSOB00006 2. ADA2425WSOB00007 3. ADA2425WSOB00008

राज.संवाद/सी/1375/2024-25 कार्यकारी निदेशक (कार्य)

**राजस्थान स्टेट माईन्स एण्ड मिनरल्स लि.**

(राजस्थान सरकार का उपक्रम)

एसबीयू एण्ड पीसी- रॉक फॉस्फेट, झामरकोटड़ा, पी.ओ.- झामरकोटड़ा-313015, वाया एवं जिला- उदयपुर (राजस्थान) ई मेल:- luckybhargava.rsmml@rajasthan.gov.in

ई-निविदा सूचना दिनांक 25.06.2024

| निविदा संख्या एवं दिनांक | कार्य का विवरण |
|---|---|
| E-Tender No. 03/24-25 दिनांक 19.06.2024 खोलने की दिनांक 10.07.2024 UBN No. MML2425GLOB00042 | सप्लाई ऑफ एम एस इ आर डब्ल्यू ब्लैक स्टील पाइप, अनुमानित राशि 19,75000/-, धरोहर राशि 39,500/- निविदा प्रपत्र मूल्य 1180/- प्रोसेसिंग राशि 1000/- |
| E-Tender No. 04/24-25 दिनांक 19.06.2024 खोलने की दिनांक 10.07.2024 UBN No. MML2425GSOB00043 | सप्लाई, इंस्टालेशन, टेस्टिंग एंड कमीशंनिग ऑफ एल टी स्टार डेल्टा स्टार्टर पैनल सेट, अनुमानित राशि 8,00,000/-, धरोहर राशि 16,000/- निविदा प्रपत्र मूल्य 1180/- प्रोसेसिंग राशि 1000/- |
| E-Tender No. 05/24-25 दिनांक 19.06.2024 खोलने की दिनांक 10.07.2024 UBN No. MML2425GLOB00044 | सप्लाई इंस्टालेशन, टेस्टिंग एंड कमीशनिंग ऑफ 3 पोल, 145 केवी, एस एफ 6 सर्किट ब्रेकर, अनुमानित राशि 10,78,000/-, धरोहर राशि 21,600/- निविदा प्रपत्र मूल्य 1180/- प्रोसेसिंग राशि 1000/- |

विस्तृत जानकारी के लिए हमारी वेबसाईट www.rsmm.com/ www.sppp.rajasthan.gov.in, अथवा उप महाप्रबंधक (मटेरियल मैनेजमेंट) से उपरोक्त पतें पर सम्पर्क करें।

राज.संवाद/सी/24/1363 उप महाप्रबन्धक (का.एवं प्रशा.)

**राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद्**

भू- तल, ब्लॉक-6, डॉ.एस. राधाकृष्णन शिक्षा संकुल, जवाहर लाल नेहरू मार्ग, जयपुर।

फोन नं: 0141-2700459 E-Mail:- RAJSMSA.CIVIL@RAJASTHAN.GOV.IN

क्रमांक:- F-5(1)(260)RCSCE/Civil /SMSA/NIT 04 2024-25 /2024/Vol-2/D-2123 दिनांक: 26.06.2024

ई-निविदा सूचना संख्या 04 (सिविल)/2024-25 (राजकीय विद्यालय/केजीबीवी/नेताजी सुभाष चन्द्र बोस हॉस्टल/डाईट/एससीआरटी के निर्माण/मरम्मत कार्यों हेतु)

राज्य एवं केन्द्र सरकार के राजकीय/अर्द्धशासकीय/स्वायत्तशासी निकायों में सक्षम श्रेणी में निर्माण कार्यों हेतु पंजीकृत संवेदकों से समग्र शिक्षा एवं नाबार्ड योजनान्तर्गत स्वीकृत 39 राजकीय विद्यालय/केजीबीवी/नेताजी सुभाष चन्द्र बोस हॉस्टल/डाईट/एससीआरटी के निर्माण/मरम्मत कार्यों हेतु राशि रू. 16583.51 लाख (प्रति कार्य की राशि रुपये 204.46 लाख से 744.73 लाख के मध्य) बाबत् कार्यवार ई-टेण्डरिंग के माध्यम से ई-निविदाऐं 28/06/2024 प्रातः 10.00 बजे से 18/07/2024 को सायं 6.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है।

- निविदा से सम्बधित समस्त विस्तृत विवरण वेबसाईट http://rajsmsa.nic.in, http://sppp.rajasthan.gov.in एव http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।
- निविदा से सम्बन्धित प्रक्रिया जिला परियोजना समन्वयक, समग्र शिक्षा कार्यालय सम्बन्धित जिला के स्तर से की जावेगी।

UBN NO.- RSE2425WLOB00309

राज.संवाद/सी/24/1392 राज्य परियोजना निदेशक, समग्र शिक्षा

**निदेशक**

**महानिदेशक, गृह रक्षा, राजस्थान, जयपुर**

फोन :- 0141-2612591, फैक्स : 0141-2612592, ई-मेल : store.hghq.ra@rajasthan.gov.in

क्रमांक : निगृर/भण्डार/18/खाली कारतूस/2022-23/-00083/8124498 दिनांक : 24.06.2024

नीलामी सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि गृह रक्षा विभाग में प्रयोगशुदा कारतूसों के खाली खोखों से प्राप्त निम्नांकित धातुओं की सिल्लीयों की खुली नीलामी दिनांक 22.07.2024 को दोपहर 12.00 बजे आलू फैक्ट्री, एमआई रोड़, केन्द्रीय शस्त्र भण्डार गृह रक्षा, जयपुर में नियमानुसार गठित समिति द्वारा की जायेगी

| क्र. सं. | धातु का नाम | अनुमानित मात्रा | बोली अमानत राशि ( रुपये में ) |
|---|---|---|---|
| 1 | पीतल | 7474.01 किग्रा. | 50,000 |
| 2 | तांबा | 67.520 किग्रा. | 1,000 |
| 3 | एल्यूमिनियम | 53.140 किग्रा. | 500 |
| 4 | सीसा | 356.240 किग्रा. | 1000 |
| 5 | खाली बॉक्स लोहा | लगभग 7734.00 किग्रा. | 4000 |
| 6 | केरियर लोहा फ्रेम | लगभग 2331 किग्रा. | |
| 7 | ड्रम लोहा (20 लीटर) | लगभग 12.5 किग्रा. | |
| 8 | एम.टी. केश 45 बॉल टी.एम.सी. (लोहा) | लगभग 50.00 किग्रा. | |

नोट :- नीलामी की विस्तृत शर्ते किसी भी कार्य दिवस को निम्न हस्ताक्षरकर्त्ता के कार्यालय में उपस्थित होकर अथवा विभागीय वेबसाइट http://www.home.rajasthan.gov.in/homeguards अथवा राजस्थान सरकार के राज्य लोक उपापन पोर्टल (http://www.sppp.rajasthan.gov.in) पर देखी जा सकती है। UBN No.:- HGR2425WSLB00001

( डॉ. विष्णु कान्त )

DIPR/C/5015/2024 महानिरीक्षक पुलिस, गृह रक्षा, राजस्थान, जयपुर

# एआईआर 9,13,379 रैंक वाले छात्र एवं 10,94,961 रैंक वाली छात्रा को एनआईटी

**कोटा,** (निसं)। देश की आईआईटी, एनआईटी समेत 121 संस्थानों की 59 हजार 917 सीटों के लिए जोसा काउंसलिंग चल रही है। स्टूडेंट्स दूसरे राउण्ड के सीट आवंटन के बाद ऑनलाइन रिपोर्टिंग 2 जुलाई शाम 5 बजे तक कर सकते हैं। विद्यार्थी जिनकी ऑनलाइन रिपोर्टिंग के दौरान अपलोड किए गए डॉक्यूमेंट्स में कमी पाई जाएगी, उन्हें 3 जुलाई शाम 5 बजे तक आई क्वेरी का रेस्पॉन्स देना होगा। अन्यथा उनकी सीट निरस्त कर दी जाएगी। एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट के कॅरियर काउंसलिंग एक्सपर्ट अमित आहूजा के अनुसार जोसा काउन्सलिंग के दूसरे राउंड के सीट आवंटन में जेण्डर न्यूट्रल पूल कोटे से 9 लाख 13 हजार 379 रैंक वाले छात्र को ओपन केटेगरी में एनआईटी सिक्किम में होम स्टेट कोटे से सिविल ब्रांच आवंटित हुई है। इसके साथ ही जेण्डर न्यूट्रल पूल कोटे से आईआईटी की क्लोजिंग रैंक 15 हजार 955 रही जोकि आईआईटी धारवाड़ की इंट्राडीसिप्लनरी साइंस पचवर्षीय ब्रांच की है। वही दूसरी ओर फीमेल पूल कोटे से सुपर न्यूमरेरी सीटें मिलाकर 10 लाख 94 हजार 961 रैंक वाली छात्रा को ओपन केटेगरी में एनआईटी सक्किम में होम स्टेट कोटे से सिविल ब्रांच मिली है। साथ ही फीमेल पूल कोटे से आईआईटी की क्लोजिंग रैंक 24 हजार 420 रही जोकि धारवाड़ की इंट्राडीसिप्लनरी साइंस पंचवर्षीय ब्रांच की है। एक्सपर्ट आहूजा के अनुसार ऐसे विद्यार्थी जिन्हें द्वितीय राउण्ड में आईआईटी से एनआईटी एवं एनआईटी से आईआईटी सीट का आवंटन हुआ है, उनके पहले राउण्ड सीट आवंटन में अपलोड किए गए दस्तावेजों को नए आवंटित सिस्टम से दोबारा सत्यापन किया जा रहा है। उसके बाद ही इनकी नई आवंटित सीट कन्फर्म की जाएगी। इसके विपरीत जिन विद्यार्थियों को पूर्व में सीट का आवंटन हो चुका है और फ्लॉट व स्लाइड का विकल्प चुना है, उन्हें दूसरे राउण्ड में आईआईटी से आईआईटी एवं एनआईटी से एनआईटी सीट का आवंटन हुआ है और उनके पूर्व में सत्यपित डॉक्यूमेंट्स के आधार पर ही नई सीट कन्फर्म की गई है। ये सभी विद्यार्थी अपनी पहले राउण्ड में आवंटित सीट को नई सीट आवंटित होने पर कोई क्लेम नहीं कर सकेंगे।

# 'जनसुनवाई में प्राप्त होने वाले परिवादों का समय पर निस्तारण करें'

**कोटा,** (निसं)। शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर ने शुक्रवार को स्वामी विवेकानंद नगर स्थित मां भारती विद्यालय में समस्या समाधान शिविर के अंतर्गत जनसुनवाई की जिसमें 174 प्रकरण प्राप्त हुए।

शिक्षा मंत्री ने एक-एक परिवादी की बात बड़ी ही तल्लीनता से सुनी और सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि आमजन से प्राप्त शिकायतों का संवेदनशीलता से समय पर निस्तारण करें। जनसुनवाई स्थल पर ही सभी विभागों के स्टॉल लगाकर शिकायतों का पंजीयन किया गया।

शिक्षा मंत्री ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि आगामी माह में की जाने वाली जनसुनवाई में सभी विभाग अपने-अपने विभागों की योजनाओं, उनकी पात्रता एवं किस प्रकार से आवेदन किया जाए इसकी जानकारी पर आधारित फ्लेक्स एवं पंपलेट का भी वितरण करना सुनिश्चित करें जिससे पात्र नागरिक सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ ले सकें।



**कोटा में शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने जनसुनवाई में आमजन की समस्याएं सुनी है।**

शिक्षा मंत्री ने कोटा विकास प्राधिकरण की उप सचिव को निर्देश दिए कि घुमंतू एवं बीपीएल परिवार के नागरिक जिनके पक्के घर या छत नहीं है उनका तीन माह में सर्वे कर विभिन्न योजनाओं में पुनर्वासित किया जाए। उन्होंने कोटा विकास प्राधिकरण एवं नगर निगम के खाली पड़े भूखंडों में कचरा एवं गंदा पानी भर जाने की शिकायत प्राप्त होने पर अधिकारियों को तीन दिवस में सफाई करने के निर्देश दिए।

जनसुनवाई में खाद्य विभाग, पीएचईडी, जेवीवीएनएल केडीईएल, रोडवेज, चिकित्सा स्वास्थ्य, जिला उद्योग केंद्र सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, प्रतिनिधि एवं आमजन उपस्थित थे।

# प्रेरणादायक संवाद सत्र का आयोजन

**कोटा,** (निसं)। शहर की पुलिस अधीक्षक अमृता दुहन और कोटा पुलिस कर्मियों के नेतृत्व में रेजोनेंस कोटा परिसर में एक प्रेरणादायक संवादात्मक सत्र का आयोजन किया गया। सत्र के दौरान उनके साथ विशेष रूप से डीवायएसपी मिस गरिमा, (कोटा शहर पश्चिम) भी शामिल रही।

इस सत्र में दुहन ने छात्रों का मार्गदर्शन किया और उन्हें विभिन्न विषयों पर प्रेरित किया। यह कार्यक्रम रेज़ोनेंस की स्टूडेंट केयर विंग श्रेज़ो केयरश् एवं कोटा पुलिस अमले के द्वारा आयोजित किया गया। पुलिस अधीक्षक दुहन ने विद्यार्थियों के लिए समय सारिणी का पालन करने और व्यक्तिगत क्षमता के अनुसार योजना बनाने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने विद्यार्थियों को सलाह दी कि वे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर ध्यान केंद्रित करें और वांछित परिणाम प्राप्त करने की रणनीतियाँ अपनाएं। इंटरनेट और सोशल मीडिया के उचित उपयोग पर भी चर्चा की गई ।

## नगर निगम कोटा दक्षिण, राजस्थान

क्रमांकः– 97 —:: सार्वजनिक विज्ञप्ति ::— दिनांकः– 24.06.2024

सर्व–साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम कोटा दक्षिण के क्षेत्राधिकार में आने वाले ऐसे भूखण्ड मालिक जिनके भूखण्ड खाली पडे हुये है और उन पर निर्माण कार्य नहीं किया है। वह अगले 15 दिवस में अपने भूखण्डो पर चारदिवारी कर मिट्टी इत्यादि भरकर उनको समतलीय करे ताकि बरसात के मौसम में उनमें मक्खी, मच्छर व जहरीले जीव–जन्तु इत्यादि नहीं पनपे और दुर्घटना नहीं हो। जो भी रिक्त भूखण्ड मालिक के द्वारा 15 दिवस में अपने भूखण्डो पर चारदिवारी कर समतलीय नहीं करेगें उन पर नियमानुसार कानूनी कार्यवाही की जावेगी।

राज.संवाद/सी/1378/2024–25 आयुक्त

## कार्यालय नगर निगम कोटा उत्तर ( राज. )

क्रमांकः-ननिको/को.उ./राजस्व/2024/95-96 दिनांकः-28.6.2024

**सार्वजनिक आपत्ति सूचना**

सर्व साधारण को जर्ये आम सूचना सूचित किया जाता है कि श्री सूरज सिंह पुत्र श्री किशन सिंह निवासी मकान नं. 52, 53 सरस्वती विहार रंगतालाब कोटा द्वारा नगर निगम कोटा की होटल/रेस्टोरेन्ट/मैस उपविधि 2016 के अनुसार SOD MULTI CUISINE रेस्टोरेन्ट जगन्नाथपुरा बारां रोड कोटा की अनुमति चाही गयी है।

इस संबंध में किसी व्यक्ति/संस्था को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना के प्रकाशन दिनांक से 07 दिवस की अवधि में राजीव गांधी भवन नगर निगम कोटा उत्तर के ब्लॉक सी के द्वितीय तल के कमरा नं. 307 में अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा उपरोक्त उपविधि के अनुसार कार्यवाही प्रस्तावित कर दी जावेगी। सूचित हो।

**उपायुक्त नगर निगम कोटा ( उत्तर )**

# ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर केन्द्रीय विद्युत एवं कोयला मंत्री मनोहर लाल से मिले

**कोटा,** (निसं)। ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने शुक्रवार को दिल्ली में केन्द्रीय विद्युत मंत्री मनोहर लाल तथा केन्द्रीय कोयला एवं खान मंत्री जी. किशन रेड्डी से मुलाकात की। इस दौरान नागर ने दोनों केन्द्रीय मंत्रियों के समक्ष प्रदेश में बिजली एवं कोयले की आपूर्ति में सुधार से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से रखा। इस पर केन्द्रीय मंत्रियों ने पूर्ण सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया।

केंद्रीय विद्युत मंत्री से संसद भवन स्थित कक्ष में हुई मुलाकात के दौरान प्रदेश में विद्युत तंत्र के सुदृढ़ीकरण, नए 33/11केवी जीएसएस निर्माण, फीडर सेपरेशन के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में उपभोक्ताओं को बिजली की बेहतर आपूर्ति सहित अन्य विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई।



**राजस्थान के ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने केंद्रीय मंत्रियों से मुलाकात की है।**

केन्द्रीय बिजली मंत्री ने नागर को आश्वस्त किया कि राजस्थान के विद्युत तंत्र के सुदृढ़ीकरण के लिए आरडीएसएस योजना के माध्यम से जो प्रस्ताव राजस्थान सरकार की ओर से आएंगे उन्हें सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ स्वीकृति प्रदान की जाएगी। उल्लेखनीय है कि केन्द्र एवं राज्य की 60 अनुपात 40 की वित्तीय भागीदारी से यह योजना संचालित होती है। ऊर्जा मंत्री ने बताया कि राजस्थान की ओर से इस योजना में 10 हजार करोड़ रूपयों के कार्यों के प्रस्ताव मंजूरी के लिए भिजवाए जाने हैं। नागर ने केन्द्रीय विद्युत मंत्री को राजस्थान के प्रवास पर आने के लिए आमंत्रित किया।

मनोहर लाल ने कहा कि वे बजट सत्र के बाद इस संबंध में केन्द्रीय अधिकारियों से चर्चा कर राजस्थान के दौरे की रूपरेखा तैयार करेंगे।

- **'राजस्थान के विद्युत तंत्र के सुदृढ़ीकरण एवं कोयला खनन में केन्द्र से पूर्ण सहयोग मिलेगा'**

शास्त्री भवन में कोयला मंत्री रेड्डी से हुई मुलाकात के दौरान नागर ने उन्हें कोयले की आपूर्ति एवम इसके खनन से संबंधित प्रदेश हित से जुड़े मुद्दों से अवगत कराया।

उन्होंने रेड्डी को बताया कि राजस्थान को आवंटित कैप्टिव माइंस हस्तांतरित हो जाती है तो कोयले की कोई कमी नहीं रहेगी तथा कोल इंडिया एवं अन्य स्रोतों से कोयले की खरीद पर होने वाले 40 प्रतिशत के अतिरिक्त वित्तीय भार का बोझ नहीं उठाना पड़ेगा। इसका लाभ प्रदेश के बिजली तंत्र एवं उपभोक्ताओं को होगा। रेड्डी ने इस संबंध में केंद्र सरकार के स्तर पर हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया।

# मुख्यमंत्री 30 जून को किसानों से संवाद करेंगे

**कोटा,** (निसं)। किसान सम्मान निधि योजना के शुभारंभ समारोह में मुख्यमंत्री 30 जून को दोपहर 12 बजे किसानों से संवाद करेंगे। वीसी के माध्यम से कोटा जिला मुख्यालय पर किसान सम्मान निधि योजना के 500 लाभार्थियों एवं जिले के सभी ब्लॉक मुख्यालय पर 200 एवं ग्राम पंचायत स्तर पर 50 लाभार्थियों से वीसी के माध्यम से जुड़ेंगे। जिला कलेक्टर डॉ. रविन्द्र गोस्वामी ने बताया कि कार्यक्रम जिला मुख्यालय पर राज्य कृषि प्रबंधन संस्थान (सिआम) ऑडिटोरियम में एवं जिले के सभी ब्लॉक मुख्यालय एवं ग्राम पंचायत स्तर पर आयोजित किया जाएगा।

## कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी नगर विकास न्यास, कोटा

क्रमांकः LU2012/KOT/2024-25/100721 **लोक सूचना** दि.28.06.2024

श्री PREM NARAYAN MALAV पुत्र श्री KALU LAL MALAV जाति DHAKAD निवासी RANGPUR ROAD, BHADANA, KISHANPURA TAKIYA KOTA ने इस कार्यालय मे नीचे उल्लिखित भूमि का आवासीय प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारी के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात्:–

| क्र. सं. | ग्राम तहसील व जिले का नाम | खातेदार का नाम | खसरा सं. | क्षेत्रफल (वर्ग मीटर) | क्षेत्रफल (हैक्टे.) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | भदाना, लाडपुरा (कोटा) | 1. KISHAN MURARI S/O KALULAL HISSA 1/5 CASTE- DHAKAD 2. PREMNARAYAN S/O KALU LAL HISSA 1/5, BRIJDEVI W/O KALU LAL HISSA 1/5, 4. RAJESHWARI D/O KALU LAL HISSA 1/5, 6- SURAJKALAM D/O KALU LAL HISSA 1/5 CASTE- DHAKAD KHATEDAR | 643 | 14100 | 1.41 |
| | | | | कुल | 1.41 |

इसलिए इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियो को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90-क औरा राजस्थान अभिधृति अधिनियम,1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारो के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर–भीतर अपनी एसएसओ आईडी से लॉग इन कर 90-A For Development Authority (UDH) आईकॉन पर जाकर समर्थक दस्तावेज को अपलोड कर अपना आक्षेप दर्ज कर सकते है। उपर्युक्त नियम समय के भीतर–भीतर किसी आक्षेप के अभाव मे यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नही है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जावेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज 28/06/2024 को जारी की गयी।

**प्राधिकृत अधिकारी नगर विकास न्यास, कोटा**

## आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार रमेशचन्द आत्मज श्री घांसीलाल जाति लुहार उम्र 69 वर्ष निवासी के. एच. 56 सेक्टर 6 केशवपुरा कोटा के साथ उनके पुत्र मनीष पांचाल व पुत्रवधू सोनू पांचाल जो वर्तमान में मेरे पक्षकार के साथ निवासरत है परन्तु वे लोग आये दिन, मेरे पक्षकार व उसकी पत्नी श्रीमती कैलाश देवी के साथ दुर्व्यवहार करते हैं तथा मारपीट पर उतारू हो जाते हैं तथा आयेदिन मेरे पक्षकार व अन्य परिजनों को झूठे मुकदमों में फंसाने की धमकी देते हैं तथा उक्त मकान जो मेरे पक्षकार के नाम रजिस्टर्ड है जिसका मेरा पक्षकार एकमात्र मालिक है और मेरा पक्षकार अपने पुत्र मनीष पांचाल व पुत्रवधू सोनू पांचाल को उनके उपरोक्त दुर्व्यवहार के कारण उनसे भविष्य में कोई संबंध नहीं रखना चाहता है एवं स्वेच्छा से अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता है और भविष्य में मनीष पांचाल व सोनू पांचाल कोई भी गलत कदम उठाते हैं तो उसकी जिम्मेदारी मेरे पक्षकार व उसकी पत्नी कैलाश देवी की नहीं होगी तथा भविष्य में जो भी व्यक्ति मनीष पांचाल व सोनू पांचाल से व्यवहार करेगा उसके लिये स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरे पक्षकार व उसकी पत्नी कैलाश देवी की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। सूचित हों।

**राकेश गुप्ता, एडवोकेट**
3/23 लाडपुरा, स्टाईलिश टेलर के उपर,
दि. 20.6.24 लाडपुरा, कोटा मो.- 9352602482

## कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी नगर विकास न्यास, कोटा

क्रमांक : LU2012/KOT/2024-25/100720 **लोक सूचना** दिनांक : 28.06.2024

श्री GIRIRAJ PRASAD पुत्र श्री BABU LAL PRASAD जाति MEGHWAL निवासी PREM NAGAR CHORAHA IST POOJA CYCLE KI GALI, PREM NAGAR UDHYOG PURI KOTA, ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का आवासीय प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारी के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात :-

| क्र. सं. | ग्राम तहसील व जिले का नाम | खातेदार का नाम | खसरा सं. | क्षेत्रफल (वर्ग मीटर) | क्षेत्रफल (हैक्टे.) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | सोगरिया, लाड़पुरा (कोटा) | GIRIRAJ PRASAD S/O BABU LAL PRASAD HISSA PURNA NIWASI PREM NAGAR CHOURAHA FIRST POOJA CYCLE KI GALI PREM NAGAR KOTA KHATEDAR | 112/455 | 18700 | 1.87 |
| | | | 677/673 | 1000 | 0.1 |
| | | | | कुल | 1.97 |

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90-क औरा राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनो के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर अपनी एसएसओ आईडी से लॉग इन कर 90-A For Development Authority (UDH) आईकॉन पर जाकर समर्थक दस्तावेज को अपलोड कर अपना आक्षेप दर्ज कर सकते है। उपर्युक्त नियम समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नही है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जावेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज 28.06.2024 को जारी की गयी।

प्राधिकृत अधिकारी, नगर विकास न्यास, कोटा

# थैलेसीमिया रोगियों के लिए नि:शुल्क कैम्प का आयोजन आज

**कोटा,** (निसं)। सेवा भारती कोटा महानगर (कोटा) द्वारा दिल्ली-एन. सी.आर की संस्था ग्लोबली इंटीग्रेटिड फॉउंडेशन फॉर थैलेसीमिया (गिफ्ट) के साथ मिलकर कोटा व आसपास के शहरों के थैलेसीमिया ग्रस्त बच्चों के लिए नि:शुल्क कैम्प का आयोजन 29 मई को दोपहर 12 बजे शहर के लायंस क्लब भवन, झालवाड़ रोड, एयरपोर्ट के सामने किया जा रहा है।

शिविर में 12 वर्ष तक कि आयु वर्ग के थैलेसीमिक बच्चों, उनके सगे भाई-बहनों, माता-पिता की पूर्णतया निशुल्क एचएलए (ह्यूमैन ल्यूकोसाइट्स एंटीजेन) जांच की जायेगी। गिफ्ट संस्था के संस्थापक मदन चावला के अनुसार थैलेसीमिया के स्थाई इलाज (बोन मैरो ट्रांसप्लांट) के लिए यह जांच सबसे पहला और सबसे महत्वपूर्ण कदम है। इस जांच के बिना बोन मैरो ट्रांसप्लांट की संभावना ही नहीं है। बाजार में एक व्यक्ति की एचएलए जांच की लागत लगभग 10 से 12 हजार रुपए तक होती है। इस शिविर में थैलेसीमिक बच्चों की निशुल्क जाँच व इस विषय में महत्वपूर्ण जानकारी देने के लिए विशेष रूप से फोर्टिस मैमोरियल रिसर्च इंस्टीट्यूट गुरुग्राम से बाल रक्त विकार, कैंसर एवं बोन मैरो ट्रांसप्लांट के वरिष्ठ विशेषज्ञ डॉ विकास दुआ व उनके सहयोगी डॉ अरुण दनेवा आ रहे हैं।

सेवा भारती वर्षों से जरूरतमंद बच्चों की विभिन्न प्रकार से मदद एवं में निस्वार्थ रूप से कार्यरत है। चिकित्सा आयाम प्रमुख सुरेंद्र अग्रवाल के अनुसार थैलेसीमिया ग्रस्त बच्चों की मदद के लिए यह नि:शुल्क शिविर एक अच्छी शुरूआत है। इस शिविर में जिन बच्चों का एच एल ए मिलान हो जायेग, लायंस क्लब, गिफ़्ट थैलेसीमिया फॉउंडेशन एवं फोर्टिस अस्पताल गुरुग्राम के सयुंक्त प्रयास से बिल्कुल कम से कम लागत में बोन मैरो ट्रांसप्लांट करवाये जाएंगे। भविष्य में भी कोटा और राजस्थान के अन्य शहरों में ऐंसे शिविरों का आयोजन किया जाता रहेगा। इस तरह का यह शिविर कोटा में पहली बार आयोजित किया जा रहा है, जिसका लाभ कोटा व आसपास के थैलेसीमिया से पीड़ित बच्चे ले सकते हैं।

# प्रग्गेश यादव ने एसडीपी डोनेट की

**कोटा,** (निसं)। टीम जीवन दाता द्वारा लोगों की मदद का सिलसिला निरंतर जारी है। ऐसे में भर्ती मरीज जोगेन्द्र को दूसरी बार ए पॉजिटिव एसडीपी उपलब्ध कराई है। टीम जीवनदाता के संरक्षक व संयोजक भुवनेश गुप्ता ने बताया कि निजी अस्पताल में भर्ती जोगेंद्र के परिजन लगातार परेशान हो रहे थे। परिजन अमर ने टीम जीवनदाता से फिर से एक बार एसडीपी के लिए गुहार लगाई।

दूर दराज से आने के कारण कोई उनके साथ भी नहीं था, लेकिन उनकी पूरी मदद की गई। ऐसे में प्रग्गेश यादव को कॉल किया तो वह सीसीटीवी लगाने का कार्य करते हैं और कहीं साइड पर व्यस्त थे, लेकिन जब उन्हें मरीज की गंभीर स्थिति के बारे में बताया तो वह तुरंत ही राजी हो गए और अपना ब्लड सेंटर तलवंडी पहुंचे और तीसरी बार एसडीपी डोनेट की है।

वह इससे पूर्व 20 बार ब्लड डोनेशन कर चुके हैं। उनके पिता गौशाला चलते हैं और गायों की पूजा करते हैं। पिता भी अपने समय में रक्तदान करते रहे हैं और प्रग्गेश में भी संस्कार घर से ही आए हैं। उन्होंने कहा कि सेवा का प्रतिफल जीवन में सुखद संदेश देता है।

# कृषि जिन्सों पर एक प्रतिशत मण्डी शुल्क करने की मांग की

**कोटा,** (निसं)। लाडपुरा विधायक कल्पना देवी ने किसान हित में मंडियों में बिकने वाले माल के ऊपर कोरोना काल के दौरान लगाये गये मण्डी शुल्क के अतिरिक्त 1.00 प्रतिशत कृषक कल्याण फीस को हटाने एवं मध्यप्रदेश में लग रहे मंडी शुल्क की भांति ही राज्य में 1.60 प्रतिशत के स्थान पर शुल्क 1.00 प्रतिशत करने की लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला एवं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को पत्र लिखकर मांग की।

विधायक ने बताया कि कांग्रेस सरकार द्वारा कोरोना काल में राज्य में लागू मंडी शुल्क की दर 1.60 प्रतिशत के अतिरिक्त 1.00 प्रतिशत कृषक कल्याण फीस (के.के.एफ.) कोरोना के नाम पर लगाया गया था। जिस पर पूरे राज्य में मण्डी व्यापारी, संस्थाओं एवं किसान संगठनों ने इसका विरोध किया। तत्कालीन सरकार ने विरोध के फलस्वरूप 31 मार्च 2024 तक की अवधि के लिए इसे 1.00 प्रतिशत की बजाय 0.50 प्रतिशत कर दिया था। इस प्रकार इस शुल्क के लगने से राज्य में कुल मण्डी शुल्क (1.60 0.50) 2.10 प्रतिशत उस समय लागू हो गया था। वर्तमान सरकार ने कृषक कल्याण फीस को दिनांक 30 जून 2024 तक की अवधि के लिए बढा दिया था। यदि सरकार द्वारा इसमें कोई बदलाव नही किया गया तो नियत अवधि के उपरांत दिनांक 01 जुलाई 2024 से राज्य के व्यापारियों पर मण्डी शुल्क के अलावा कृषक कल्याण फीस पूर्व की भांति 1.00 प्रतिशत लागू हो जायेगी एवं किसानों पर पड़ने वाला भार (1.60 1.00) 2.60 प्रतिशत हो जायेगा। मण्डी शुल्क के अतिरिक्त इस 1.00 प्रतिशत कृषक कल्याण फीस के लगने से अप्रत्यक्ष रूप से किसान को भावों में काफी नुकसान होगा। राजस्थान से सटे मध्यप्रदेश राज्य में वर्तमान में मण्डी शुल्क मात्र 1.00 प्रतिशत है। इस विसंगति से राज्य का सम्पूर्ण व्यापार प्रभावित हो रहा है।

किसानों को मध्यप्रदेश की मंडियों में अपनी जिंसों का अधिक भाव मिलने से वह माल वहां ले जाने लगे हैं। जिस कारण राज्य सरकार के राजस्व में भी नुकसान हो रहा है। किसान हित में मंडियों में बिकने वाले माल के ऊपर कोरोना काल के दौरान लगाये गये मण्डी शुल्क के अतिरिक्त 1.00 प्रतिशत कृषक कल्याण फीस को हटाने एवं मध्यप्रदेश में लग रहे मंडी शुल्क की भांति ही राज्य में 1.60 प्रतिशत के स्थान पर 1.00 प्रतिशत करने हेतु पत्र लिखा है।

## आम सूचना

हर आम व खास को सूचित करता हूं कि मेरे पक्षकार मोहम्मद इदरीस अंसारी पुत्र श्री मोहम्मद रफीक जाति मुसलमान निवासी 5, गली नं. 9-ए, सरस्वती कॉलोनी, बारां रोड कोटा राजस्थान द्वारा एक मकान दो मंजिला जो भूखण्ड संख्या 1-बी के पश्चिम दिशा वाले आधे भाग पर बना हुआ है। जिसकी पैमायश 34X24=816 वर्गफुट वाके गली नं. 9, सरस्वती कॉलोनी बारां रोड, ग्राम रामपुरा तहसील लाडपुरा जिला कोटा राजस्थान में स्थित है जो आरजी खसरा संख्या 540 व 541 में का भाग है, का क्रय श्री साजिद अंसारी आत्मज श्री अब्दुल सलाम जाति मुसलमान निवासी मकान नं. 209-बी, वक्फ नगर दादाबाडी कोटा से कर रहा है उक्त मकान के संबंध में एक इकरारनामा साजिद अंसारी द्वारा मेरे पक्षकार के पक्ष में दिनांक 28.06.2024 को आलेखित कर दिया है। उक्त मकान के खरीद-फरोक्त के संबंध में किसी भी व्यक्ति को कोई उज्र या आपत्ति हो तो सात दिवस में मुझे सूचित करें। अन्यथा कोई उज्र या आपत्ति मान्य नही होगी। सूचित हो।

भवदीय
प्रवीण कुमार पनवाड़, एडवोकेट
मो.न.9413201205

## राजस्थान सरकार
## कार्यालय सहायक आयुक्त, देवस्थान विभाग, कोटा खण्ड कोटा

**राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 ( 2 ) के अधीन नोटिस**

**समस्त संबंधित व्यक्तियों को**

**मुकदमा नम्बर 40 /2024**

**( नाम वर्णन तथा निवास स्थान )**

चूंकि श्री अकबर अली रंगवाला निवासी प्लोट नं. 1 बुरहानी पार्क, रामनगर, नान्ता कोटा द्वारा राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17 (2) के अन्तर्गत प्रन्यास एम.एस.बी. एज्युकेशनल सोसायटी प्लोट नं. 1 बुरहानी पार्क रामनगर नान्ता कोटा के संबंध में पंजीयन हेतु जांच किए जाने के लिए आवेदन-पत्र दिया है।

अतएव धारा 18 की उप-धारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए, यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से 60 दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के संबंध में आपत्तियां यदि कोई हो तो प्रस्तुत करें।

और सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां प्रस्तुत नहीं की गई तो उक्त आवेदन-पत्र निर्धारित प्रक्रिया अनुसार निर्णित किया जावेगा तथा जांच प्रपत्र मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।

आज दिनांक 27.06.2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय की मोहर के अधीन जारी किया गया।

प्रकरण में आगामी सुनवाई की दिनांक 28.08.2024 है।

**सहायक आयुक्त**
**देवस्थान विभाग कोटा**

## कार्यालय नगर विकास न्यास, कोटा

क्रमांकः-एफ-15/कृ.भू.रू./2024/1492 विज्ञप्ति दिनांकः-28.6.2024

सर्व साधारण को जर्ये विज्ञप्ति सूचित किया जाता है कि ग्राम कुन्हाडी में स्थित कृषि भूमि योजना लक्ष्मण विहार भूखण्ड संख्या 38 खसरा नं. 375 आवेदक/आवेदिका श्रीमती उर्मिला शर्मा पत्नी श्री आशीष पाण्डे निवासी वार्ड नं. 3 केशवरायपाटन बून्दी राज. द्वारा ऑनलाईन नाम हस्तान्तरण हेतु न्यास कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त भूखंड का पट्टा क्रमांक 13108 दिनांक 23.11.2012 को श्रीमती मेघा पंवार पत्नी श्री उत्पल पवार के पक्ष में जारी किया गया था। पट्टेधारी द्वारा बैंक ऑफ बडौदा से ऋण लिया गया था। ऋण का भुगतान नही करने के कारण बैंक द्वारा उक्त भूखण्ड का कुर्क कर श्रीमती उर्मिला शर्मा पत्नी श्री आशीष पाण्डे को जर्ये रजि. विक्रय पत्र दिनांक 29.05.2023 को बैचान किया गया है।

अत: श्रीमती उर्मिला शर्मा पत्नी श्री आशीष पाण्डे के पक्ष में नाम हस्तान्तरण जारी किये जाने में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो अन्दर 7 योम कार्यालय में उपस्थित होकर अथवा लिखित में अद्योहस्ताक्षरकर्ता को प्रस्तुत करें। मियाद गुजर जाने के बाद आपत्ति मान्य नही होगी।

**उपसचिव नगर विकास न्यास, कोटा**

## कार्यालय नगर विकास न्यास, कोटा

क्रमांक-747 **नाम हस्तान्तरण चाहने बाबत आम सूचना** दिनांक 26.6.2024

नगर विकास न्यास कोटा द्वारा सुभाष नगर आवासीय योजना भूखण्ड संख्या 257 का आवंटन/हस्तांतरण पत्र क्रमांक 314-15 दिनांक 10.07.2005 को श्री समीम अहमद पुत्र श्री मोहम्मद हुसैन को किया गया था। आवंटी श्री समीम अहमद पुत्र श्री मोहम्मद हुसैन द्वारा उक्त भूखण्ड का मुख्तारआम श्री रजनीश कुमार श्रृंगी पुत्र श्री सत्यनारायण श्रृंगी को मुख्तारआम नियुक्त किया गया है। मुख्तारआम श्री रजनीश कुमार श्रृंगी पुत्र श्री सत्यनारायण श्रृंगी द्वारा उक्त भूखण्ड संख्या 257 को जरिये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 28.08.2008 को श्री संजीव गौत्तम पुत्र श्री महावीर प्रसाद के द्वारा नाम हस्तान्तरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अत: जरिये आम सूचित किया जाता है कि यदि इस नाम हस्तान्तरण की स्वीकृति देने में किसी को भी कोई ऐतराज हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिवस के अन्दर अन्दर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर दें, अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात उक्त भूखण्ड संख्या 257 सुभाष नगर आवासीय योजना का नाम हस्तान्तरण श्री संजीव गौत्तम पुत्र श्री महावीर प्रसाद के नाम स्वीकृति जारी कर दी जावेगी।

**उप सचिव, नगर विकास न्यास, कोटा**

## राजस्थान आवासन मण्डल कोटा वृत्त कोटा

क्रमांकः-उ.आ.आ./को.वृ.को./2023-2024/2473 दिनांकः 27.06.24

**जाहिर आम सूचना**

आवास संख्या 4 एल 6 दादाबाड़ी विस्तार कोटा का आवंटन मंडल द्वारा श्रीमती बीना रानी पत्नी श्री अशोक कुमार को किया गया। श्रीमती बीना रानी द्वारा उक्त आवास का बैचान जरिये इकरारनामा, मुख्तारनामा एवं वसीयतनामा द्वारा आलेखित कर दिनांक 30.08.1983 को श्रीमती प्रवेश शर्मा पत्नी श्री पूरणचन्द शर्मा को किया गया। श्रीमती प्रवेश शर्मा की मृत्यु दिनांक 26.01.2008 को हो गयी, मृत्यु पश्चात उनके वारिसान श्री प्रमोद कुमार शर्मा पुत्र श्री पूरणचन्द शर्मा द्वारा इस कार्यालय में अपने पक्ष में नियमितिकरण हेतु आवेदन किया गया।

अत: इस आवास का नियमितिकरण श्री प्रमोद कुमार शर्मा पुत्र श्री पूरणचन्द शर्मा के नाम करने में किसी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति हो तो 07 दिवस के अन्दर इस कार्यालय को सूचित करें। अन्यथा यह मानते हुए कि इस आवास का नियमितिकरण श्री प्रमोद कुमार शर्मा पुत्र श्री पूरणचन्द शर्मा के नाम किए जाने में किसी भी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति नहीं है। उक्त आवास का नियमितिकरण श्री प्रमोद कुमार शर्मा पुत्र श्री पूरणचन्द शर्मा के नाम कर दिया जावेगा।

**उप आवासन आयुक्त राजस्थान आवासन मण्डल कोटा वृत्त कोटा**

# 'पर्यटकों की सुविधा के लिए रिसेप्शन बनाया जाए'

**कोटा,** (निसं)। जिला स्तरीय पर्यटन विकास समिति की बैठक जिला कलक्टर डॉ. रविंद्र गोस्वामी की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। जिसमें कलक्टर डॉ. गोस्वामी ने किशोरपुरा सीसीएफ ऑफिस से कराई जा रही चम्बल नदी में बोटिंग सफारी को चम्बल गार्डन बोटिंग से कराने के लिए पर्यटन और वन विभाग को निर्देश दिए। उन्होंने वन विभाग द्वारा चम्बल नदी में बोटिंग किराया दर का सूचना पट्ट किशोरपुरा सीसीएफ ऑफिस एवं चम्बल गार्डन पर स्पष्ट दरों में लगाने के निर्देश दिए।

जिला कलेक्टर ने कोटा के होटल मालिकों से कहां कि वे पर्यटकों के लिए मुकंदरा हिल्स टाईगर रिजर्व सफारी के लिए जिप्सी लगाकर रूट तैयार करें एवं उसका प्रचार प्रसार भी करें ताकि पर्यटक सफारी का लाभ ले सकें। उन्होंने कहा यह सुनिश्चित किया जाए की रणथंभौर से उदयपुर या उज्जैन जाने वाले पर्यटक कोटा में रुककर पर्यटन स्थलों का भी लाभ लें।

उन्होंने कहा कि पर्यटन एवं वन विभाग आपसी समन्वय कर एक ऐसा रिसेप्शन काउंटर तैयार करें जहां एक ही छत के नीचे सभी पर्यटकों को मिलने वाली सुविधा, कोटा एवं निकटतम पर्यटन स्थलों की सूची, वाहनों की सुविधा, सफारी, ठहरने के लिए होटल की जानकारी, सफारी बुकिंग आदि की जानकारी मिल सके। जिला कलक्टर ने हाड़ौती टूरिज्म डेवलपमेंट सोसाइटी के अध्यक्ष रविंद्र सिंह तोमर को कहा कि 16-17 अगस्त को विभिन्न ट्रैवल एजेंट्स का टूर चम्बल रिवर फ्रंट पर आयोजित किया जाए जिससे पर्यटन को बढ़ावा मिले। उन्होंने कहा कि कोटा व्यापार संघ एवं एचटीडीसी आपसी समन्वय कर इस आयोजन से कोटा में पर्यटन को और सुदृढ़ बनाएं।

उन्होंने कहा पर्यटन विभाग एवं केडीए बैठक कर पंजीकृत पर्यटक गाईड कार्ड होल्डर की सूची मिलान कर चंबल रिवर फ्रंट तथा ऑक्सीजोन पार्क मे नि:शुल्क प्रवेश की कार्रवाई करें।

- **जिला स्तरीय पर्यटन विकास समिति की बैठक आयोजित हुई**

डॉ. गोस्वामी ने कहा चंबल रिवर फ्रंट, ऑक्सीजोन पार्क में फिल्म, डाक्यूमेंट्री वेब सीरीज, राजस्थानी फिल्म की फिल्म शूटिंग के लिए दरें निर्धारण करने की औपचारिकता को जल्दी पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि दशहरा मेले के दौरान नवाचारों के तहत देश के प्रतिष्ठित ट्रेवल एजेंट्स, ब्लॉगर्स, ट्रेवल फोटोग्राफर, ट्रेवल राइटर्स को आमंत्रित किया जाए व कोटा के पर्यटक स्थलों एवं पर्यटन की संभावना का राष्ट्रीय व अंतराष्ट्रीय स्तर पर प्रचार-प्रसार किया जाए। उन्होंने कहा पर्यटन विभाग, नगर निगम के साथ समन्वय कर साप्ताहिक रूप से कोटा के प्रमुख पर्यटन स्थलों की सफाई स्वयं की निगरानी में कराना सुनिश्चित करे। कलेक्टर डॉ. गोस्वामी ने कहा पर्यटन विभाग नियमित रूप से केडीए के साथ संपर्क कर विभिन्न पर्यटन स्थलों पर आने वाले पर्यटकों की संख्या आदि की सूचना प्राप्त करें। उन्होंने नयापुरा बाग के समीप स्थित ऐतिहासिक घोडा तथा चंबल गार्डन के निकट स्थित ऐतिहासिक हाथी एवं घोड़े के सौन्दर्यकरण व उम्मेद क्लब एवं पुराने चिड़ियाघर के मध्य स्थित ऐतिहासिक बैंड स्टेंड का पुनरूद्धार कराने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा पर्यटन विभाग, कोटा में पर्यटन को सुदृण, सरल एवं समृद्ध करने के लिए व्हाट्सएप ग्रुप तैयार करें व सभी प्रमुख भागीदारों को इसका सदस्य बनाएं ताकि उसमें नियमित रूप से पर्यटन से संबंधित कार्यों एवं प्रगति की चर्चा की जा सके। उन्होंने कहा पर्यटन विभाग बैठक में दिए गए निर्देशों की पालना साप्ताहिक रूप से देना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कोटा में केबल कार संबंधी प्रपोजल तैयार किया जाए ताकि कोटा में एक नई पहल से पर्यटन को बढ़ावा मिले। उन्होंने कहा कोटा में पर्यटन को बढ़ाने के लिए आम जनता का सहयोग एवं सहभागिता बढ़ाई जाए ताकि कोटा का पर्यटन विश्व पटल पर अपना स्थान बना सके। बैठक में भीतरिया कुण्ड के जीर्णोद्धार, पर्यटकों की सुविधा के लिए रेल्वे स्टेशन, नया बस स्टेंड पर प्रीपेड टैक्सी बूथ की स्थापना, रॉक पेन्टिग व चट्टानेश्वर जाने वाले पर्यटकों के संबंध में भी विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में डीएफसी अभिमन्यु शरन, पर्यटन विभाग के उप निदेशक विकास पंड्या, सहायक निदेशक संदीप श्रीवास्तव, कन्वीनर इंटेक कोटा चेप्टर निखलेश सेठी, कोटा व्यापार महासंघ के अध्यक्ष अशोक माहेश्वरी सहित विभिन्न विभागों एवं संस्थाओं के अधिकारी व कार्मिक उपस्थित रहे।

## राजस्थान आवासन मण्डल कोटा

**जाहिर आम सूचना**

क्रमांक 2462 दिनांक - 26.6.24

आवास संख्या 3-डी-53 महावीर नगर विस्तार योजना कोटा का आवंटन मंडल द्वारा श्री शिव कुमार पुत्र श्री साधुराम को किया गया था। इस आवास का नियमितिकरण श्रीमती राजरानी पपनेजा पत्नी श्री जगजीत राय पपनेजा के नाम दिनांक 27.03.2000 को किया गया। श्रीमती राजरानी पपनेजा पत्नी श्री जगजीत राय पपनेजा द्वारा इस आवास का पंजीयन दिनांक 31.03.2000 को अपने पक्ष में करवाया जा चुका है। श्रीमती राजरानी पपनेजा की मृत्यु दिनांक 14.08.2007 को हो जाने के कारण उक्त आवास का हस्तान्तरण श्री जगमोहन पपनेजा पुत्र स्व. श्री जगजीत राय पपनेजा, श्री हरश कुमार पपनेजा पुत्र स्व. श्री जगजीत राय पपनेजा, श्री विनोद पपनेजा पुत्र स्व. श्री जगजीत राय पपनेजा, श्रीमती कमलेश कुमारी पुत्री स्व. श्री जगजीत राय पपनेजा, श्री धरम छिब्बर पुत्र स्व. श्री सुरेश कुमार छिब्बर एवं श्रीमती ईशा छिब्बर पुत्री स्व. श्री सुरेश कुमार छिब्बर के नाम दिनांक 30.05.2023 को किया गया। तत्पश्चात श्री जगमोहन पपनेजा पुत्र स्व. श्री जगजीत राय पपनेजा, श्री हरश कुमार पपनेजा पुत्र स्व. श्री जगजीत राय पपनेजा, श्री विनोद पपनेजा पुत्र स्व. श्री जगजीत राय पपनेजा, श्रीमती कमलेश कुमारी पुत्री स्व. श्री जगजीत राय पपनेजा, श्री धरम छिब्बर पुत्र स्व. श्री सुरेश कुमार छिब्बर एवं श्रीमती ईशा छिब्बर पुत्री स्व. श्री सुरेश कुमार छिब्बर द्वारा उक्त आवास से संबंधित समस्त कार्यवाही किए जाने हेतु दिनांक 04.09.2023 को मुख्तारनामा आम आलेखित कर श्री धर्मेन्द्र कुमार गर्ग पुत्र श्री बनवारी लाल को अपना मुख्तार आम नियुक्त किया गया। तत्पश्चात श्री धर्मेन्द्र कुमार गर्ग पुत्र श्री बनवारी लाल द्वारा मुख्तारनामा आम की हैसियत से उक्त आवास का बैचान जरिये विक्रय पत्र आलेखित कर दिनांक 20.10.2023 को श्रीमती रेणु सिसोदिया पत्नी श्री पृथ्वीराज सिंह सिसोदिया को किया गया। श्रीमती रेणु सिसोदिया पत्नी श्री पृथ्वीराज सिंह सिसोदिया द्वारा विक्रय पत्र के आधार पर उक्त आवास के अभिलेख में अपना नाम दर्ज करने हेतु इस कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अत: इस आवास के अभिलेख में श्रीमती रेणु सिसोदिया पत्नी श्री पृथ्वीराज सिंह सिसोदिया का नाम दर्ज करने में किसी भी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर इस कार्यालय को सूचित करें। अन्यथा यह मानते हुये कि इस आवास के अभिलेख में श्रीमती रेणु सिसोदिया पत्नी श्री पृथ्वीराज सिंह सिसोदिया का नाम दर्ज किये जाने में किसी भी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति नहीं है। उक्त आवास के अभिलेख में श्रीमती रेणु सिसोदिया पत्नी श्री पृथ्वीराज सिंह सिसोदिया का नाम दर्ज कर दिया जावेगा।

उप आवासन आयुक्त राजस्थान आवासन मण्डल, कोटा वृत्त कोटा

सार-समाचार

## नालों का निरीक्षण किया



**छबड़ा** (निसं)। मानसून अब राजस्थान में भी दस्तक दे चुका है। एसडीएम ने शुक्रवार को आपदा प्रबंधन की तैयारी के मद्देनजर तहसील स्थित आपदा प्रबंधन कंट्रोल रूम एवं नगर पालिका में आपदा प्रबंधन संसाधनों का जायजा लिया। साथ ही नालों का निरीक्षण कर पालिका प्रशासन को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। एसडीएम रामसिंह गुर्जर ने शुक्रवार को नालों की सफाई करने के कार्य का निरीक्षण किया। जल भराव क्षेत्रों में नालों की उचित तरीक़े से सफाई करने के निर्देश दिए। प्रदीप जनरल स्टोर के सामने स्थित नाला खुला हुआ पाए जाने पर इसे अविलंब ठीक करने के लिए निर्देषित किया। धरनावदा चौराहा स्थित शौचालय का भी निरीक्षण किया गया। इस शौचालय में साफ-सफाई सहित अन्य व्यवस्थाएं ठीक नही पाए जाने पर नाराजगी जाहिर करते हुए ईओ को तीन दिन में शौचालय ठीक व साफ-सफाई कराने के निर्देश दिए।

## 'मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव' का आयोजन आज

**झालावाड़** (निसं)। प्रदेश में विभिन्न विभागों के नवनियुक्त कार्मिकों के लिए शनिवार, 29 जून को प्रातः 11 बजे मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के मुख्य आतिथ्य में ''मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव'' का राज्य स्तरीय कार्यक्रम टैगोर इंटरनेशनल स्कूल के ऑडिटोरियम में आयोजित किया जाएगा। उक्त राज्य स्तरीय कार्यक्रम के साथ प्रदेश के समस्त जिलों में भी जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित होंगे। जिला कलेक्टर अजय सिंह राठौड ने बताया कि झालावाड़ जिले में ''मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव'' का जिला स्तरीय कार्यक्रम ग्रामीण विकास, पंचायतीराज, आपदा प्रबंधन, सहायता एवं नागरिक सुरक्षा विभाग के राज्य मंत्री एवं झालावाड जिले के प्रभारी मंत्री ओटाराम देवासी के मुख्य आतिथ्य में राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के ऑडिटोरियम में प्रातः 11 बजे आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि उक्त कार्यक्रम में प्राथमिक शिक्षा, माध्यमिक शिक्षा, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, वन, गृह एवं पशुपालन विभाग सहित विभिन्न विभागों के नवनियुक्त कार्मिक भाग लेंगे। ''मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव'' के दौरान जिला स्तर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम में शामिल होने वाले कुछ चुने हुए कार्मिकों से मुख्यमंत्री वर्चुअली संवाद करेंगे। कार्यक्रम में भाग लेने वाले सभी कार्मिकों को स्वागत किट प्रदान किये जायेंगे।

## 49 श्रमिकों का स्वास्थ्य जांचा

**कोटा,** (निसं)। निरोगी कोटा स्वस्थ कोटा के तहत जिला कलेक्टर एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.जगदीश कुमार सोनी कोटा के निर्देशानुसार शुक्रवार को चिकित्सा विभाग की और से चौहान स्टोन क्रेशर एंड माइनस चेचट रामगंज मंडी व आसपास के क्षेत्र मे सिलिकोसिस जागरुकता एवं स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया। खान में वह आसपास काम करने वाले-श्रमिकों की निःशुल्क स्वास्थ्य जांच की और परामर्श दिया। मेडिकल टीम कोटा से डॉ.हेमंत शर्मा चेस्ट फिजिशियन एवं, लैब सुपरवाईजर पवन शर्मा एवं चेचट स्टॉफ देवी लाल धाकड़ नर्सिंग ऑफिसर, रेखा सिसोदिया लैब टेक्नीशियन एवं माइनिंग इंजीनियर विशाल कुमार ने सेवाएं दी शिविर में 49 श्रमिकों मे6 की स्पूटम जांच और 6 चेस्ट एक्सरे के लिए रेफर किया गया। वहीं, 24 की शुगर/बीपी की जांच की। कोटा से जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ एसएन मीणा ने बताया कि शिविर में आऐं लोगों को सिलिकोसिस रोग से बचाव के उपाय और बचाव के साधन अपनाने की हिदायत दी। खनन क्षेत्रों में ड्रिलिंग कार्य करते समय व ब्लास्टिंग मशीन से खनन में काम करते समय उड़ती धूल-मिट्टी से बचाव करने, खनन क्षेत्रों के कच्चे रास्तों पर पानी का छिड़काव करने, खनन कार्य के समय डस्ट मास्क का उपयोग करने जैसे उपाय बताए गए। साथ ही टीबी रोग से बचाव- उपचार निक्षय मित्र, एवं , निक्षय संबल योजना, के बारे में भी बताया गया। साथ ही माइनिंग एरिया में वृक्षारोपण भी किया गया।

## युवक की धारदार हथियार से हत्या

**बूंदी** (निसं)। बूंदी जिले के हिण्डोली क्षेत्र के गोठडा मे घर में सो रहे किसान की हत्या की घटना से गांव में सनसनी फैल गई। घटनास्थल पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। सूचना पर दबलाना थानाधिकारी मनोज सिंह सिकरवाल पुलिस जाप्ते के साथ घटनास्थल पर पहुँचे और आवश्यक जानकारी जुटाई। सूचना पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमा शर्मा व पुलिस उप अधीक्षक घनश्याम मीणा भी मौके पर पहुंचे व मामले की जानकारी जुटाई। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमा शर्मा ने बताया कि ने बताया कि किसान गिरधारी लाल माली पुत्र शंकरलाल 65 वर्ष निवासी गोठडा अपने घर में सो रहा था। जहां किसी अज्ञात व्यक्ति ने धारदार हथियार से उसकी हत्या कर दी मृतक किसान के सिर व गले पर धारदार हथियार से गहरी चोट के निशान है।शव को पुलिस कस्टडी में लेकर अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया है। वहीं मौके पर डॉग स्क्वायड व एफएसएल टीम को बुलाया गया है । जिसने मौके पर से साक्ष्य व जानकारी जुटाई है। घटना के वक्त घर में कोई नहीं था मृतक का बेटा परिवार के साथ खेत पर बने मकान में रहता है तथा मृतक की पत्नी अपनी बेटी के गांव गई हुई थी। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करा कर शव परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस हर पहलू को लेकर मामले की जांच कर रही है।

## सांख्यिकी दिवस समारोह आज

**झालावाड़** (निसं)। 18वां सांख्यिकी दिवस का जिला स्तरीय समारोह जिला कलेक्टर अजय सिंह राठौड़ की अध्यक्षता में शनिवार, 29 जून को प्रातः 11.30 बजे मिनी सचिवालय के सभागार में ''यूज ऑफ डाटा फोर डिसिजन मैकिंग'' विषय पर आयोजित किया जाएगा। सांख्यिकी और आर्थिक नियोजन के क्षेत्र में प्रोफेसर (दिवंगत) प्रशांत चंद्र महलनोबिस के किए गए उल्लेखनीय योगदान के सम्मान में भारत सरकार ने उनकी जयंती के अवसर पर प्रत्येक वर्ष 29 जून को ''सांख्यिकी दिवस'' के रूप में नामित किया है जिसे राष्ट्रीय स्तर पर मनाए जाने वाले विशेष दिवसों की श्रेणी में रखा गया है। इस दिवस का उद्देश्य सामाजिक-आर्थिक योजना और नीति निर्धारण में सांख्यिकी की भूमिका और इसके महत्व के बारे में प्रोफेसर महलनोबिस से प्रेरणा लेने के लिए विशेष रूप से युवा पीढ़ी में जन जागरूकता पैदा करना है।

## आई.ओ.ई.एल. में एलन पीएनसीएफ के आरव का उत्कृष्ट प्रदर्शन

**कोटा,** (निसं)। एलन प्री नर्चर एंड कॅरियर फाउंडेशन कोटा के विद्यार्थी आरव डिसूज़ा ने इंटरनेशनल ओलपियाड ऑफ़ इंग्लिश लैंग्वेज (आईओईएल) के तृतीय चरण में योग्यता सिद्ध करते हुए सफलता प्राप्त की है। इस उपलब्धि के साथ ही आरव को लंदन (यूके) में शैक्षिक भ्रमण का अवसर प्राप्त होगा। एलन वाइस प्रेसिडेंट एवं पीएनसीएफ हेड अमित गुप्ता ने बताया कि यह परीक्षा सिल्वरज़ोन फाउंडेशन द्वारा आयोजित करवाई जाती है। परीक्षा तीन चरणों में होती है जिसमें हर एक चरण से शीर्ष स्थान अर्जित करने वाले विद्यार्थी अगले चरण के लिए योग्य घोषित किए जाते हैं। अंतिम एवं तृतीय चरण में शीर्ष दो चयनित विद्यार्थियों में आरव ने स्थान बनाया है। आरव ने द्वितीय चरण में भी रैंक 1 प्राप्त की थी।

## मतदान दिवस को सार्वजनिक अवकाश

**बूंदी** (निसं)। राज्य निर्वाचन आयोग के द्वारा जारी घोषणा के तहत बून्दी जिले की पंचायती राज संस्थाओं में रिक्त हुए पदों की पूर्ति के लिए माह जून 2024 में होने वाले सरपंच पद के उप चुनाव के लिए पंचायत समिति केशोरायपाटन की ग्राम पंचायत हिंगोनिया के संबंधित निर्वाचन क्षेत्र में स्थित सरकारी एवं अद्धसरकारी कार्यालयों में मतदान दिवस 30 जून (रविवार) को सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया है। पुर्नमतदान होने की स्थिति में भी, जहां पुनर्मतदान होगा, उस मतदान क्षेत्र, क्षेत्रों में पुर्नमतदान की तिथि को भी सार्वजनिक अवकाश रहेगा।

# नशे के दलदल में न फंसे, ऐसे दोस्तों को मना करें : डॉ. एम.एल. अग्रवाल

**कोटा,** (निसं)। नशे की बढ़ती प्रवृत्ति पूरे समाज से लेकर विश्व के लिए विकराल एवं घातक होकर अभिशाप बन रही है। समाज में अनेक रूपों में नशे, की सामग्री शराब अफीम गांजा भांग, स्मैक, चरस और सर्वाधिक प्रचलित तंबाकू गुटका का उपभोग दिनों दिन बढ़ता जा रहा है।

अग्रवाल न्यूरो साइकेट्री सेंटर, जवाहर नगर के सभागार में आयोजित एक संगोष्ठी को संबोधित करते हुए वरिष्ठ मनोरोग विशेषज्ञ डॉ.एम एल अग्रवाल ने कहा कि नशे के सौदागर दोस्तों का दबाव बनाकर काम करते हैं। युवा वर्ग को दोस्तों के माध्यम से नशे के जाल में फसाते हैं। फ्री में नशे की पुड़िया उपलब्ध कराते हैं। तीन चार बार पीने एवं आदी होने के बाद उसी स्मैक की पुड़िया के मन माने दाम वसूलते हैं। क्योंकि युवा वर्ग तब तक नशे के दलदल में फंस जाता है और नशा बेचने वालों के हाथों की कठपुतली बन जाता है। युवाओं को सचेत रहकर ऐसे दोस्तों को मजबूती से ना कहना चाहिए। क्योंकि नशे के आदी बनने पर घर के सामान बेचने को उतारू हो जाते हैं और चोरियां करने लगते हैं।



कोटा में नशे को लेकर आयोजित संगोष्ठी को एम.एल.अग्रवाल ने संबोधित किया।

इस अवसर पर संगोष्ठी में उपस्थित जनसमूह को स्मैक विरोधी एवं दुष्परिणामों से जागृत करने वाले पोस्टर वितरित किए गए ताकि जन जागृति हो सकें। डॉ.एमएल अग्रवाल ने कहा कि नशे की प्रवृत्ति का इतिहास बड़ा पुराना है अनेक रूपों में नशा समाज में फैलाया जाता है लेकिन विज्ञान ने जहाँ हमें नई-नई सुविधाएं उपलब्ध कराई है चंद्रयान तक पहुंचाया है वहीं बुराई के रूप में तरह-तरह के नशे नए-नए रूप में प्रचलित करने का काम किया हैं। जब तक कोई नशा कानून की गिरफ्त में आता है तब तक दूसरा नशा प्रचलित हो जाता है।

हाड़ौती को भी नशे में अपने मकड़जाल में ले लिया है यहां की महिलाएं नशे का सेवन नहीं करती थी परंतु लाल दंत मंजन के द्वारा उनको भी इस गिरफ्त में लिया जा रहा है। अनेक रसायनो को नशे में इस्तेमाल कर अत्यधिक धन कमा कर आतंकवाद को फैलाया जाता है, नशा और अपराध का चोली-दामन का साथ है। नशे के सभी प्रकारों की संक्षिप्त जानकारी देते हुए उससे होने वाले शारीरिक मानसिक आर्थिक और सामाजिक नुकसानों के बारे में बताया।

नेशनल मेडिकल कमीशन ने मनोरोग चिकित्सकों को एक माह से अधिक दिमागी बीमारियों हेतु दवाइयां लिखने को पाबंद किया है इससे नशा कंट्रोल होगा या नहीं लेकिन फॉलो अप में आने वाले मरीजों की परेशानी बढ़ गई है। संगोष्ठी के प्रारंभ में डॉ.गिरधर गुप्ता ने बताया कि यह दिवस 1989 से पूरे विश्व में मनाया जा रहा है। डॉ आरसी गुप्ता ने भी संगोष्ठी में अपने विचार व्यक्त किऐं। संगोष्ठी के अंत में सभी आगतुकों का आभार तथा धन्यवाद सुधीन्द्र गौड़ ने किया।

# के.ई.डी.एल. ऑफिस में होलसेल व्यापारियों की समस्या समाधान बैठक हुई

**कोटा,** (निसं)। होलसेल व्यापार महासंघ संभाग अध्यक्ष पंकज बागड़ी की और से बिजली कटौती की लेकर जिला कलेक्टर को शिकायत के बाद जिला कलेक्टर ने कंपनी को व्यापारिक हित में कार्य करने की हिदायत दी एवं शिकायतें शीघ्र समाप्त करने की चेतावनी दी।

पंकज बागड़ी द्वारा शिकायत के बाद जिला कलेक्टर के द्वारा केईडीएल के ऑफिस में एक मीटिंग रखी गई जिसमें पंकज बागड़ी (होलसेल व्यापार महासंघ सम्पूर्ण हाड़ौती संभाग अध्यक्ष) द्वारा होलसेल बाजारों की सभी समस्याएं बिजली कंपनी के अधिकारियों को बताई गई जिस पर बिजली कंपनी के अधिकारियों ने पंकज बागड़ी के साथ बाजारों का स्वयं चलकर निरीक्षण किया समस्याओं को पॉइंट पर जाकर देखा एवं उसके बाद चार दिन का समय पंकज बागड़ी से कंपनी ने मांगा है चार दिन में सभी होलसेल बाजारों की बिजली की जो समस्या कटौती की है उसे समाप्त की जाएगी इसकी व्यवस्था की जिम्मेदारी कंपनी की होगी।

इस अवसर पर पंकज बागड़ी ने बिजली अधिकारियों को बताया कि पिछले साल बरसात के मौसम में कई नागरिक जानवर एवं व्यापारी बिजली के पोल में करंट आने से चिपक कर मर गए थे इस साल ऐसी कोई घटना ना हो इसके लिए सभी बिजली के पोल पर प्लास्टिक से कवर किए जाएंगे जिससे ऐसी घटनाएं न हो इस पर अधिकारियों ने सहमति जताई पंकज बागड़ी ने बताया कि यदि यह कार्य आपके बताएं अनुसार समय पर नहीं हुआ तो व्यापारी इससे बड़ा कदम उठाने को मजबूर होंगे एवं व्यापक स्तर पर सभी होलसेल व्यापारी अपना लाइट का बिल जमा करना बंद करेंगे विरोध स्वरूप सभी बाजारों के मुख्य मार्ग बंद किए जाएंगे और धरना प्रदर्शन किया जाएगा जिसकी समस्त जिम्मेदारी केईडीएल कंपनी की होगी।

इस दौरान कपड़ा बाजार व्यापार संघ के पूर्व सचिव प्रदीप भाटिया, शास्त्री मार्केट व्यापार संघ उपाध्यक्ष चिमन जेसवानी, ठटेरा गली व्यापार संघ सचिव रमेश राय, पुरानी सब्जीमंडी व्यापार संघ अध्यक्ष पवन दुआ, बर्तन बाजार रामपुरा से शंकर, बर्तन बजाज खाना साड़ी मार्केट व्यापार संघ से नीलेश जैन, महावीर जैन, प्रदीप भाटिया, संजय तेरापंथी विजय मार्केट चारखम्बा, रामपुरा शिवदास घाट की गली, शिवाजी बाजार आदि सभी बाजारों के व्यापारी उपस्थित रहे।

## आवेदन आमंत्रित

**कोटा,** (निसं)। अल्पसंख्यक समुदाय के व्यक्तियों को स्वरोजगार से जोड़ने एवं उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए अल्पसंख्यक मामलात विभाग द्वारा आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।

जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी ने बताया कि अल्पसंख्यक समुदाय का जो भी व्यक्ति कारोबारी व शिक्षा ऋण के लिए आवेदन करना चाहते हैं, वह जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी कार्यालय के कमरा नं. 67 से आवेदन प्राप्त कर दस्तावेज संलग्न कर 12 जुलाई तक जमा करवा सकते हैं।

## 'हरियालो म्हारो बारां' महाअभियान के तहत बैठक

**छबड़ा** (निसं)। हरियालो म्हारो बारां महाअभियान के तहत छबड़ा ब्लॉक के निजी और राजकीय विद्यालयों में योजनानुसार विभिन्न गतिविधियों के साथ 28 जुला को जन समुदाय के सहयोग से पौधरोपण किया जाएगा। संदर्भ व्यक्ति शंकरलाल नागर के अनुसार पौधरोपण महाअभियान को सफल बनाने के लिए राजकीय विद्यालय की तरह निजी विद्यालय का भी सहयोग लेने के लिए सीबीईओ ओमप्रकाश गालव की अध्यक्षता में कस्बे के निजी विद्यालयों के संस्था प्रधानों की बैठक का आयोजन उच्च माध्यमिक विद्यालय के परिसर में स्थित अटल टिंकरीब लेब में किया गया। सीबी ओ गालव के अनुसार छबडा में भी निजी और राजकीय विद्यालय के छात्र-छात्राओं और समस्त श्रेणी के कार्मिकों के साथ जन समुदाय के सहयोग से प्रकृति संरक्षण के लिए लक्ष्य अनुरूप 4 जुला को कस्बे और ग्रामीण क्षेत्रों में पीईईओ और स्कूल स्तर पर जनप्रतिनिधियों तथा प्रशासन की अगुवाई में जन-जागरण रैली का आयोजन किया जाएगा। जिसमें निजी और राजकीय स्कूल के बडी कक्षाओ के विद्यार्थी पौधरोपण के प्रेरक वाक्यों की तख्तियों के साथ भाग लेंगे। 6 जुला को प्राथमिक और माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों के लिए पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। 11 जुलाई को विद्यालयों में एक पौधा 'धरती माँ को दान शीर्षक' के साथ नाटक तथा शिक्षक, विद्यार्थी तथा आमजन के बीच संवाद कार्यक्रम आयोजित होगा। 13 जुलाई को पौधों के लिए गड्ढे खोदने व अन्य पूर्व तैयारियों के लिए सामूहिक श्रमदान किया जाएगा। 20 जुलाई को छबड़ा नर्सरी में 'चालो पौधा लेबा' अभियान के तहत पौधे लेकर विद्यालय तक ले जाकर सुरक्षित रखे जाएंगे।

सार-समाचार

## कोटा में चार स्थानों को क्लीन स्ट्रीट फूड हब योजना में पंजीकृत किया

**कोटा,** (निसं)। प्रदेश सरकार द्वारा चलाये जा रहे मिलावट के खिलाफ अभियान के तहत अतिरिक्त मुख्य सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य शुभ्रा सिंह के मार्गदर्शन में आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण इकबाल खान एवं अतिरिक्त आयुक्त पंकज ओझा एवं जिला कलेक्टर डॉ रवींद्र गौस्वामी के निर्देशन में ईट राइट इनिशिएटिव के अंतर्गत क्लीन स्ट्रीट फ़ूड हब अभियान चलाया जा रहा है। सीएमएचओ डॉ.जगदीश सोनी ने बताया कि शुक्रवार को खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने टीक्यू शर्ट एजेंसी की ओर से आए सौरभ सिंह के साथ चौपाटी शॉपिंग सेंटर, कोटा हाउसिंग बोर्ड चौपाटी कुंहाड़ी, नयापुरा बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन ढाबे वाली गली, राम मंदिर के पास आदि स्थानों का प्रीऑडिट निरीक्षण किया। प्री-ऑडिट निरिक्षण के तहत लगभग 20 स्थानों पर निरीक्षण कर खाद्य कारोबारियों को खाद्य पदार्थों के भण्डारण, निर्माण, स्वच्छता के प्रावधानों से अवगत करवाया, उनके यहां खाद्य पदार्थ को तलने वाले तेल की टीपीसी मीटर द्वारा जांच कर तीन बार से अधिक नहीं तलने में उपयोग नही लेने के लिए पांबद किया गया। ताकि शुद्ध खाद्य सामग्री उपभोक्ताओं को मिल सके। शोपिंग सेंटर पर निरिक्षण के दोरान एक सरस बूथ पर अवधि पार 12 पैकेट (250 एमएल प्रत्येक) अवधिपार पाये गये जिन्हें मौके पर नष्ट करवाया गया। दो स्थानों पर तेल जांचने पर टीपीसी वैल्यू ज्यादा आने के कारण लगभग 5 लीटर खाद्य तेल भी नष्ट करवाया। टीम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी संदीप अग्रवाल, चंद्रवीर सिंह जादौन, नितेश गौतम शामिल रहे।

## देवनारायण आवासीय योजना कॉलोनी में पीने के पानी को तरसे पशुपालक

**कोटा,** (निसं)। देवनारायण पशुपालक, एकीकृत आवासीय योजना कॉलोनी के निवासी पीने का पानी को तरस गए हैं। कॉलोनी के नलों में 48 घण्टे से पीने का पानी नही आया है। कॉलोनी के निवासियों से लेकर पशु तक पीने के पानी को तरस गए हैं। कुछ दिन पहले ही देवनारायण पशुपालक, एकीकृत आवासीय योजना अध्यक्ष किरण लांगडी ने कॉलोनी में हो रही कई विकट समस्याओं को लेकर कोटा विकास प्राधिकरण के नाम ज्ञापन दिया था जिसमें पीने के पानी की किल्लत को लेकर प्रशासन को अवगत करवाया था किंतु ज्ञापन पर कार्यवाही तो हुई नही अपितु कॉलोनी वाली पानी की बूंद-बूंद को तरस गए हैं। गुरूवार, शुक्रवार को भी कॉलोनी में 10 टैंकरों द्वारा पानी की आपूर्ति की जा रही गई है जो काफी कम पड़ रही हैं। उन्होंने मांग की है कि कॉलोनी में मांग अनुसार पानी हेतु 50 टैंकरों की व्यवस्था की जाऐं। किरण लांगडी ने बताया कि स्मार्ट सिटी के नाम पर शहर से पशुपालकों को अलग तो कर दिया गया किंतु उनके लिए अव्यवस्थाओं के अंबार खड़े कर दिए गए हैं और लगातार शिकायतों के बावजूद भी सुनवाई करने वाला कोई नहीं हैं। उन्होंने प्रशासन को चेतवानी देते हुए कहा कि अब अगर कॉलोनी की अव्यवस्थाओं को लेकर प्रशासन ने कोई कदम नहीं उठाया तो पशुपालक अपने पशुओं के साथ कोटा शहर की सड़कों पर निकल जाएंगे जिसकी पूरी जिम्मेदारी केडीए प्रशासन की होगी।

# जिला कलेक्टर ने निर्माणाधीन केन्द्रीय विद्यालय का निरीक्षण किया

**बूंदी** (निसं)। जिला कलेक्टर अक्षय गोदारा ने शुक्रवार को गांधीग्राम में निर्माणाधीन केंद्रीय विद्यालय के निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने साइट प्लान के बारे में विस्तार से जानकारी लेकर जरूरी दिशा निर्देश दिए। उन्होंने विद्यालय परिसर में होने वाले पेयजल आपूर्ति, बिजली कनेक्शन, चारदीवारी, गार्डन व दीवारों पर लगाई जाने वाली टाइल्स की जानकारी लेकर जरूरी दिशा निर्देश दिए। उन्होंने इस दौरान बच्चों के खेलने के लिए बनाए जाने वाले प्लेग्राउंड, बास्केटबॉल कोर्ट, स्टाफ क्वार्टर्स सहित बच्चों को मिलने वाली अन्य सुविधाओं के बारे में विस्तार से जानकारी लेकर जरूरी दिशा निर्देश दिए। उन्होंने निर्माणाधीन बिल्डिंग का निरीक्षण कर गुणवत्तापूर्ण कार्य करने के निर्देश दिए साथ ही तय समय सीमा में निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया जाए इसके भी निर्देश दिए।



कलेक्टर अक्षय गोदारा ने गांधीग्राम में निर्माणाधीन केंद्रीय विद्यालय के निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया।

इसके बाद जिला कलेक्टर ने जिला आयुर्वेद चिकित्सालय के लिए प्रस्तावित विश्व स्तरीय पंचकर्म उत्कृष्टता केंद्र के लिए आवंटित भूमि का निरीक्षण कर जानकारी लेकर जरूरी दिशा निर्देश दिए उन्होंने वहां बनने वाले ओपीडी, आईपीडी, राजस्व अर्जन, प्लान लेआउट, कॉटेज निर्माण, बजट स्वीकृत सहित विभिन्न जानकारियां लेकर जरूरी दिशा निर्देश दिए। जिला कलेक्टर ने केरल की तर्ज पर बनने वाले पंचकर्म विशिष्टता केंद्र के विषय में अब तक सरकार को भिजवाये गये प्रस्तावों एवं आयुर्वेद निदेशालय अजमेर द्वारा भेजी गई प्रस्तावित परियोजना के संबंध में विस्तृत जानकारी ली।

इस दौरान सीपीडब्ल्यूडी सहायक अभियंता एल एल मीणा, आयुर्वेद उपनिदेशक डॉ. रमेशचंद जैन, जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. सुनील कुशवाह, आरोग्य समिति के केसी वर्मा सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# डी.एल.सी. दर निर्धारण समिति की बैठक आयोजित

**बूंदी** (निसं)। डीएलसी दर निर्धारण समिति की बैठक शुक्रवार को जिला कलेक्टर अक्षय गोदारा की अध्यक्षता में आयोजित हुई।

बैठक में जिले में भूमि पंजीयन के लिए डीएलसी दरों को तर्कसंगत बनाने पर विस्तारपूर्वक विचार-विमर्श हुआ। बैठक में वर्ष 2019 के बाद जिले में हुए विकास कार्यों यथा एयरपोर्ट, शैक्षिणक संस्थान, नेषनल हाईवे, स्टेट हाईवे के विस्तार, औद्योगिक इकाईयां की स्थापना, नये राजस्व गांव तथा नई कॉलोनियां आदि के दृष्टिगत डीएलसी दरों में बढ्ोतरी और हाईवे पर स्थित भूमि की डीएलसी दरों में 10 से 15 प्रतिषत वृद्धि की दरें प्रस्तावित की गई।

> ■ 'विकास कार्यों को गति तभी मिल सकती है जब राज्य सरकार की समेकित निधि बढ़े'

बैठक में जिला कलेक्टर ने कहा कि विकास कार्यों को गति तभी मिल सकती है जब राज्य सरकार की समेकित निधि बढ़े। इसके लिए भूमि के पंजीयन के लिए डीएलसी दरों का तर्कसंगत होना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि डीएलसी दरें बढने का लाभ यह है कि खातेदार या भू-स्वामी को उसकी भूमि का अच्छा मूल्य मिलता है, जो बाजार मूल्य के अनुपात में भी होता है।

इसके अलावा यदि राज्य सरकार किसी खातेदार या भू-स्वामी की भूमि का अधिग्रहण करती है तो उसे समुचित मुआवजा मिलता है। बैठक में केशोरायपाटन विधायक सीएल प्रेमी ने डीएलसी की दरों के पुनर्निर्धारण को भू स्वामी के हित में बताया। इससे भू स्वामी को उचित मुआवजा भी मिल पाता है।

बैठक में उप महानिरीक्षक पंजीयन एवं मुद्रांक कोटा कमल मीणा ने कहा कि डीएलसी पुनर्निर्धारण होना जरूरी है। इससे किसानों को उनकी जमीन का वाजिब मूल्य मिल पाता है। साथ ही बैंक से भी अच्छा ऋण प्राप्त होता है। उन्होंने कहा कि क्रय-विक्रय में आम व्यक्ति को भी सहूलियत रहती है और राज्य सरकार को भी राजस्व प्राप्त होता है। डीएलसी दरों में बढ्ोतरी इसलिए की जाती है जिससे भूमि के बाजार मूल्य और पंजीयन मूल्य के अंतर को कम किया जा सके। उन्होंने कहा कि डीएलसी दरों के तर्कसंगत निर्धारण से मूल्य में विसंगतियां दूर होती हैं तथा राज्य सरकार को राजस्व हानि भी नहीं होती।

बैठक में नगर परिषद सभापति मधु नुवाल, तालेडा प्रधान राजेश रायपुरिया, केशवरायपाटन प्रधान वीरेन्द्र हाडा, नैनवां प्रधान पदम नागर, अतिरिक्त जिला कलेक्टर घनश्याम शर्मा, उप उंपजीयक बूंदी शिक्षा पवन सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय पल्स पोलियो महाभियान की जागरुकता रैली निकाली

**झालावाड़** (निसं)। राष्ट्रीय पल्स पोलियो महाअभियान 30 जून 2024 रविवार को बच्चों को पोलियो रोधी दो बूंद जिन्दगी की पिलाकर किया जावेगा। आमजन को जागरुक करने के उद्देश्य से जिले के विभिन्न क्षेत्रों में जागरुकता रैली का आयोजन, माईकिंग व प्रचार-प्रसार किया जा रहा है।

इसी क्रम में आज चिकित्सा विभाग झालावाड द्वारा जागरुकता रैली का आयोजन किया गया। रैली को जिला प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मुकेश कुमार नागर, डब्लूएचओ

> ■ 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो रोधी खुराक पिलाई जायेगी

एसएमओ डॉ. राजेश गुप्ता, एएनएम प्रशिक्षण केन्द्र प्राचार्य कमलेश कुमार शर्मा एवं उपस्थित कर्मचारीयों ने हरी झण्डी दिखा कर रवाना किया। रैली मिनी सचिवालय से आरम्भ होकर मामा भानेज चौराहा, मेडिकल कॉलेज, निर्भय सिंह सर्किल, बस स्टेण्ड होते हुए स्वासथ्य भवन पर समाप्त हुई। रैली मेंएएनएम प्रशिक्षण केन्द्र की छात्राऐं एवं शहरी क्षेत्र झालावाड़ की आशाओं ने भाग लिया।




आमजन को जागरुक करने के लिये विभिन्न क्षेत्रों में जागरुकता रैली का आयोजन किया।

जिला आरसीएच अधिकारी डॉ. मुकेश नागर ने बताया की जिले के लगभग 1 लाख 98 हजार 397 बच्चें जो 0 से 5 वर्ष तक के आयु वर्ग के है को पोलियो रोधी खुराक पिलाने का लक्ष्य रखा गया है। इस हेतु जिले में 1067 बूथ, 3100 वेक्सिनेशन टीमें 164 सेक्टर सुपरवाईजर एवं लगभग 13000 पोलियो वाईल का उपयोग किया जावेगा।

राष्ट्रीय पल्स पोलियो महाअभियान हेतु जिला स्तरीय मोनिटरिंग टीम का गठन किया गया हैं जिसमें मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला आरसीएच अधिकारी, उपमुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (प.क.), प्रभारी नोडल अधिकारी डीडीडब्ल्यू, जिला कार्यक्रम प्रबन्धक, जिला आशा समन्वयक एवं शहरी कार्यक्रम प्रबन्धक शहरी क्षेत्र झालावाड हेतु पर्यवेक्षक कार्य करेगे। ब्लॉक पर्यवेक्षक के साथ ही डब्ल्यू.एच.ओ. के मोनिटर भी कार्यक्रम कि मोनिटरिंग करेंगे।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. साजिद खान ने बताया कि जिले में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय पल्स पोलियों कार्यक्रम में 30 जून को ही अधिक से अधिक बूथ कवरेज करने तथा छुटे हुये बच्चों को दूसरे व तीसरे दिन घर-घर जाकर 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियों की खुराक पिलाने के लिये विभाग द्वारा सभी तैयारीया कर ली गई है। चिकित्सा विभाग आमजन से अपील करता है कि वे अपने 0 से 5 वर्ष तक के बच्चें को अपने नजदीकि पोलियो बूथ पर ले जाकर दो बूंद जिन्दगी की अवश्य पिलाये।



टर्न लेती पिच पर मोईन अली से गेंदबाजी नहीं करवाना रणनीतिक चूक थी। भारत ने वास्तव में अच्छा प्रदर्शन किया और उन्होंने हमारी तुलना में परिस्थितियों से बेहतर सामंजस्य बिठाया। - जोस बटलर

इंग्लैंड के कप्तान, सेमीफाइनल में मिली हार पर कहा।

# खेल जगत

आज का खिलाड़ी

## रोहित शर्मा



**रोहित शर्मा** ने बतौर कप्तान भारत के लिए अपने 5000 रन पूरे कर लिए हैं और विराट कोहली, एमएस धोनी, अजरुद्दीन और सौरव गांगुली की एलीट लिस्ट में शामिल हो गए हैं। भारत के लिए बतौर कप्तान रोहित से पहले इन चारों खिलाड़ियों ने 5 हजार या उससे ज्यादा रन बनाने का कमाल किया था। भारत के लिए बतौर कप्तान सबसे ज्यादा रन बाने वाले खिलाड़ी विराट कोहली हैं जिन्होंने 12883 रन बनाए हैं तो एमएस धोनी 11207 रने के सात दूसरे नंबर, अजहरुद्दीन बतौर कप्तान 8095 रन बनाए थे जबकि गांगुली ने 7643 रन कप्तान के रूप में बनाए थे।

**क्या आप जानते हैं ?...** जिम्माब्वे के तातेन्द्र तेबु ने मई 2004 में श्रीलंका के विरुद्ध अपनी टीम की कप्तानी करके सबसे कम उम्र का टैस्ट कप्तान बनने का रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया।

### आज मिलेगा टी-20 वर्ल्ड कप 2024 का चैम्पियन

# बारबाडोस में भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच महाभिड़ंत

### टी-20 में 26 मुकाबलों में भारत ने दक्षिण अफ्रीका को 14 बार हराया

### भारत जीता तो दूसरी बार तथा दक्षिण अफ्रीका जीता तो पहली बार उठायेगा कप




बारबाडोस, 28 जून। बारबाडोस में शनिवार 29 जून को भारत और साउथ अफ्रीका के बीच टी20 वर्ल्ड कप 2024 का फाइनल मुकाबला खेला जाना है। भारतीय समयानुसार ये मुकाबला रात 8 बजे खेला जाना है। वहीं भारतीय टीम रोहित शर्मा की अगुवाई में पिछले 11 सालों का सूखा खत्म कर ट्रॉफी अपने नाम करना चाहेगी। जबकि पहले बार फाइनल में पहुंची साउथ अफ्रीकी टीम भी भारत के खिलाफ खिताब जीत कर इतिहास के पन्नों में अपना नाम दर्ज करना चाहेगी।

टी20 वर्ल्ड कप में किस टीम का पलड़ा भारी है? आंकड़े बताते हैं कि साउथ अफ्रीका के खिलाफ टी20 मैचों में भारतीय टीम का पलड़ा भारी रहा है। भारत और साउथ अफ्रीका की टीमें टी20 फॉर्मेट में 26 बार आमने-सामने हुई है। जिसमें भारत ने साउथ अफ्रीका को 14 बार हराया है, जबकि 1 मैचोंमें हार का सामना करना पड़ा है। भारत और साउथ अफ्रीका की टीमें न्यूट्रल वेन्यू पर 2 बार आमने-सामने हुई है। दोनों बार साउथ अफ्रीकी टीम को हार का सामना करना पड़ा है। इस तरह इन आंकड़ों से साफ हे कि टी20 फॉर्मेट में साउथ अफ्रीका के खिलाप भारतीय टीम का दबदबा रहा है, लेकिन ये देखना मजेदार होगा कि फाइनल में क्या होता है?

टीम इंडिया की संभावित प्लेइंग इलेवन में रोहित शर्मा (कप्तान), विराट कोहली, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), सूर्यकुमार यादव, हार्दिक पंड्या, शिवम दुबे, रविंद्र जडेजा, अक्षर पटेल, जसप्रीत बुमराह, कुलदीप यादव और अर्शदीप सिंह। तथा साउथ अफ्रीका की संभावित प्लेइंग इलेवन में क्विंटन डी कॉक (विकेटकीपर), रीजा हेंड्रिक्स, एडेन मार्कराम (कप्तान), हेनरिक क्लासेन, डेविड मिलर, ट्रिस्टन स्टब्स, मार्को जानसन, केशव महाराज, कैगिसो रबाडा, एनरिक नॉर्टजे और तबरेज शम्सी होंगे।

### मैं टी-20 वर्ल्ड कप जीतना चाहता हूं : द्रविड़

बारबाडोस, 28 जून। भारतीय टीम शनिवार को आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप 2024 फाइनल मैच के लिए बारबाडोस में जब मैदान पर उतरेगी तो कोच के तौर पर इस टीम के साथ राहुल द्रविड़ का ये आखिरी मैच होगा। द्रविड़ का कार्यकाल बीते नवंबर में वनडे वर्ल्ड कप के बाद ही खत्म हो गया था लेकिन टीम प्रबंधन ने टी20 वर्ल्ड कप तक उन्हें इस जिम्मेदारी निभाने का आग्रह किया था। टी20 वर्ल्ड कप के भारतीय प्रसारक ने सोशल मीडिया पर डू इट फॉर द्रविड़ ट्रेंड कर रहा है। वहीं राहुल द्रविड़ ने इस पर कहा कि, इस वैश्विक खिताब को किसी व्यक्ति के लिए नहीं बल्कि टीम के लिए जीतना चाहते हैं। द्रविड़ के लिए वर्ल्ड कप जीतना कोई व्यक्तिगत गौरव का क्षण नहीं होगा ये टीम की उपलब्धी होगी। उनके मुताबिक भारत अगर वर्ल्ड चैंपियन बनता है तो ये टीम के प्रयास और रोहित शर्मा की प्रेरणादयी कप्तानी का परिणाम होगा। द्रविड़ ने अपने विचारों को साफ करते हुए स्टार स्पोर्ट्स से कहा कि मैं बस अच्छा क्रिकेट खेलना चाहता हूं।



# शेफाली का दोहरा व मंधाना के शतक से भारत का पहले दिन का स्कोर 500 के पार

### शेफाली वर्मा ने एनाबेल सदरलैंड का रिकॉर्ड तोड़ा, महिला टेस्ट में सबसे तेज दोहरा शतक लगाने वाली बल्लेबाज बनी




चेन्नई, 28 जून। शेफाली वर्मा (205) के एतिहासिक दोहरे शतक और स्मृति मंधाना (149) की शतकीय पारी के साथ भारत की महिला टीम ने शुक्रवार को एकमात्र टेस्ट मैच के पहले दिन दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ चार विकेट पर 525 रन बनाकर मैच पर अपनी मजबूत पकड़ बना ली है। आज यहां एम ए चिदंबरम स्टेडियम में भारतीय महिला टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। शेफाली वर्मा और स्मृति मंधाना की सलामी जोड़ी ने बेहतरीन बल्लेबाजी का मुजाहिरा करते हुए मैदान के चारों ओर शॉट लगाते हुए पहले विकेट के लिये 292 रनों की रिकार्ड साझेदारी की। 52वें ओवर में डेलमी टकर ने स्मृति मंधाना को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा। स्मृति ने 161 गेंदों 27 चौकों और एक छक्के की मदद से (149) रन बनाये।

मंधाना के बाद बल्लेबाजी करने आयी सतीश शुभा (15) रन बनाकर पवेलियन लौट गई। 75वें ओवर में रन लेने के प्रयास में शेफाली वर्मा दुर्भाग्यपूर्ण तरीके से रनआउट हो गई। उन्होंने 197 गेंदों में 23 चौके और आठ छक्के लगाते हुए (205) रनों की ऐतिहासिक पारी खेली। जेमिमाह रॉड्रिग्स (55) रन बनाकर आउट हुई। दिन का खेल समाप्त होने तक भारत ने 98 ओवर में चार विकेट पर 525 रन बनाकर मैच पर अपनी मजबूत पकड़ बना ली है। दिन का खेल समाप्त होने के समय कप्तान हरमनप्रीत कौर नाबाद (42) और ऋचा घोष नाबाद (43) की पर थी। दक्षिण अफ्रीका की ओर से डेलमी टकर को दो विकेट मिले। नडीन डी क्लर्क ने एक बल्लेबाज को आउट किया।

### ओलंपिक में शामिल होने वाले खिलाड़ियों को राष्ट्रपति ने दी बधाई

नई दिल्ली, 28 जून। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अगले महीने 26 जुलाई से 11 अगस्त तक चलने वाले पेरिस ओलंपिक में भाग लेने वाले भारतीय खिलाड़ियों को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि भारत 2036 के ओलंपिक की मेजबानी की तैयारी कर रहा है। राष्ट्रपति ने संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक में अपने अभिभाषण में कहा कि, मेरी सरकार के प्रभावी प्रयासों का परिणाम है कि भारत के युवा खिलाड़ी वैश्विक मंचों पर रिकॉर्ड संख्या में पदक जीत रहे हैं। पेरिस ओलंपिक के लिए 100 से ज्यादा भारतीय खिलाड़ियों ने क्वालीफाई किया है, जिसमें रिकॉर्ड 21 निशानेबाज भी शामिल हैं। उनका लक्ष्य पिछले टोक्यो ओलंपिक में देश द्वारा हासिल किए गए अब तक के सर्वश्रेष्ठ सात पदकों से आगे बढ़ने का होगा। राष्ट्रपति ने कहा कि, कुछ ही दिन बाद पेरिस ओलंपिक शुरू होने जा रहा है।

### अफगानिस्तान की घरेलू सीरीज की मेजबानी कर सकता है ग्रीनपार्क

कानपुर, 28 जून। लगभग तीन साल बाद ग्रीनपार्क स्टेडियम में एक अंतरराष्ट्रीय टेस्ट मैच मिलने के बाद से ही कानपुर में जुलाई-अगस्त में दो देशों के बीच न्यूट्रल अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट सीरीज आयोजित किये जाने की संभावनाओं को बल मिल गया है।

# कोपा कप : पनामा ने अमेरिका को हराकर ग्रुप-सी में अपनी उम्मीदें कायम रखीं



अमेरिका, 28 जून जोस फजार्डो के देर से किये गए गोल की बदौलत पनामा ने अमेरिका को गुरूवार रात 2-1 से हराकर कोपा-अमेरिका के क्वार्टरफाइनल में पहुंचने की अपनी उम्मीदें कायम रखीं। मर्सिडीज-बेंज स्टेडियम में 18वें मिनट में टूर्नामेंट के मेजबान को 10-पुरुषों तक सीमित कर दिया गया था जब टिमोथी वेह को रॉडरिक मिलर पर एक हिंसक चैलेंज के लिए सीधे लाल कार्ड दिखाया गया था।

शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, इस झटके के बावजूद, संयुक्त राज्य अमेरिका चार मिनट बाद फोलारिन बालोगुन के माध्यम से आगे बढ़ गया, जिन्होंने एंटोनी रॉबिन्सन के साथ तालमेल के बाद बाएं पैर से शॉट लगाकर गेंद को शीर्ष-दाएं कोने में पहुंचा दिया।

राइट-बैक सीज़र ब्लैकमैन ने 18-यार्ड बॉक्स के बाहर से निचले प्रयास से गोलकीपर मैट टर्नर को हराकर लगभग तुरंत ही बराबरी कर ली। पनामा ने गेंद पर लगभग 75 फीसदी कब्जे को नियंत्रित किया और संयुक्त राज्य अमेरिका की तुलना में लगभग तीन गुना अधिक पास पूरे किए, जो पीछे बैठकर अपने विरोधियों पर पलटवार करने से संतुष्ट थे।

हालाँकि, मध्य अमेरिकी टीम के पास अन्य विचार थे, और फजार्डो ने अब्दील अयार्ज़ा के पास के बाद 12 गज की दूरी से गोल करके बढ़त दोगुनी कर दी। मैच में एक और मोड़ तब आया जब पनामा के एडलबर्टो कैरासक्विला ने समय से दो मिनट पहले क्रिश्चियन पुलिसिक को गिरा दिया, एक ऐसा अपराध जिसके कारण ह्यूस्टन डायनेमो के मिडफील्डर को सीधे लाल कार्ड मिला।

लेकिन पनामा ने देर से आए दबाव को झेलते हुए टूर्नामेंट में अपनी पहली जीत हासिल की। थॉमस क्रिस्टियनसेन की टीम अब ग्रुप सी में तीसरे स्थान पर है, उसके अंक उरुग्वे और संयुक्त राज्य अमेरिका के बराबर हैं लेकिन गोल अंतर के कारण तीसरे स्थान पर है।

### त्रिशा जॉली-गायत्री गोपीचंद की जोड़ी यूएस ओपन के क्वार्टरफाइनल में

टेक्सास, 28 जून। त्रिशा जॉली और गायत्री गोपीचंद की भारतीय जोड़ी यूएस ओपन 2024 बैडमिंटन टूर्नामेंट में महिला युगल स्पर्धा के क्वार्टरफाइनल में पहुंच गई। गुरुवार को अमेरिका में टेक्सास के फोर्ट वर्थ कन्वेंशन सेंटर में खेले गये मुकाबले में त्रिशा-गायत्री की भारतीय जोड़ी ने एक गेम से पिछड़ने के बाद विश्व नंबर 83 सीह पेई शान और हंग एन-त्ज़ु को 16-21, 21-11, 21-19 से हराया।

भारतीय जोड़ी को 16 ऑफ राउंड के मुकाबले में अपने विरोधियों को हराने में 54 मिनट लगे। क्वार्टरफाइनल में त्रिशा-गायत्री का मुकाबला रुई हिरोकामी और जापान की युना काटो से होगा। वहीं प्रियांश राजावत भी चीनी ताइपे के हुआंग यू काई को हराकर पुरुष एकल स्पर्धा के क्वार्टरफाइनल में पहुंच गए हैं। प्रियांश ने अपने प्रतिद्वंद्वी को 35 मिनट में 21-18, 21-16 से हराकर अंतिम आठ में प्रवेश किया। क्वार्टरफाइनल में प्रियांशु का मुकाबला चीन के लेई लान शी से होगा। इस बीच, भारत की मालविका बंसोड़ ने दूसरे दौर में चेक गणराज्य की टेरेज़ा स्वाबिकोवा को 15-21, 21-19, 21-14 से हराया।

# रूपल चौधरी को एथलीट बनने के लिए करनी पड़ी थी भूख हड़ताल

### अब पेरिस में दिखायेंगी दमखम



नई दिल्ली, 28 जून। उत्तर प्रदेश के मेरठ से आने वाली रूपल चौधरी ने पेरिस ओलंपिक 2024 के लिए क्वालीफाई कर लिया है। इस युवा एथलीट के लिए यहां तक का सफर तय करना आसान नहीं था। रूपल को एथलेटिक्स को करियर बनाने के लिए पिता के सामने भूख हड़ताल तक करनी पड़ी थी। पश्चिमी यूपी के मेरठ से लगभग 15 किलोमीटर दूर जैनपुर गांव में लड़कियां नहीं दौड़ती हैं।

स्पोर्ट्स स्टार से बातचीत में रूपल के पिता ओमवीर चौधरी ने कहा, 'हमारा एक पारंपरिक गांव है।' ओमवीर गन्ना किसान हैं। रूपल ने साल 2016 में एथलेटिक्स को करियर बनाने का फैसला लिया। रूपल ने नेशनल फेडरेशन कप में प्रिया मोहन जैसी खिलाड़ी को पछाड़कर खूब सुर्खियां बटोरीं। रूपल चौधरी ने कहा, 'मैंने रियो ओलंपिक 2016 में पीवी सिंधु और साक्षी मलिक को पदक जीतते हुए देखा। इसके बाद मैंने भी एथलीट बनने का फैसला लिया। मैं यह नहीं जानती थी कि इसके लिए मुझे क्या करना होगा, लेकिन मैंने ये फैसला लिया।'

मेरठ में एक ही स्टेडियम है। लेकिन ओमवीर बेटी को वहां ले जाने के लिए राजी नहीं थे। बकौल रूपल, ' पहले वह (पिता) मुझे स्टेडियम ले जाने के लिए राजी हो गए। लेकिन बाद में वह कोई ना कोई बहाना करके टालने लगे। उन्हें संभवत: ऐसा लगा कि बाद में मैं अपना फैसला बदल लूंगी।'

## राजधानी

# जे.डी.ए. के तत्कालीन सचिव सहित अन्य के खिलाफ एफ.आई.आर. दर्ज करने के आदेश

■ **अतिरिक्त मुख्य महानगर मजिस्ट्रेट क्रम-2 महानगर, प्रथम ने जेडीए ट्रिब्यूनल के आदेश की अनदेखी व फर्जीवाडा करने से जुड़े मामले में आदेश दिये**

**जयपुर**, (का.सं.)। अतिरिक्त मुख्य महानगर मजिस्ट्रेट क्रम-2 महानगर, प्रथम ने जेडीए ट्रिब्यूनल के आदेश की अनदेखी व फर्जीवाडा करने से जुडे मामले में जेडीए के तत्कालीन सचिव उज्ज्वल राठौड, मुख्य प्रवर्तन अधिकारी रघुवीर सैनी, जोन 9 प्रवर्तन नियंत्रक धर्मसिंह व उप प्रवर्तन नियंत्रक राजेश शर्मा के खिलाफ गांधी नगर पुलिस थाने को एफआईआर दर्ज करने के आदेश दिए हैं। अदालत ने यह आदेश एचएस अडवानी के परिवाद पर दिए।

अदालत ने माना कि प्रथम दृष्टया आरोपियों ने जेडीए अपीलीय अधिकरण के आदेश की अवहेलना कर नए सिरे से दुर्गा कुमारी के अतिक्रमण को वैध घोषित करने के लिए कार्यालय टिप्पणियां तैयार की। इससे परिवादी के अधिकारों पर विपरीत प्रभाव पडने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता।

परिवाद में कहा कि उसे रेलवे मेन्स हाउसिंग को-ऑपरेटिव सोसायटी की आनन्द विहार योजना में भूखंड संख्या-14 का पट्टा 19 जून 1994 को जारी किया था। वहीं उसकी खातेदारी से बाकी रही 2 बीघा 7 बिस्वा जमीन को 0.83 हैक्टेयर बताते हुए दुर्गादेवी ने पट्टा मांगा। जबकि उसे 0.59 हैक्टेयर जमीन का ही पट्टा मिल सकता था, लेकिन दुर्गाकुमारी को गलत तरीके से पट्टा जारी करने का आदेश हो गया। इसके खिलाफ परिवादी ने जेडीए में शिकायत की, लेकिन उसकी शिकायत के बाद भी अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई नहीं की गई।

वहीं जेडीए के अफसरों ने मिलीभगत कर एक फर्जी रिपोर्ट बनाई जिसमें अतिक्रमण नहीं होना बताया। इसके खिलाफ परिवाद दायर कर जेडीए के तत्कालीन अफसरों के खिलाफ मामला दर्ज करने का आग्रह किया। जिस पर सुनवाई करते हुए अदालत ने संबंधित अधिकारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के आदेश दिए हैं।

# 72 घंटे पहले नोटिस दिए बिना होटल बिल्डिंग पर नहीं करें कार्रवाई : हाईकोर्ट

**जयपुर**। राजस्थान हाईकोर्ट ने आदेश दिए हैं कि दिल्ली रोड पर स्थित कान्हा होटल पर कार्रवाई से 72 घंटे पहले नोटिस दिए बिना उसकी बिल्डिंग पर कोई कार्रवाई नहीं करे। जस्टिस अशोक जैन की अवकाशकालीन एकलपीठ ने यह आदेश कान्हा होटल्स की ओर से दायर याचिका में पेश प्रार्थना पत्र पर सुनवाई करते हुए दिए। अदालत ने कहा कि इस मामले में नियमित कोर्ट की ओर से विस्तृत सुनवाई की जरूरत है। ऐसे में यह उचित नहीं है कि अवकाशकालीन कोर्ट प्रकरण के किसी पहलू पर विचार करे। अदालत ने कहा कि समाचार पत्र मे प्रकाशित समाचार के आधार पर होटल की बिल्डिंग को तोडने की आशंका मात्र पर यह प्रार्थना पत्र दायर किया गया है।

केन्द्र सरकार की ओर से अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल आरडी रस्तोगी ने अदालत को बताया कि याचिकाकर्ता ने वर्ष 2018 से वर्ष 2022 तक कूकस के पास पांच सितारा होटल का निर्माण कर उसे ताज होटल्स को लीज पर दे दिया। याचिकाकर्ता ने जेडीए से वर्ष 2011 में नक्शे पास कराए थे, लेकिन तय अवधि में निर्माण आरंभ नहीं किया गया। होटल नाहरगढ वन्य जीव अभ्यारण्य से सिर्फ 95 मीटर दूर है। जबकि इससे एक किमी में इस तरह की गतिविधि नहीं हो सकती। ऐसे निर्माण के लिए पर्यावरण स्वीकृति लेनी होती है, लेकिन याचिकाकर्ता ने स्वीकृति नहीं ली। याचिकाकर्ता ने गत वर्ष राष्ट्रीय वन्य जीव बोर्ड के स्वीकृति लेने के लिए प्रार्थना पत्र पेश किया। जिसे बोर्ड ने गत 22 फरवरी को खारिज कर दिया। इसके बाद गत दिनों ईको सेन्सेटिव जोन की मॉनिटरिंग कमेटी ने इसे तोडने के लिए जेडीए को लिखा। एएसजी ने कहा कि याचिकाकर्ता ने ऐसा आदेश पेश नहीं, जिससे साबित हो की जेडीए होटल तोडने जा रहा है और जेडीए का पक्षकार भी नहीं बनाया गया है। दोनों पक्षों को सुनने के बाद अदालत ने होटल पर कार्रवाई से 72 घंटे पूर्व नोटिस देने को कहा है।

# उपमुख्यमंत्री से वार्ता के बाद परिवहन निरीक्षक संघ की हड़ताल समाप्त



**उपमुख्यमंत्री व परिवहन एवं सड़क सुरक्षा मंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा से शुक्रवार को परिवहन निरीक्षक संघ ने मुलाक़ात की।**

**जयपुर**। उपमुख्यमंत्री व परिवहन एवं सड़क सुरक्षा मंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा से शुक्रवार को मुलाक़ात के बाद परिवहन निरीक्षक संघ की हड़ताल ख़त्म हुई। जिसके बाद सोमवार से परिवहन निरीक्षक काम पर लौट सकेंगे।

डॉ बैरवा ने अपने निवास पर परिवहन निरीक्षक संघ के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर वार्ता की जिसके परिणामस्वरूप निरीक्षक संघ ने हड़ताल ख़त्म करने का निर्णय लिया। उपमुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि राज्य सरकार प्रदेश के हर एक कर्मचारी के हितों के प्रति संवेदनशील है। उन्होंने कहा कि विभाग के समस्त अधिकारी कर्मचारी उच्च मनोबल के साथ प्रदेश हित में कार्य करें। उन्होंने परिवहन निरीक्षक के साथ मारपीट मामले में सक्षम स्तर पर वार्ता कर दोषियों के ख़िलाफ़ कड़ी कार्यवाही का आश्वासन दिया ताकि भविष्य में इस तरह के कृत्यों की पुनरावृत्ति को रोका जा सकें।

उपमुख्यमंत्री ने संगठन के पदाधिकारियों से विभाग में निरीक्षकों की उच्च पदों पर पदौनिति के अवसरों की माँग पर भी सकारात्मक चर्चा की। उपमुख्यमंत्री ने सभी माँगो पर उचित कार्यवाही करने का आश्वासन दिया। परिवहन निरीक्षक संघ ने उपमुख्यमंत्री की इस पहल और उनके सकारात्मक रूख के प्रति विश्वास व्यक्त करते हुए उनका आभार जताया। इस मौके पर राजस्थान परिवहन संघ के अध्यक्ष राजेश चौधरी, महासचिव अनिल बसवाल सहित संगठन के पदाधिकारी मौजूद रहे।

## मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव में जयपुर के 1276 अभ्यर्थी लेंगे भाग

**जयपुर**। मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव के तहत 29 जून को जयपुर के मानसरोवर स्थित टैगोर इंटरनेशनल स्कूल में राज्य स्तरीय समारोह का आयोजन होगा। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा नवनियुक्त कार्मिकों से संवाद करेंगे। जिला कलक्टर प्रकाश राजपुरोहित ने राज्य स्तरीय मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव के सफल आयोजन के लिए अतिरिक्त जिला कलक्टर (प्रथम) सुरेश कुमार नवल को प्रभारी अधिकारी एवं अतिरिक्त जिला कलक्टर (उत्तर) अल्का विश्नोई को सह प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया है। साथ ही जिला कलक्टर ने आवश्यक व्यवस्थाएं एवं इंतजाम सुनिश्चित करने के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपी है।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय समारोह में जयपुर एवं जयपुर ग्रामीण के 1500 से ज्यादा नवनियुक्त कार्मिक शिरकत करेंगे। उन्होंने बताया कि जयपुर जिले में नियुक्ति पाने वाले 1276 एवं जयपुर ग्रामीण जिले में नियुक्ति प्राप्त करने वाले 230 सहित दोनों जिलों के 1506 नवनियुक्त कार्मिक राज्य स्तरीय समारोह के साक्षी बनेंगे।

## पंचम के सुरों में डूबा मन

**जयपुर**। शहर में आयोजित एक विशेष संगीत संध्या ने सभी का मन मोह लिया।

इस कार्यक्रम का आयोजन प्रमुख शौकिया कलाकारों धीरज झमरिया और किशोर सराओगी ने किया, जो पेशेवर रूप से निर्माण और वास्तुकला व्यवसाय में संलग्न हैं।

## विधानसभा सत्र को लेकर कंट्रोल रूम की स्थापना

**जयपुर**। सोहलवीं राजस्थान विधानसभा के द्वितीय सत्र की बैठक 3 जुलाई से प्रारम्भ होने जा रही है।

सत्र के दौरान प्राप्त होने वाले तारांकित एवं अतारांकित सहित अन्य प्रस्तावों के जवाब सही समय पर भिजवाने के लिए कलक्ट्रेट में कंट्रोल रूम की स्थापना की गई है।

जिला कलक्टर प्रकाश राजपुरोहित ने बताया कि कंट्रोल रूम कार्यदिवस के अतिरिक्त राजकीय अवकाश के दिनों में भी सुबह 8 बजे से रात 10 बजे तक दो पारियो में संचालित किया जाएगा।

अतिरिक्त जिला कलक्टर (पूर्व) नियंत्रण कक्ष के प्रभारी अधिकारी तथा संस्थापन अधिकारी विनोद शर्मा सह प्रभारी होंगे।

नियंत्रण के मोबाइल नंबर-9785273342 है। नियंत्रण कक्ष के संचालन के लिए 12 अधिकारियों और कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। नियंत्रण कक्ष को प्राप्त होने वाले विधानसभा प्रश्न अथवा ध्यानाकर्षण, विशेष उल्लेख प्रस्ताव रजिस्टर में दर्जकर तत्काल संबंधित शाखा में प्रेषित किया जाएगा।

संबंधित शाखा प्रभारी द्वारा तत्काल जवाब प्रेषित कर नियंत्रण कक्ष प्रभारी को अवगत कराया जाएगा।

## येदियुरप्पा के खिलाफ नाबालिग से रेप मामले में चार्जशीट दाखिल हुई

बैंगलुरु, 28 जून। कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री बीएस येदियुरप्पा पर नाबालिग लड़की के यौन उत्पीड़न के आरोप लगे हैं। मामले की जांच कर रही सी.आई.डी. ने आरोपपत्र में कहा कि भाजपा नेता और 3 अन्य आरोपियों ने पीड़िता और उसकी मां को चुप रहने के लिए पैसे दिए थे।

- चार्जशीट में नाबालिग से जबरदस्ती करने व पैसों का लालच देकर पीड़िता को चुप रहने एवं डराने धमकाने के आरोप लगाये गये हैं।

81 वर्षीय येदियुरप्पा पर यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम की धारा 8 (यौन उत्पीड़न के लिए सजा), भारतीय दंड संहिता की धारा (यौन उत्पीड़न), 204 (साक्ष्य के रूप में दस्तावेज या इलेक्ट्रॉनिक रिकॉर्ड को नष्ट करने) और 214 (अपराधी की जांच के बदले में उपहार की पेशकश) के तहत आरोप लगाए गए हैं।

# दिल्ली एन.सी.आर. मानसून पूर्व बारिश में जलमग्न हुआ

### भारी बारिश के कारण इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के टर्मिनल-1 पर पार्किंग की छत गिरने से 6 लोग घायल हुये

- सूत्रों के अनुसार टर्मिनल की छत गिरने से वहां खड़ी टैक्सियां व कारें इसकी चपेट में आ गईं तथा उनमें बैठे छः लोग घायल हो गये। राहत एवं बचाव कार्य चल रहा है।
- नागरिक उड्डयन मंत्री के. राममोहन नायडू ने कहा कि, वे खुद हालात पर निगरानी रखे हुये हैं।
- दिल्ली एन.सी.आर. में गुरुवार को प्री मानसून बारिश शुरु हुई, रात भर बारिश होने से दिल्ली के अधिकांश इलाकों में पानी भर गया।

नई दिल्ली, 28 जून (वार्ता)। दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में गुरुवार देर रात से हो रही बारिश के कारण इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा के टर्मिनल-1 की छत गिर गई, जिसकी चपेट में कई टैक्सियां और कारें आ गईं और इनमें बैठे छह लोग घायल हो गए।

प्राप्त जानकारी के अनुसार यह घटना शुक्रवार को तड़के पांच बजे घटित हुयी। राहत एवं बचाव कार्य जारी है। दमकल सेवा के अधिकारियों ने बताया कि टर्मिनल-1 की छत की शीट के अलावा सपोर्ट बीम भी ढह गया है। इससे टर्मिनल के पिक-अप और ड्रॉप एरिया में खड़ी कारों को नुकसान पहुंचा। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हवाई अड्डा पर दमकल की तीन गाड़ियां मौजूद हैं।

नागरिक उड्डयन मंत्री के. राम मोहन नायडू ने घटना पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए एक्स पर लिखा, "मैं निजी तौर पर हालात पर नजर रख रहा हूं। सभी एयरलाइंस को टर्मिनल-1 पर प्रभावित यात्रियों की सहायता करने की सलाह दी गई है। घटनास्थल पर राहत एवं बचाव टीमें काम कर रही हैं। बचाव अभियान अभी भी जारी है।"

दिल्ली-एनसीआर में गुरुवार को मानसून पूर्व की पहली बारिश हुई। लगातार हो रही बारिश के कारण रातभर में दिल्ली-एनसीआर के कई इलाकों में जलजमाव हो गया, जिसके कारण लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। राष्ट्रीय राजधानी में कुछ जगहों पर तीन से चार फीट तक पानी भर गया है। दिल्ली में मिंटो रोड पर भारी जलजमाव के बीच एक गाड़ी पूरी तरह डूब गई है। इसके अलावा के शांति पथ सहित विभिन्न इलाकों में सड़कों पर भारी जलभराव हो गया है।

मानसून ने गुरुवार (27 जून) को उत्तर भारत के तीन राज्यों और दो केंद्र शासित प्रदेशों में दस्तक दी। मानसून ने गुरुवार को उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, लद्दाख और पंजाब के कुछ हिस्सों को कवर कर लिया। गौरतलब है कि दक्षिण-पश्चिमी मानसून 11 जून से ही पश्चिम बंगाल, बिहार और झारखंड में रुका हुआ था।

दिल्ली, हरियाणा और चंडीगढ़ में मानसून 27 से 30 जून तक एंट्री ले सकता है।

मानसून तीन जुलाई तक दिल्ली को पूरी तरह कवर कर लेगा। मौसम विभाग के अनुसार पांच से आठ जुलाई तक हरियाणा, पंजाब, चंडीगढ़ और राजस्थान पूरी तरह कवर हो जाएंगे।

# 'खड़गे के आचरण ने संसदीय मर्यादा को दाग लगा दिया है'

### राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने कहा, मैं पीड़ित हूं और दुखी हूं कि नेता प्रतिपक्ष खुद वैल में आ गए, आज तक कभी ऐसा नहीं हुआ

- सदन की कार्यवाही के दौरान सभापति धनखड़ ने सदन में चल रहे हंगामे के दौरान बेहद नाराज़ लहजे में कहा कि, ''आप तो एक प्रकार से नाच रहे हैं, क्या ऐसा होना चाहिए?''

नई दिल्ली, 28 जून। राज्यसभा में विपक्षी सदस्यों द्वारा नीट-यूजी परीक्षा के पेपर लीक मामले में सरकार को घेरते हुए हंगामा किए जाने के बीच सभापति जगदीप धनखड़ ने शुक्रवार को कहा कि नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे स्वयं आसन के समक्ष आ गए जो पहले कभी नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि संसदीय इतिहास में आज का दिन दागी हो गया है। मैं पीड़ित हूं और दुखी हूं कि नेता प्रतिपक्ष खुद वेल में आ गए। आज तक कभी ऐसा नहीं हुआ।

सभापति ने यह टिप्पणी उस समय की जब विपक्ष के सदस्य राष्ट्रपति अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव को लेकर हो रही चर्चा के दौरान लगातार हंगामा कर रहे थे। राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-स्नातक (नीट-यूजी) से जुड़ी कथित अनियमितताओं, राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) की 'नाकामी' और पेपर लीक से जुड़े मुद्दों पर विपक्षी सदस्य आज सुबह सदन की कार्यवाही शुरू होने के बाद से ही चर्चा कराने की मांग पर हंगामा कर रहे थे।

हंगामे के कारण सदन की कार्यवाही आरंभ होने के करीब आधे घंटे के भीतर दोपहर 12 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई। इसके बाद बैठक दोबारा शुरू होने पर भाजपा के सुधांशु त्रिवेदी ने राष्ट्रपति अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा पर अपनी बात को आगे बढ़ाया।

त्रिवेदी के भाषण के बीच ही सदन के नेता जे पी नड्डा ने चर्चा में व्यवधान को लेकर विपक्षी सदस्यों पर निशाना साधा।

नड्डा की बात खत्म होते ही सभापति धनखड़ ने कहा, 'आज का दिन भारतीय संसद के इतिहास में इतना दागी हो गया है कि प्रतिपक्ष के नेता स्वयं आसन के समक्ष आए हैं।' उन्होंने कहा, 'ऐसा कभी नहीं हुआ है। मैं पीड़ित हूं। मैं अचंभित हूं। भारतीय संसदीय परंपरा इतनी गिर जाएगी कि प्रतिपक्ष के नेता आसन के समक्ष आएंगे, उप नेता (विपक्ष के) आसन के समक्ष आएंगे।' इसके बाद उन्होंने सदन की बैठक दोपहर दो बजे तक के लिए स्थगित कर दी।

इससे पहले सदन के नेता नड्डा ने राष्ट्रपति अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव को लेकर हो रही चर्चा में विपक्ष द्वारा उत्पन्न किए जा रहे व्यवधान की ओर संकेत करते हुए कहा कि बृहस्पतिवार को सदन की कार्य मंत्रणा समिति की बैठक में यह तय हुआ था कि राष्ट्रपति अभिभाषण के धन्यवाद ज्ञापन पर चर्चा के लिए 21 घंटे आवंटित किए जाएं। उन्होंने बताया कि इस बैठक में कांग्रेस के उप नेता और तृणमूल कांग्रेस के नेता शामिल थे।

उन्होंने कहा कि यह अपने आप में रिकार्ड है क्योंकि इससे पहले इस चर्चा के लिए कभी 21 घंटे आवंटित नहीं किए गए। उन्होंने कहा कि बैठक में सहमति होने के बावजूद आज सबेरे कार्यस्थगन का प्रस्ताव लाया गया। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष ने कहा कि ऐसा नहीं है कि पहले नीट का मुद्दा नहीं था। उन्होंने कहा कि नीट का मुद्दा कार्य मंत्रणा समिति में उठाया जा सकता था किंतु उनकी (विपक्षी नेताओं की) मंशा नहीं थी, उनकी मंशा सदन को बाधित करने की थी।

नड्डा ने आरोप लगाया कि कांग्रेस इस बात को लेकर प्रतिबद्ध थी कि उसे चर्चा में भाग नहीं लेना है। उन्होंने कहा, 'वे पहले ही तय कर चुके थे, वे पहले से ही कृत संकल्पित थे इसलिए (चर्चा में भाग लेने वाले) वक्ताओं की सूची में किसी कांग्रेस नेता का नाम नहीं है। यह दर्शाता है कि वे चर्चा को लेकर गंभीर नहीं हैं।' उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति अभिभाषण के धन्यवाद प्रस्ताव को लेकर होने वाली 21 घंटे की चर्चा के दौरान विपक्ष के पास इस बात का पूरा अवसर है कि वे नीट के मुद्दे को उठाकर अपनी पूरी बात रखें।

उन्होंने कहा कि सरकार उनका जवाब देने के लिए प्रतिबद्ध है और जवाब दिया भी जाएगा।

हंगामे के दौरान आसन के समक्ष आकर नारेबाजी कर रहे विपक्षी सदस्यों में से एक की ओर इशारा करते सभापति ने कहा, 'आप तो एक प्रकार से नाच रहे हैं। क्या ऐसा होना चाहिए?' उन्होंने तृणमूल कांग्रेस सदस्य एवं पत्रकार सागरिका घोष का नाम लेते हुए कहा, 'आप हर सप्ताह स्तंभ लिखती हैं, क्या आप जीवन भर यही चाहती थीं।'

# शंघाई कॉरपोरेशन ऑर्गनाइजेशन की बैठक में शामिल नहीं होंगे प्र.मंत्री मोदी

### कज़ाकस्तान में होने वाली इस बैठक में शामिल होने विदेश मंत्री एस. जयशंकर जायेंगे

- एस.सी.ओ. में भारत, चीन, रूस, पाकिस्तान, कजाकस्तान, किर्गिस्तान, ताजीकिस्तान और उज्बेकिस्तान सदस्य हैं।

नई दिल्ली, 28 जून। कजाकिस्तान की राजधानी अस्ताना में अगले सप्ताह होने वाले शंघाई सहयोग संगठन (एस.सी.ओ.) के शिखर सम्मेलन में शामिल होने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नहीं जाएंगे। अब भारत का प्रतिनिधित्व विदेश मंत्री एस. जयशंकर करेंगे। विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। एससीओ शिखर सम्मेलन तीन और चार जुलाई को होगा और इस दौरान क्षेत्रीय सुरक्षा हालात और संपर्क एवं व्यापार को बढ़ावा देने के तरीकों पर मुख्य रूप से चर्चा होने की उम्मीद है।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने शुक्रवार को साप्ताहिक प्रेस वार्ता में कहा, "एससीओ शिखर सम्मेलन में भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व विदेश मंत्री एस. जयशंकर करेंगे।" शिखर सम्मेलन में अफगानिस्तान में हालात, यूक्रेन में जारी युद्ध और एससीओ सदस्य देशों के बीच समग्र सुरक्षा सहयोग को बढ़ावा देने पर चर्चा होने की उम्मीद है।

एससीओ में भारत, चीन, रूस, पाकिस्तान, कजाकिस्तान, किर्गिस्तान, ताजीकिस्तान और उज्बेकिस्तान सदस्य हैं। यह एक प्रभावशाली आर्थिक और सुरक्षा समूह है, जो सबसे बड़े अंतरक्षेत्रीय अंतरराष्ट्रीय संगठनों में से एक के तौर पर उभरा है। एससीओ शिखर सम्मेलन में आमतौर पर भारत की ओर से प्रधानमंत्री हिस्सा लेते हैं।

एससीओ शिखर सम्मेलन के मेजबान देश कजाखिस्तान के राष्ट्रपति कासिम जोमार्त तोकायेव ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को टेलीफोन करके एससीओ शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए अस्ताना आमंत्रित किया था। उन्होंने दुनिया में सबसे बड़ी लोकतांत्रिक प्रक्रिया के सफल संचालन और ऐतिहासिक तौर पर तीसरी बार लगातार प्रधानमंत्री निर्वाचित होने पर मोदी को बधाई भी दी थी।

## 'पशु ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

रिटायरमैंट उम्र साठ साल से बढ़ाकर 62 साल की गई है तो फिर पशु चिकित्सकों को साठ साल की उम्र में ही क्यों रिटायर किया जा रहा है।

याचिका में बताया गया कि राज्य सरकार ने एम.बी.बी.एस. डॉक्टर्स की रिटायरमैंट आयु 60 साल से बढ़ाकर 62 साल कर दी है, लेकिन पशु चिकित्सकों की रिटायरमैंट आयु को नहीं बढ़ाया गया है और उन्हें 60 साल में ही रिटायर किया जा रहा है। जबकि केन्द्र व राज्य सरकार ने पशु चिकित्सकों को भी अपनी सेवाओं में हर तरह से समान रखा गया है। ऐसे में पशु चिकित्सकों की रिटायरमेंट आयु नहीं बढ़ाना गलत है।

## बारिश का पानी ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

को निकालने की कोई जगह नहीं बची है।" थरूर ने मजाकिया तरीके से ट्वीट में आगे कहा, "मैंने अपने संसद के साथियों को बताया कि मैं नाव के बिना वहां नहीं पहुंच पाऊंगा। लेकिन शहर में सड़कों से पानी निकालने में कामयाबी हासिल कर ली गई और मैं समय पर संसद पहुंच गया!"

दिल्ली में शुक्रवार की सुबह भारी बारिश के बीच कई इलाकों में जलभराव हो गया, इस दौरान शहर के मुख्य इलाकों में बाढ़ जैसी स्थिति पैदा होने के साथ यातायात बाधित हो गया। शहर के विभिन्न स्थानों से आ रहीं तस्वीरों के अनुसार कई इलाको में जल भराव से लंबा जाम लग गया है। इस दौरान विशेषकर कार्यालय समेत अपने कार्यस्थल जाने वाले लोगों समेत अन्य यात्रियों को अधिक परेशानियों का सामना करना पड़ा।

नई दिल्ली रेलवे स्टेशन में जलमग्न सड़कों पर यात्रियों को अपने बच्चों को लेकर घुटनों तक पानी से होकर गुजरना पड़ा। कुछ इलाकों में मेट्रो स्टेशनों में भी पानी भर गया, जिससे लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। पुलिस के अनुसार जलभराव के कारण अणुव्रत मार्ग पर लाल बत्ती के दोनों ओर 100 मीटर और लाडो सराय लाल बत्ती से दोनों तरफ यातायात प्रभावित है। रिंग रोड पर धौला कुआं फ्लाईओवर के नीचे नारायणा से मोती बाग की ओर दोनों दिशाओं पर यातायात धीमा है। आजाद मार्केट अंडरपास में वीर बंदा बैरागी मार्ग पर यातायात प्रभावित है।

## टैलिकॉम ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

पोर्टफोलियो को बदल दिया गया है।

जियो ने अपने प्लान्स की कीमतों में 27 परसेंट तक की बढ़ोतरी की है। इस मौके पर जियो के चेयरमैन, आकाश अंबानी ने कहा, नए प्लान्स की शुरुआत इंडस्ट्री इनोवेशन को आगे बढ़ाने और 5 जी और ए.आई. टैक्नोलॉजी में निवेश के जरिए विकास को आगे बढ़ाने की दिशा में एक कदम है।

जियो ने अपनी प्रेस रिलीज में कहा, अनलिमिटेड 5जी सर्विस 2 जीबी और उससे ऊपर वाले सभी प्लान्स में मिलेगी। नए प्लान्स की कीमत 3 जुलाई 2024 से लागू होगी। इन्हें सभी टचपॉइंट और चैनल्स से एक्सेस किया जा सकेगा। जियो के साथ ही एयरटेल ने भी अपने रिचार्ज प्लान्स की कीमतों में इजाफा कर दिया है। कंपनी का कहना है कि भारत में एक बेहतर टेलीकॉम बिजनेस चलाने के लिए कंपनी का 300 ए.आर.पी.यू. रुपये से ऊपर होना चाहिए। यानी एवरेज रेवेन्यू पर यूजर, कंज्यूमर्स से होने वाली औसत कमाई है।

एयरटेल का कहना है कि, उन्होंने प्लान्स की कीमतों में बढ़तोतरी को कम से कम रखने की कोशिश की है. एंट्री लेवल प्लान्स की कीमतों में 70 पैसे प्रतिदिन से भी कम दर पर इजाफा किया गया है।

## अंततोगत्वा 5 महीने बाद...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

वरिष्ठ वकील अरुणाभ चौधरी ने मीडिया से कहा कि "कोर्ट ने माना है कि वे प्रथम दृष्टया इस अपराध में दोषी नहीं है और ऐसी भी कोई संभावना नहीं है कि याचिकाकर्ता जब जमानत पर होगा तो कोई अपराध करेगा।"

प्रवर्तन निदेशालय (ई.डी.) ने झारखंड मुक्ति मोर्चा (जे.एम.एम.) के कार्यकारी अध्यक्ष सोरेन को 31 जनवरी को मनी लॉन्डरिंग केस से जुड़ी जाँच के दौरान उन्हें गिरफ्तार किया था। गिरफ्तार के बाद से 48 वर्षीय राजनीतिज्ञ रांची की बिरसा मुण्डा जेल में बंद थे।

कोर्ट में शुक्रवार को सुनवाई के दौरान प्रवर्तन निदेशालय (ई.डी.) का प्रतिनिधित्व कर रहे एस.वी. राजू ने यह कहते हुए सोरेन की जमानत याचिका पर आपत्ति प्रकट की थी कि सोरेन एक प्रभावशाली व्यक्ति है और वो पहले भी प्रदेश की सरकारी मशीनरी का प्रयोग करके स्वयं को बचाने की कोशिश कर चुके है। "यदि जमानत दी गई तो वे सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग करके चल रही जाँच में बाधा उत्पन्न करने का प्रयास करेंगे।"

राजू ने अपनी दलील में कहा कि सोरेन की योजना झारखंड के बारगैन स्थान पर एक बैंक्वेट हॉल बनाने की थी और उनके भवन निर्माण वास्तुकार मित्र विनोद सिंह ने उनको मोबाइल के माध्यम से उसका नक्शा भेजना था। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि सर्वे के दौरान, सिंह ने बारगैन की उस भूमि को भी पहचाना था और अपने बयान में सिंह ने स्वीकार किया था कि उन्होंने मुख्यमंत्री के कार्यालय से निर्देश मिलने पर जमीन का विवरण उपलब्ध कराया था।

सुप्रीम कोर्ट के वकील कपिल सिब्बल एवं मिनाक्षी अरोड़ा ने भी सोरेन के केस की पैरवी की थी कहा कि मनी लॉन्डरिंग का कोई केस नहीं था बल्कि यह एक "राजनीतिक प्रतिशोध" था। यह केन्द्र सरकार के द्वारा ई.डी. का दुरुपयोग करते हुए एक दुर्भावनापूर्ण कार्यवाही है।"

झारखंड में विधानसभा के चुनाव इस वर्ष नवम्बर-दिसम्बर माह में हो सकते हैं और जे.एम.एम. चुनावी मैदान में इंडिया गठबंधन के एक सहयोगी दल के रूप में उतरेगी। सोरेन, जिन्हें जनता "पीड़ित" के तौर पर देख रही है, इससे जे.एम.एम. को "सहानुभूति" का लाभ मिलेगा।

## एकलपट्टा ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

एकल पट्टों से जुड़े प्रकरणों की निष्पक्ष जांच कर राज्य सरकार को रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी।

# विधानसभा चुनाव में स्टालिन का ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

सभी ने मुख्यमंत्री बनकर स्वयं को एक सफल प्रशासक एवं राजनेता सिद्ध किया। तमिलनाडू के पांच मुख्यमंत्रियों की फिल्म जगत से सम्बद्धता रही है और विजय भी अपना भाग्य आजमाने की कोशिश कर रहे हैं।

विजय, पिछले वर्ष के फरवरी माह में पहले ही "तमिलागा वेट्टरि कषगम" (टी.वी.के.) नामक एक राजनीतिक पार्टी का गठन कर चुके हैं और चेन्नई में आयोजित छात्रों के एक सार्वजनिक अभिनन्दन कार्यक्रम में उन्होंने अपनी पार्टी के अध्यक्ष के रूप में द्रमुक सरकार पर प्रहार करते हुए कहा कि "हमें अच्छे नेताओं की जरूरत है। नेताओं से मेरा तात्पर्य राजनीतिक नेताओं से नहीं है, बल्कि ऐसे व्यक्तियों से हैं जिनमें नेतृत्व के गुण हों।"

वास्तव में, उन्होंने यह कहा कि "ना केवल राजनीति बल्कि हर क्षेत्र में अच्छे नेताओं की जरूरत है, लेकिन फिल्मों के क्रेज़ी इस राज्य के लोग उनके इस बयान की व्याख्या चुनावी राजनीति में कूदने के एक अगले कदम के रूप में कर रहे है।"

उनकी एंट्री तमिलनाडू की राजनीति में निश्चित रूप से भूचाल लाएगी क्योंकि वे युवाओं में बेहद लोकप्रिय हैं और जाति एवं पंथ से परे उनको एक अच्छी-खासी फैन फॉलोइंग है। युवाओं को उनके परामर्श कि वे राजनीति की एक करियर बनाने पर विचार करें, का उनके फैंस व सपोर्टर्स स्वागत कर रहे हैं।

उन्होंने छात्रों से कहा कि वे उन्हें प्राप्त होने वाली किसी भी जानकारी के प्रत्येक पहलू को क्रॉस चैक करें। उन्होंने छात्रों को सोशल मीडिया चैनल्स और मुख्यधारा के मीडिया को लेकर भी सतर्क किया। उन्होंने छात्रों से कहा कि वे हर चीज़ देखें, किन्तु उचित सावधानी और तथ्यान्वेषण से यह विश्लेषण जरूर करें कि क्या सही है और क्या गलत। उन्होंने जनता की राय को आकार देने में सही जानकारी के महत्व पर विशेष बल दिया। उन्होंने कहा कि "तथ्यों और खबरों की जाँच से ही जनता यह समझ पाएगी कि देश वास्तव में किन मुद्दों से जुझ रहा है।"

अभिनय से राजनीति के क्षेत्र में कदम रखने जा रहे विजय ने तमिलनाडू की वर्तमान स्थिति का जिक्र करते हुए कहा कि राज्य की बढ़ती चिन्ता का विषय युवाओं में नशे की लत है।

विजय ने इस संबंध में किसी को भी संशय में नहीं रखा कि वे अब स्टालिन और उनके पुत्र उदयनिधि का मुकाबला करेंगे। उन्होंने कहा कि "वर्तमान में तमिलनाडू के युवा नशीले पदार्थों का सेवन करने लगे हैं और मैं भी एक राजनेता एवं अभिभावक के रूप में इससे भयभीत हूं। हम कह सकते हैं कि नशीले पदार्थों को नियंत्रित करना सरकार की जिम्मेदारी है, युवाओं का संरक्षण सरकार की जिम्मेदारी है, लेकिन वर्तमान सरकार ऐसा करने में विफल रही है।"

## दो राजनैतिक...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

जाता है, उनकी सत्ता में बने रहने की रणनीति काफी सशक्त है। जब पिछली बार जे.डी.यू. की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक थी तब लल्लन सिंह को पार्टी के अध्यक्ष पद से हटा दिया गया था उसका प्रभार कुमार ने स्वयं ले लिया था।

उसके कुछ समय बाद ही कुमार ने इसी वर्ष जनवरी में एन.डी.ए. में पुनः शामिल होने की घोषणा की थी। यह संभव है और संभावना भी है कि कुमार कल होने वाली राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में कोई बड़ा राजनीतिक बयान दे सकते हैं।






सलेक्टिव मीडिया, कोटा के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस पलायथा हाऊस, छत्रपति शिवाजी रोड, कोटा से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-राजेश शर्मा आर.एन.आई. नं. 28446/75, जयपुर कार्यालय: सुधर्मा एम.आई.रोड, जयपुर। फोन: 2372634, 4103333-34, फैक्स : 0141-2373513, बीकानेर कार्यालय : कुम्भाना हाऊस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन: 2200660, फैक्स 0151-2527371, उदयपुर कार्यालय: आयड मैन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, फैक्स : 0294-2410146, अजमेर कार्यालय: राष्ट्रदूत भवन, चुंगी नाका के पास, अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन226422,226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय : एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन : 256906, 256907, फैक्स: 01562-256908